
CMYK
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 15°C
बरेली, शुक्रवार 7 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 343 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


अर्थव्यवस्था में बढ़ती असमानता चिंता का विषय: अखिलेश यादव पेज 2



भारत की ऑस्ट्रेलिया पर टी-20 में दूसरी सबसे बड़ी जीत खेल टाइम्स


जागरूकता से ही जीती जा सकती है कैंसर की लड़ाई सम्पादकीय


पीओके में पाक सरकार के खिलाफ जेन-जी का प्रदर्शन पेज 12

## 16 में 15 मंत्रियों की सीट पर 2020 से अधिक मतदान

# बिहार में 25 साल बाद बंपर वोटिंग

पटना, वार्ता





- करीब 64.46 प्रतिशत मतदान, सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32 व शेखपुरा में सबसे कम 52.36 % वोटिंग दर्ज की गई
- तेजस्वी यादव उनके भाई तेज प्रताप यादव और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत 16 मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में लॉक

**बिहार विधानसभा** चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। चुनाव आयोग के मुताबिक करीब 64.46 फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 64.46 फीसदी वोटिंग हुई है। पिछले 25 वर्षों में पहली बार मतदान का यह आंकड़ा 60 प्रतिशत के पार गया है। 2020 में 56.09 वोटिंग हुई थी। पिछली बार से इस बार 7.50 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है।

बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32 फीसदी और शेखपुरा में सबसे कम 52.36 फीसदी वोटिंग हुई। वहीं राजधानी पटना में 55.02 फीसदी मतदान हुआ। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74 प्रतिशत, सहरसा में 62.65 प्रतिशत, दरभंगा में 58.38 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर में 65.23 प्रतिशत, गोपालगंज में 64.96 प्रतिशत, सीवान में 57.41 प्रतिशत, सारण में 60.90 प्रतिशत, वैशाली में 59.45 प्रतिशत, समस्तीपुर में 66.65 प्रतिशत, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32 प्रतिशत, खगड़िया में 60.65 प्रतिशत, मुंगेर में 54.90 प्रतिशत, लखीसराय में 62.76 प्रतिशत, शेखपुरा में न्यूनतम 52.36 प्रतिशत, नालंदा में 57.58 प्रतिशत, पटना में 55.02 प्रतिशत, भोजपुर में 53.24 प्रतिशत और बक्सर में 55.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बिहार चुनाव के इस पहले चरण के संपन्न होने के साथ ही तेजस्वी यादव उनके भाई तेज प्रताप यादव और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत बिहार के 16 मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में लाक हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि 16 में 15 मंत्रियों की सीट पर 2020 से अधिक मतदान हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 16 मंत्रियों की सीटों पर भी मतदान हुआ है। इसमें 15 सीटें ऐसी है, -शेष पृष्ठ दो पर

# सट्टेबाजी केस में रैना और धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच

शाह टाइम्स ब्यूरो



- ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया
- सट्टेबाजी की कमाई प्रॉपर्टी-इन्वेस्टमेंट में लगाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच की। जांच एजेंसी के मुताबिक, दोनों खिलाड़ियों ने ऑनलाइन बेटिंग एप 1एक्सबेट के प्रमोशन से हुई कमाई का इस्तेमाल निवेश और संपत्ति खरीद में किया था।

यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई। सोर्स के अनुसार, रैना का 6.64 करोड़ रुपये का म्यूचुअल फंड निवेश और धवन की 4.5 करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच किया गया है। ईडी ऑफिशियल सोर्स ने बताया था कि इस संपत्ति को प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। सितम्बर महीने में ईडी ने 1एक्सबेट एप मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन, अभिनेता सोनू सूद, अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती (पूर्व टीएमसी सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली एक्टर) से पूछताछ की थी। कुछ ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर्स से भी सवाल किए गए थे। ज्ञात रहे कि 23 सितम्बर को युवराज सिंह दिल्ली ईडी ऑफिस पहुंच थे। यहां अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर

## जम्मू-कश्मीर में नार्को-टेरर फंडिंग केस में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में पूर्व मंत्री बाबू सिंह के ठिकानों सहित कई जगहों पर नार्को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में छह और जम्मू में दो ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले मार्च 2022 में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। मोहम्मद शरीफ शाह नाम के एक व्यक्ति को कश्मीर से जम्मू में जतिंदर सिंह उर्फ बाबू सिंह नामक व्यक्ति को 6.9 लाख रुपये हवाले के जरिये भेजते हुए पकड़ा गया था। इस इस रकम का इस्तेमाल टेरर फंडिंग के रूप में किया जाना था। एजेंसियों को सैफ दीन, फारूक अहमद नाइकू, मुबाशिर मुश्ताक फाफू से जुड़ा एक ग्रुप मिला, जो पाकिस्तान स्थित गुर्गे आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के लिए एक नार्को-टेरर मॉड्यूल चला रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने जताया बिहार में अभूतपूर्व बहुमत मिलने का विश्वास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य में अभूतपूर्व बहुमत हासिल करेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि बिहार में लोकतंत्र के महापर्व में जन-जन का अद्भुत उत्साह बता रहा है कि विधानसभा चुनावों में राजग को अभूतपूर्व बहुमत मिलने जा रहा है। विदित हो कि राज्य की 243 विधानसभा सीटों में से लगभग सीटों के लिए मतदान हुआ है।

### अब्दुल्ला आजम के खिलाफ प्राथमिकी खारिज करने से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को सपा नेता आज़म खां के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म खां पर फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट लेने के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने इलाहाबादहाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि जब मामले का ट्रायल लगभग पूरा हो चुका है, तो इस स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। बेंच ने कहा कि हम दखल देने के इच्छुक नहीं हैं।

### वायु प्रदूषण रोकने की मांग को सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका ल्यूक क्रिस्टोफर काउंटिन्हो ने दायर की है। वे पीएम नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के वेलनेस चैंपियन यानी दूत रहे हैं। क्रिस्टोफर का कहना है कि देश में वायु प्रदूषण का स्तर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी के अनुपात में पहुंच गया है। जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।

# छात्र संघ चुनाव: अदिति बनीं नई जेएनयू प्रेसिडेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अध्यक्ष समेत सभी चारों पदों पर यूनाइटेड लेफ्ट का कब्जा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्र संघ के लिए हुए चुनाव में वोटों की गिनती खत्म हो गई है। लेफ्ट यूनाइटेड ने सभी पदों पर जीत दर्ज की है। अदिति मिश्रा ने प्रेसिडेंट पद पर जीत दर्ज की है। वहीं, के. गोपिका ने उपाध्यक्ष का चुनाव जीता। महासचिव पद पर सुनील यादव ने बाजी मारी।

संयुक्त सचिव के पद पर दानिश विजयी रहे। इन सभी पदों पर लेफ्ट यूनाइटेड के उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सेंट्रल पैनल में लेफ्ट महागठबंधन ने क्लीन स्वीप किया है। इसके साथ ही एक रिकॉर्ड बन गया है। जेएनयू छात्रसंघ में पहली बार लड़कियों का कब्जा हो गया है। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में इस बार लेफ्ट छात्रदल गठबंधन बना कर मैदान में थे, जिसके तहत एआईएसए, एसएफआई, डीएसएफ ने महागठबंधन बनाया था। चुनाव में लेफ्ट महागठंधन ने एआईएसए की अदिति मिश्रा को अध्यक्ष पद से मैदान में उतारा था, तो वहीं एसएफआई की गोपिका उपाध्यक्ष, डीएसएफ से सुनील महासचिव और एआईएसए से दानिश अली को संयुक्त सचिव पद से मैदान में उतारा था। इन तीनों ने ही सेंट्रल पैनल पर जीत दर्ज की है। इसके साथ ही जेएनयू छात्रसंघ पर महिलाओं का कब्जा हो गया है। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव कई मायनों में -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल ने जिसकी फोटो दिखाई वह ब्राजीलियन मॉडल सामने आई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाई थी, उसका एक वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई अकाउंट से महिला का वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया गया कि उनका नाम लेरिसा है। वीडियो में महिला पुर्तगाली भाषा में बात करते हुए कहती है कि दोस्तों, मैं आपको एक जोक सुनाती हूं। यह बहुत ही भयानक है! भारत में वोट देने के लिए मेरी तस्वीर का इस्तेमाल हो रहा है। मुझे भारतीय बताकर आपस में लड़ रहे हैं। देखो, क्या पागलपन है! मैं तो कभी भारत भी नहीं गई। राहुल ने कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि हरियाणा में 2024 विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट चोरी हुए। राहुल ने नीली डेनिम जैकेट पहने एक लड़की की फोटो दिखाकर सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल का क्या काम है।

# जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व हिमाचल में बर्फबारी, तापमान माइनस में

शाह टाइम्स ब्यूरो



- गुलमर्ग बना व्हाइट वंडरलैंड, दिल्ली- यूपी समेत सात राज्यों में ठंड बढ़ी, पारा तीन डिग्री तक गिरा

**नई दिल्ली।** हिमालय के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुलमर्ग व्हाइट वंडरलैंड में बदल गया है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम भी बर्फ से ढंक गए हैं।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल और स्पीति और किन्नौर, कुल्लू में ताजा बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में गिरावट हुई है। देशभर से लोग बर्फबारी का नजारा देखने पहुंच रहे हैं। ताबो में पारा माइनस 2.2 डिग्री, कुकुमसेरी में माइनस 1.8 डिग्री और केलांग में 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में नजर आने लगा है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, झारखंड में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में अगले 3 दिन में ठंड जोर पकड़ लेगी। जम्मू-कश्मीर में बारामूला के गुलमर्ग में रोपवे के दोनों ओर देवदार के पेड़ बर्फ से ढक गए हैं। सिक्योरिटी के बीच गुलमर्ग में टूरिस्ट स्कीइंग और विंटर गेम्स का लुत्फ उठा रहे हैं। उत्तर भारत से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के साथ ही राजस्थान में मौसम साफ हो गया।



## संक्षिप्त समाचार

### सुलतानपुर में राहुल गांधी मानहानि मामले की सुनवाई फिर टली

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले की सुनवाई गुरुवार को एक अधिवक्ता के निधन के कारण स्थगित हो गई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि आज एक अधिवक्ता के निधन के कारण कोर्ट में शोकावकाश हो गया, जिसके कारण मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। यह मामला वर्ष 2018 का है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। विजय मिश्रा का आरोप है कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी।

### गोरखपुर इंटरसिटी ट्रेन में धुआं उठने से अफरातफरी

**बाराबंकी।** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में गुरुवार को बारा. बंकी के बुढ़वल रेलवे स्टेशन के पास अचानक धुआं उठने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। राजकीय रेलवे पुलिस के अनुसार आज गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी ट्रेन जब बुढ़वल रेलवे स्टेशन से कुछ पहले स्थित ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी एक बोगी के पहिए के पास से अचानक धुआं उठने लगा। इसे देख यात्रियों ने तुरंत चालक को सूचना दी। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को तत्काल रोक दिया। ट्रेन रुकते ही यात्री सुरक्षा की दृष्टि से नीचे उतर आए।

# अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने दें: योगी

**पश्चिमी चंपारण, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ, तो कीमत चुकनी पड़ेगी। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे योगी ने गुरुवार को कहा कि बिहार बदलकर समृद्धि की तरफ बढ़ा है।

राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में 1990 से 2005 के मध्य 60 से अधिक जातीय नरसंहार व अपहरण की 30 हजार घटनाएं हुईं। उस समय इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे, व्यापारी के साथ ही सड़क, पुल



■ बिहार में राजग प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा में बोले योगी

का भी अपहरण हो जाता था। पेशेवर माफिया व अपराधी इनके शागिर्द बनते थे। यूपी में माफिया को अब बुलडोजर से रौंद दिया गया है। गुरुवार को दूसरी रैली में उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री व बेतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए कमल खिलाने की अपील की। यहां जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया, तो कांग्रेस व राजद गठबंधन पर करारा प्रहार किया और विपक्षी प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पहले चरण की 121 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। नौजवान, किसान, श्रमिक, माताएं, बहनें, युवा सभी राजग को वोट दे रहे हैं। रुझान बता रहा कि 14 नवम्बर को परिणाम आने पर राजग सरकार का नारा फिर बुलंद होगा। उत्तर प्रदेश में इनके पार्टनर सपा व कांग्रेस माफिया को गले लगाकर चलती थी और जनता का शोषण करती थी।

### योगी ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन-पूजन

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने काशी दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को काशी के कोतवाल काल भैरव मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री योगी मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआ बाबा आश्रम भी गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात नवम्बर को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचेंगे। वे बनारस रेलवे स्टेशन से आठ नवम्बर को बनारस से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यहीं से तीन अन्य वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी भी दिखाएंगे। तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचे।

# आप बिहार बदलो, हम यूपी बदल देंगे

**चंपारण, वार्ता**

बिहार में आज गुरुवार को पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा पर वोटिंग के बीच दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज है। पूर्वी चंपारण की मोतिहारी विधानसभा में आज समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एनडीए पर जमकर हमला बोला औ कहा कि ये लोग हवा में एक्सप्रेस वे बनाने जा रहे है।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि हम तो कह रहे हैं बिहार के लोगों से, आप बिहार बदलो, हम यूपी बदल देंगे। सपा मुखिया ने कहा कि आज जब पहले चरण का वोट पड़ रहा है, तो आधा बिहार वोट डालने जा रहा है और आधा बिहार इंतजार



■ सपा प्रमुख ने सीएम योगी पर भी साधा निशाना

कर रहा है कि कब वोट डाला जाएगा। इस बार नौजवान साथी युवा और नौकरी देने वाला मुख्यमंत्री बनने जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि उनके पास बी टीम है, सी टीम है, पी टीम है और हमारे पास वीआईपी है। अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोतिहारी में एकरंगी आने वाले हैं।

### पीड़ित व्यक्ति ही पीडीए है: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के पूर्व सीएम व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देश व प्रदेश वासियों का आह्वान करते हुए सरकार पर जोरदार हमला बोला है। बिहार चुनाव के लिए हो रही वोटिंग के बीच सपा मुखिया अखिलेश यादव देश व प्रदेशवा. सियों का आह्वान करते हुए कहा कि अब तो सत्ताधारियों ने पीडीए की जान भी लेनी शुरू कर दी है। पीडीए की मौत होना जिनके लिए 'छुटपुट घटना' हो, उनके राज में शासन-प्रशासन से कोई उम्मीद करना बेकार है, इसीलिए अगर उत्पीड़न और अत्याचार से बचना है तो सरकार बनाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

# अक्टूबर 2027 तक मिलेगी ईवी की खरीद पर छूट: दयाशंकर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अब प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद पर पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में अक्टूबर 2027 तक शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों के कारण होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 लागू की थी, जिसे 14 अक्टूबर 2022 को अधिसूचित किया गया। इस नीति का लक्ष्य है कि प्रदेश में स्वच्छ, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाए। दयाशंकर सिंह कहा कि हाल ही में उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की



बैठक में इस नीति में संशोधन किया गया है। संशोधन के तहत नीति के चौथे एवं पांचवें वर्ष के लिए यह प्रावधान किया गया है कि प्रदेश में खरीदे और पंजीकृत सभी शुद्ध विद्युत ‍इलेक्ट्रिक वाहनों पर पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 5 नवम्बर 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 के बीच खरीदे गए शुद्ध विद्युत वाहनों को यह छूट प्राप्त होगी। इस अवधि में पंजीकृत दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहन, ई-बस तथा ई-गुड्स कैरियर पर कोई रोड टैक्स अथवा पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का पहला चरण 8 को समाप्त होगा : वेणुगोपाल

# चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ चलेगा अभियान

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि चुनावी प्रक्रिया में जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिकों की विश्वास बहाली के लिए उसका 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का पहला चरण आठ नवम्बर को विशेष कार्यक्रम के साथ समाप्त कर दिया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान 22 अगस्त से शुरु हुआ और इसके तहत सात सितम्बर तक राज्य मुख्यालयों में रैलियां आयोजित की गईं। फिर 15 सितम्बर से जिलों, ब्लॉकों तथा मंडलों में इससे जुड़े कार्यक्रम हुए जिनमें लाखों लोग शामिल हुए और उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी और लोकतंत्र को खत्म करने वाली नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज किया।



■ 22 अगस्त से शुरू हुए इस अभियान में जिलों, ब्लॉकों तथा मंडलों से लाखों लोग शामिल हुए

उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने इसी चरण में चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ नागरिकों को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जिसके तहत अब तक देश भर में पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र किए हैं। वेणुगोपाल ने बताया कि पहले चरण के इस अभियान को लेकर बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से अभियान का पहला चरण शनिवार आठ नवम्बर को समाप्त करने का फैसला किया गया।

अभियान के समापन के बाद एकत्रित हस्ताक्षर कांग्रेस मुख्यालय भेज दिए जाएंगे और अगले चरण में और अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्र करने का अभियान चलाया जाएगा। लाखों नागरिकों की आवाजों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन हस्ताक्षरों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस अभियान के जरिए चुनाव आयोग से मांग की गई है कि वह फोटोयुक्त मशीन-पठनीय मतदाता सूची प्रकाशित करें। हर चुनाव से पहले सभी हटाने और जोड़ने की मतदाताओं की सूचियां तस्वीरों के साथ जारी करें, गलत विलोपन के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करें, मतदाता सूची में बदलाव के लिए एक स्पष्ट कट-ऑफ तारीख की घोषणा करें तथा व्यवस्थित मतदाता दमन में शामिल अधिकारियों और एजेंटों पर मुकदमा चलाएं।

### अर्थव्यवस्था में बढ़ती असमानता चिंता का विषय: सपा सुप्रीमो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती असमानता और आर्थिक विषमता समाज के लिए एक गहरी चिता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब देश के एक प्रतिशत अमीरों की धन-दौलत पिछले कुछ वर्षों में 62 प्रतिशत बढ़ गई है, तो यह समझना कठिन नहीं कि 99 प्रतिशत आम जनता के हिस्से में कितना धन बचा होगा। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बढ़ती आर्थिक खाई ने न केवल आर्थिक भेदभाव को बल्कि सामाजिक भेदभाव को भी और गहरा किया है। उन्होंने कहा कि जब समाज के कुछ वर्गों के पास अपार संपत्ति और संसाधन केंद्रित हो जाते हैं, तो बाकी जनता के लिए अवसर और सम्मान के द्वार सीमित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आय का तार्किक और न्यायपूर्ण वितरण ही सामाजिक समानता का सच्चा मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत तभी आगे बढ़ेगा जब हर नागरिक को बराबरी का अवसर मिलेगा।



सेंसेक्स 83311.01
निफ्टी 25509.70



सोना रु. 120628
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 147445
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में दूसरे दिन भी रही गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह के कारोबार में करीब 387 अंक चढ़ने के बाद अंत में पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 148.14 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को सूचकांक 519 अंक लुढ़का था, जबकि बुधवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बाजार में अवकाश था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी शुरुआती तेजी के बाद 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत लुढ़ककर 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। ये दोनों सूचकांक 15 अक्टूबर के बाद के निचले स्तर पर हैं। आईटी और ऑटो को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर दबाव रहा। धातु, टिकाऊ उपभोक्ता



■ प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

उत्पाद, रियलिटी, वित्त, बैंकिंग, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.69 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.39 प्रतिशत लुढ़क गया। एनएसई में जिन 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,304 के शेयर बढ़त में और 795 के गिरावट में रहे। वहीं 96 अन्य कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 3.15 प्रतिशत, इटरनल में 2.44, बीईएल में 1.64, बजाज फाइनेंस में 1.45, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी दोनों में 1.21, टाटा स्टील में 1.12 और एलएंडटी में 1.03 प्रतिशत की गिरावट रही। टाइटन, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और अडानी पोर्ट्स के शेयर 0.5 से एक प्रतिशत तक लुढ़क गए। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 4.76 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.62 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.02 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.00 प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस का शेयर 0.71 प्रतिशत और मारुति सुजुकी का 0.58 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। विदेशों में एशियाई बाजार हरे निशान में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग 2.12 फीसदी, जापान का निक्केई 1.34 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.97 फीसदी चढ़ गया।

### सोने और चांदी की कीमतों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** गुरुवार के दिन सोने और चांदी की कीमतों ने रफ्तार पकड़ ली है। सुबह 9.35 बजे 10 ग्राम सोने की कीमत 120,628 रुपये है। इसमें 106 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 120,500 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 120,714 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सोने की तरह चांदी में भी आज तेजी देखी ज रही है। सुबह 9.37 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 147,445 रुपये प्रति किलो दर्ज की गई है। चांदी में अभी 124 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 146,658 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 147,640 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। देश के महानगरों पटना में सोने की कीमत 120,700 रुपये रही, तो जयपुर में 120,750 , कानपुर में 120,790, लखनऊ में 120,760, भोपाल में 120,850, इंदौर में 120,850, रायपुर में 120,800 रुपये है। इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का रेट कम हुआ है। वहीं घरेलू बाजार में त्योहारों के बाद से चांदी का भाव कम हुआ है।

# हरित विमान ईंधन के लिए जल्द नीति जारी करेगी सरकार: मंत्री

**नई दिल्ली।** देश के विमानन क्षेत्र में जारी तेज वृद्धि के साथ इससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार जल्द ही हरित विमान ईंधन नीति जारी करेगी। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यहां गुरुवार को उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हरित विमान ईंधन पर नीति निर्माण की दिशा में काफी कार्य हो चुका है और सरकार जल्द ही सभी संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद हरित ईंधन नीति जारी करेगी।

उन्होंने कहा कि भारत इस समय 15 प्रतिशत विमान ईंधन का निर्यात करता है। इसी तरह के अवसर हरित विमान ईंधन में भी भारत के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही



में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने हरित विमान ईंधन का उत्पादन शुरू किया है। मंत्रालय इसका विस्तार सार्वजनिक कंपनियों के अलावा निजी कंपनियों तक करना चाहता है, ताकि हरित विमान ईंधन के आंदोलन को गति मिल सके। नायडू ने उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक देश में 1.5 से 1.6 करोड़ टन विमान ईंधन की मांग रहने की संभावना है जो साल 2040 तक बढ़कर 3.5 से 3.2 करोड़ टन तक हो जाएगी। इसके साथ ही इससे होने वाला कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ेगा। इसलिए जरूरी है कि भारत हरित विमान ईंधन को अपनाने की ओर तेजी से कदम बढ़ाए। कार्यक्रम के दौरान केपीएमजी की एक रिपोर्ट जारी की गई। इसके अलावा एयरबस और गति शक्ति विश्व. विद्यालय ने एक संयुक्त अध्ययन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में नागर विमानन महा. निदेशक फैज अहमद किदवई भी मौजूद थे। भारत और दक्षिण एशिया में एयरबस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक योर्गन वेस्टमायर ने कहा कि भारत के लिए हरित विमान ईंधन न सिर्फ अर्थव्यवस्था को गति देने वाला है, बल्कि इसका सामाजिक.आर्थिक महत्व भी है। एक तरफ इससे कृषि क्षेत्र के लिए अपशिष्ट निपटान की समस्या समाप्त हो जाएगी ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बिहार में...**

जहां पिछले बार के मुकाबले ज्यादा मतदान हुआ है। एक मात्र सीट कुढ़नी ऐसी रही है, जहां 2020 के चुनाव से कम वोट पड़े। इन 15 सीटों पर ज्यादा मतदान को दोनों पक्ष अपने-अपने फायदे में बता रहे हैं। सत्ता पक्ष की ओर से कहा जा रहा है कि जनता सरकार के कामों से खुश हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। इससे पहले, सीएम नीतीश कुमार से लेकर विपक्षी नेता तेजस्वी यादव तक, बिहार की बड़ी हस्तियों ने पटना में अपना मतदान किया। 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। कुल 1314 उम्मीदवारों का भाग्य तय होगा। एनडीए (बीजेपी-जेडीयू) और महागठबंधन (आरजेडी-कांग्रेस-वामपंथी) के बीच कांटे की टक्कर है, जबकि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी तीसरा विकल्प बनकर उभरी है। इस चरण में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव और भाजपा के उम्मीदवार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ-साथ 16 मंत्रियों की किस्मत भी दांव पर है।

**सट्टेबाजी केस...** ने उनसे ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में 7 घंटे पूछताछ की। 24 सितम्बर को ईडी की टीम ने दिल्ली ऑफिस में एक्टर सोनू सूद से लगभग 7 घंटे तक पूछताछ की। पीएमएलए के तहत बयान दर्ज किया गया है। 4 सितम्बर को पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए थे। ईडी ने खिलाड़ी, अभिनेता और इन्फ्लुएंसर्स के बयान मनी लॉन्ड्रिंग कानून (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत दर्ज किए हैं। कई सेलिब्रिटीज ने अपने बैंक अकाउंट और ट्रांजैक्शन की डिटेल्स भी दीं, जिनसे पता चला कि उन्हें एडवर्टाइजमेंट फीस कैसे मिली। कुछ और खिलाड़ियों और एक्टर्स से अभी पूछताछ बाकी है। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला (1 एक्सबेट की इंडिया एंबेसडर) को भी बुलाया गया था, लेकिन वह उस समय विदेश में होने के कारण पेश नहीं हुईं। ईडी के अफसरों के मुताबिक, जब्ती आदेश पीएमएलए के एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी को भेजा जाएगा। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद केस में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के नियमों के अनुसार, अपराध से जुड़ी संपत्तियों को जब्त कर लिया जाता है, ताकि दोषी उनका फायदा न उठा सकें। आदेश जारी होने के बाद इसे पीएमएलए के तहत बनाए गए एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी को भेजा जाएगा और कोर्ट से मंजूरी मिलते ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

**छात्र संघ चुनाव....** इस बार छात्रा केंद्रित रहा। असल में इस बार जेएनयू छात्रसंघ के 4 सेंट्रल पैनलों के पदों के लिए 6 छात्राएं मैदान में थी। अध्यक्ष पद पर लेफ्ट महागठबंधन की अदिति के साथ ही प्रोग्रेसिव स्टूडेंट एसोसिएशन की विजय लक्ष्मी शिंदे मैदान में थीं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर लेफ्ट महागठबंधन की गोपिका के साथ ही एबीवीपी से तान्या मैदान में थीं। इस तरह सचिव पद एनएसयूआई से प्रीति मैदान में थी। वही संयुक्त सचिव पद पर लेफ्ट महागठबंधन से दानिश अली मैदान में थीं। इस तरह सेंट्रल पैनल के 4 पदों के लिए 6 छात्राएं मैदान में थीं।

# एक ही दिन में 22 हजार ने किए अस्थि कलश के दर्शन

**लखनऊ, वार्ता**

सारनाथ स्थित मूलगंध कुटी विहार की 94वीं वर्षगांठ पर बौद्ध अनुयायियों ने भगवान बुद्ध की अस्थि कलश के दर्शन किए। कार्तिक पूर्णिमा पर एक ही दिन में 22 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 3 से 05 नवंबर तक अस्थि कलश को दर्शन के लिए रखा गया। इसके बाद 6 नवंबर को भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इसमें थाइलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और लाओस आदि देशों के श्रद्धालु शामिल हुए।



साल में एक बार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बनारस के सारनाथ में भगवान बुद्ध के अस्थि कलश को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाता है। इस बार अनुयायियों को 3 से 5 नवंबर तक दर्शन लाभ मिला। देश के कोलकाता, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों से काफी संख्य में लोग पहुंचे। यह आयोजन महाबोधि सोसायटी आफ इंडिया, सारनाथ केंद्र और वियतनामी बौद्ध संघ के सहयोग से आयोजित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के बाद गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान बुद्ध की फूलों से सुसज्जित प्रतिमा शामिल की गई। शंख-नाद और वाद्य-ध्वनियों के बीच मूलगंध कुटी विहार से निकली यह शोभायात्रा सारनाथ के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः विहार में पहुंची। यहां इस यात्रा का समापन हो गया। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भगवान बुद्ध के अवशेषों और उससे जुड़े आस्था की यात्रा काफी प्राचीन है। लगभग 2,600 वर्ष पूर्व भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद उनके अवशेषों को श्रद्धापूर्वक 8 भागों में विभाजित कर भारत में अलग-अलग स्तूपों में रखा गया। सम्राट अशोक ने इन पवित्र अवशेषों को पुनः खोजकर अपने विशाल साम्राज्य के विविध स्थलों पर पुनर्स्थापित कराया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मुख्य स्नान के दूसरे दिन भी रही मेले में भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान के बाद यूं तो आधे से ज्यादा श्रद्धाल बुधवार को ही अपने घरों की ओर प्रस्थान कर गए थे, मगर मुख्य स्नान के दूसरे दिन भी गुरूवार को मेले के बाजारों में काफी भीड़ रही। आसपास के गांवो व नगरों से पहुंचे लोगों ने मेले का आनंद लिया, वहीं झूले व तमाशों का लुत्फ भी उठाया, साथ ही गंगा में आस्था की डुबकी भी लगाई।

बता दें कि इस बार 24 अक्तूबर से ही श्रद्धालुओं ने गंगाधाम तिगरी की ओर प्रस्थान करना शुरू कर दिया था। बुधवार को हुए मुख्य स्नान के दिन भी 38 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई थी। लगभग पचास-साठ फीसदी श्रद्धालु तो मुख्य स्नान के बाद ही घरों की ओर प्रस्थान कर गए थे। गुरूवार को स्थानीय व आसपास के गांवो और नगरों के श्रद्धालुओं ने तिगरी गंगा धाम पहुंचकर मेले का

## स्थानीय श्रद्धालुओं ने किया लगाई आस्था की डुबकी

आनंद लिया। मेले के बाजारों में दिन भर भीड़ रही। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के वापस लौटने के बाद तिगरी गंगा की रेती में अब खालीपन दिखाई दिया, वरना मुख्य स्नान की पूर्व संध्या तो दूर दूर तक तंबु ही तंबु दिखाई दे रहे थे। गुरूवार की शाम तक मेला स्थल से लगभग सभी श्रद्धालुओं ने अपने घर की ओर प्रस्थान कर दिया था। छोटे दुकानदार भी शाम होते होते घरों की ओर कूच कर गए थे। अब तो केवल बड़े दुक. ानदार व झूले तमाशे वाले, टैंट व बिजली आदि ठेकेदार ही रह गये हैं, एक दो दिन बाद से ये लोग भी यहां से अपना सामान समेटना शुरू कर देंगे। वहीं गुरूवार को भी श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते पुलिस सतर्क रही। मेला कोतवाली प्रभारी कर्णपाल सिंह ने मेला क्षेत्र में गश्त करके सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। वहीं दूसरे स्थानों से ड्यूटी के लिये आए ज्यादातर पुलिसकर्मियों की रवानगी भी हो गई है। तिगरी मेले में इस बार 4000 पुलिसकर्मियों पर सुरक्षा का जिम्मा था। एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ अंजलि कटारिया, हसनपुर सीओ दीप कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार आदि ने अधीनस्थों को निर्देशित किया।



गजरौला। तिगरी गंगा मेले में दूसरे दिन भी उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।



गजरौला। तिगरी मेले के सकुशल समापन पर हवन में आहूतियां देते अधिकारी।

# मेला सकुशल होने पर पुलिस ने किया गंगा पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तरी भारत का प्रसिद्ध तिगरी गंगा मेला सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस ने हवन-यज्ञ के साथ गंगा पूजन किया। दुग्धाभिषेक करके गंगा मैया को धन्यवाद कहा।

बता दें कि बुधवार को आयोजित मुख्य स्नान के अवसर पर तिगरी गंगा मेले में 38 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। मेले में किसी प्रकार की कोई घटना-दुर्घटना नहीं हुई। सकुशल रूप से मेले का समापन हुआ। गुरूवार को गंगा मैया के प्रति धन्यवाद अर्पित करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से गंगा पूजन का कार्यक्रम किया गया। एसपी अमित कुमार आनंद व एएसपी अखिलेश भदौरिया ने यज्ञशाला में आहूतियां प्रवेश कीं। यज्ञ के उपरांत गंगा मैया का दुग्धाभिषेक करके धन्यवाद व्यक्त किया गया। पंडित गंगाशरण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन कराया। इस दौरान सीओ धनौरा अंजलि कटारिया, सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक गजरौला मनोज कुमार, कोतवाली प्रभारी कर्णपाल सिंह, एसपी के पीआरओ शोकेन्द्र सिंह बालियान समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। पूजन के दौरान गंगा मैया के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

# बाइक की टक्कर से बालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** बाइक की टक्कर से बालक घायल हो गया। जिसका इलाज मुरादाबाद के निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। आरोपी बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा की है। यहां के रहने वाले मनोज कुमार सैनी का चार साल का बेटा कृष्णा घर के बाहर खेल रहा था। तभी गांव का जितिन तेज गति से बाइक लेकर आया। जिसने बालक को टक्कर मार दी। गंभीर अवस्था में कृष्णा को मुरादाबाद के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। जबकि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

# महिला को घूरने में दो भाईयों पर मुकदमा

## शिक्षा विभाग में तैनात है पति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षा विभाग कर्मी की पत्नी को घूरने और फब्तियां कसने के मामले में पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों काफी दिनों से पीड़िता को परेशान कर रहे थे। कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

घटना शहर के एक मोहल्ले की है। यहां पर बेसिक शिक्षा विभाग मे तैनात एक कर्मचारी का परिवार रहता है। उनकी पत्नी का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले सगे भाई विभोर जैन व राहुल जैन काफी दिन से परिवार के लोगों को परेशान कर रहे हैं। विभोर शराब का सेवन करता है। रास्ते में खड़े होकर आते-जाते घूरता रहता है, फब्तियां कसता है। घर की रेकी करते हुए पति और बच्चों के साथ गाली-गलौज करता है। दो दिन पूर्व सुबह में पीड़िता घर के आगे पानी डाल रही थी। आरोप है कि विभोर घूर के देखने लगा, इसके बाद सीटी बजाते हुए वहां से गुजर गया। पीड़िता ने इस बाबत शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में विभोर जैन व राहुल जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपों की जांच की जा रही है। आरोपी सगे भाइयों को जल्दी गिरफ्तार करते हुए चालान किया जाएगा।

# रालोद नगर अध्यक्ष को धमकी देने में तीन पर मुकदमा

## आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रालोद नगराध्यक्ष को व्हाट्सऐप कॉल पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपियों ने उन्हें गाय की तरह काटने की धमकी दी थी। आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश डाल रही है।

शहर के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह निवासी मोहम्मद आलम रालोद संगठन में नगराध्यक्ष हैं। एक नवंबर को उनके मोबाइल पर व्हाट्सऐप कॉल आई थी। कॉल करने वाले शख्स ने उन्हें धमकी दी थी। पहली कॉल में आरोपियों ने गाली-गलौज की थी। जब मोहम्मद आलम ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो कहा कि तू शाम को जहां भी मिलेगा तुझे गोली मार देंगे। इसके बाद दूसरे नंबर से की गई कॉल में उन्हें गाय की तरह काटने की धमकी दी गई थी। कहा था कि जैसे हम गाय को काटते हैं वैसे ही तुझे भी काट देंगे। धमकी के बाद से दहशत में आए मोहम्मद आलम ने शहर कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में मोहल्ला जट बाजार निवासी उसमान, अरमान तथा मोहल्ला बगला निवासी नवाजिश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही। बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्दी गिरफ्तार करते हुए चालान किया जाएगा।

# सभी के सहयोग से मेले का सफल आयोजन: डीएम

## पालिका ने सफाई, प्लास्टिक मुक्त, यातायात में निभाई अहम जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तिगरी मेले के सफल आयोजन में नगर पालिका ने अपनी अहम जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता के कुशल संचालन में इस बार तिगरी मेले में श्रद्धालुओं को पहले से भी बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई गई। मनोरंजन से लेकर अन्य सुविधाएं देकर प्रशासन ने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया।

गंगा धाम तिगरी में कार्तिक पूर्णिम पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, दिल्ली के करीब 35 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। इतनी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को संभालना काफी मुश्किल था। लेकिन जिला प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने अफसरों से दो टूक कह दिया था कि इस बार मेले को यादगार बनाना है। इसके लिये उन्हें चाहे कितनी भी मेहनत करनी पड़े। डीएम निधि गुप्ता वत्स तिगरी मेले में कैम्प कर व्यवस्थाओं का जायजा लेती रही तथा अफसरों को निर्देश देती रहीं। डीएम व मेला प्रभारी एडीएम गरिमा सिंह दिन रात मेले लगी रही तथा इस बार मेले के सफल व शानदार आयोजन में भी उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने



अफसरों के साथ बेहतर संवाद स्थापित किया तथा लगातार मेले में मौजूदगी दर्ज कराई। श्रद्धालुओं के लिये मेले में पहली बार कुम्भ मेले की तर्ज पर टेंट सिटी बनाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं को होटल जैसी सुविधाएं मुहैया कराई गई। इसके अलावा मेले में बनाये गये विशाल

## श्रद्धालुओं ने खूब किया मनोरंजन, टेंट सिटी में होटल जैसी मिली सुविधाएं

मंच को आत्युधिक लेजर लाइट एवं साउंड से सजाया गया था। लोक. प्रिय बालीवुड कलाकार निष्ठा शर्मा, आकांश शर्मा, मशहूर हरिणावी गायक रूचिका जागिंड ने अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं का खूब मनोरंजन किया। अमे. रिका गॉड टैलेंट विजेता व बालीवुड कोरियोग्राफर श्रेय खन्ना अपने माइक जैक्शन स्टाइल में डांस कर श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। मशहूर कामेडियन रजत सूद, राजन श्रीवास्तव ने श्रद्धालुओं को लोटपोट कर दिया। नृत्यजली ग्रुप लखनऊ द्वारा रामल. ीला मंचन, नृत्य प्रस्तुति, कस्तूरी ग्रुप वृंदावन द्वारा कृष्ण नृत्य वाटिक का मंचन देख श्रद्धालु भावविभोर हो गये। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि मेले में नगर पालिका कर्मियों का विशेष योगदान रहा। सफाई, प्लास्टिक पर पाबंदी, यातायात आदि में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।

# परिजनों को खुलेआम धमकी दे रहे हत्यारोपी

## एसपी से मिल गिरफ्तार करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फहीम हत्याकांड में पुलिस फरार तीन हत्यारोपियों भाइयों को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिसे लेकर पीड़ित परिवार में रोष है। मृतक के परिजनों ने खुलेआम घूम रहे हत्यारोपियों पर धमकाने का आरोप लगाया है। एसपी को शिकायती पत्र सौंपते हुए हत्यारो. पियों को जल्दी गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है।

गौरतलब है कि 12 सितंबर की रात शहर के मोहल्ला चकली निवासी बावर्ची फहीम अंसारी की मोहल्ला काजीजादा में इमामबाड़े के पास हत्या कर दी गई थी। पुरानी रंजिश में पड़ोस में रहने वाले जाकिर ने सीने में सूजा घोंप कर मौत के घाट उतारा था। लहूलुहान हालत में परिजन फहीम को लेकर पहले शहर सीएचसी फिर जिला अस्पताल पहुंचे थे। दोनों जगह चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। हत्या के पीछे कारण पड़ोस में रहने वाले जाकिर से पुरानी रंजिश निकला था। मामले में मृतक फहीम के भाई एजाज की तहरीर पर पुलिस ने जाकिर व उसके तीन भाइयों के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। अगले दिन मुख्य आरोपी जाकिर को गिरफ्तार करते हुए हत्याकांड का खुलासा किया था। हालांकि, उसके भाई जाहिद, वाहिद व शाहिद अभी तक फरार हैं। पुलिस तीनों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। गुरुवार को मृतक फहीम की पत्नी शहजादी व परिवार के अन्य लोग पुलिस कार्यालय पहुंचे। एसपी अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र सौंपते हुए फरार हत्यारोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। उनका कहना था कि खुलेआम घूम रहे हत्यारोपी अब धमकियां दिलवा रहे हैं। पैसे लेकर मुकदमे में फैसले का दबाव बनाया जा रहा है। गवाहों का बुरा अंजाम करने की धमकी दी जा रही है। एसपी ने पीड़ित परिवार को जांच कर हत्यारोपियों की जल्दी गिरफ्तारी कराने का आश्वासन दिया है।

# दबंगों ने मिस्त्री का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर के मोहल्ला काशीराम कॉलोनी निवासी सिकंदर पुत्र साजिद संभल अड्डे पर टायर पंचर की दुकान चलाता है। गुरुवार की दोपहर बाद वह खाना खाने के लिए अपने घर गया था। इस दौरान उनके घर पर कुछ मेहमान आए हुए थे। वहीं पड़ोस का रहने वाला एक युवक कमेंट कसने लगा। इस बात को लेकर सिकंदर ने जब विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जबकि एक दबंग युवक ने उसके सिर में ईंट मारकर उसे लहुलुहान दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। लहूलुहान हालत में परिजन उसे लेकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा है। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

## साथी गंभीर रूप से घायल, पम्प से डीजल लेकर लौट रहे थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत हो गई जबकि साथी गंभीर घायल हो गए। दोनों पेट्रोल पंप से डीजल लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। घायल का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

हादसा बुधवार शाम करीब छह बजे थाना क्षेत्र के गांव गफ्फारपुर में हुआ। गांव में किसान देवेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी मुन्नी देवी, बेटी शिवानी, बेटा प्रिंस व निशांत हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। बुधवार शाम देवेंद्र सिंह गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप से ट्रैक्टर में डीजल भरवाने गए थे। उनके साथ में गांव का ही सोनित कुमार भी था। वापस लौटते समय गांव के नजदीक नहर के पास पहुंचे तो सामने से टेंपो आ गया। रास्ता तंग था, ट्रैक्टर चला रहे देवेंद्र ने जैसे ही ट्रैक्टर को थोड़ा नीचे उतारा तो वह अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सोनित गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। बमुश्किल ट्रैक्टर के नीचे दबे देवेंद्र को बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार दोपहर में परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, घायल सोनित का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि इत्तेफाकिया हादसा में रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। किसान देवेंद्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# कोरियर एजेंट का सिर फोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मामूली सी साइड लगने की घटना गुरुवार को हिंसक झड़प में बदल गई। बाइक सवार युवकों ने एक कोरियर एजेंट पर लाठी-डंडों से हमला कर उसका सिर फोड़ डाला। जानकारी के अनुसार, निशांत यादव, निवासी कटरा शिवपुरी, एक कोरियर कंपनी में एजेंट है। गुरुवार सुबह वह डिलीवरी देने के लिए सैरकपुर लौहड्डा गया था। रास्ते में उसकी बाइक हल्के से सामने से आ रहे तीन युवकों की मोटरसाइकिल से टच हो गई। इसी बात पर गुस्साए युवकों ने निशांत को रोक लिया और लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी।

# प्राकृतिक खेती समय की जरूरत: सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 'वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती ही समय की जरूरत है, इसलिए किसानों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए', उक्त उद्गार कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में मुख्य अतिथि डॉ.पीके सिंह ने व्यक्त किए।

सलेमपुर मार्ग स्थित कृषि

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

विज्ञान केन्द्र में गुरूवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के निदेशक प्रसार डॉ.पीके सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने केन्द्र पर संचालित प्रदर्शन एवं ट्रायल की गुणवत्ता में और सुधार करने के निर्देश दिए,



हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अन्य केन्द्रों के अनुरूप केवीके अमरोहा का कार्य संतोषजनक है। कहा कि प्रदर्शन एवं ट्रायल का आयोजन वैज्ञानिक विधि से किया जाये। तकनीकी का हस्तांतरण सरल एवं उनकी मांग के अनुरूप होना चाहिए जिससे किसान उस तकनीक को शीघ्र अपना सके। उन्होंने खेतों में घट रहे जीवांश के स्तर चिंता व्यक्त करते हुए सभी वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील किसानों से फसल चक्र एवं फसल अवशेषों को प्रबंधन का आह्वान करें। सीएनजी प्लांट से निकलने वाली किंण्वित जैविक खाद का उपयोग करके भी अपने खेतों का जीवांश स्तर बढ़ाएं, जिससे उत्पादन में निरंतरता बनी रहेगी तथा गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त होगा। बैठक को संयुक्त निदेशक (शस्य) डॉ.पीके सिंह, उद्यान संयुक्त निदेशकडॉ. एसके त्रिपाठी, सीवीओ अधिकारी डा.आभा दत्ता, उपनिदेशक कृषि डॉ.रामप्रवेश वर्मा, जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार, जिला उद्यान अधिकारी अविनाश श्रीवास्तव, डीडीएम नाबार्ड रजत सहगल ने भी संबोधित किया। कृषि केन्द्र प्रभारी डॉ.एके मिश्र ने आभार व्यक्त कर कार्ययोजना प्रस्तुत की। इस मौके पर केन्द्र के वैज्ञानिक डा.शीशपाल सिंह, डॉ. अमित तोमर, डॉ.सतपाल सिंह, डॉ. प्राची पटेल, गुरबचन सिंह, अनीता देवी, हितेश चौधरी, गीता देवी, धर्मवीर, विजयवीर, डॉ.आरपी सिंह, प्रवीण अग्रवाल, अब्दुल गफ्फार मौजूद रहे। वहीं निदेशक प्रसार डॉ.पीके सिंह ने केन्द्र में बनी कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केंद्र का भी उद्घाटन किया। इसमें केन्द्र वैज्ञानिकों व किसानों द्वारा तकनीकि एवं उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।

# खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खनन विभाग की टीम ने गुरुवार को एक मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। ट्रैक्टर चालक खनन से संबंधित कोई अनुमति या वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका।खनन अधिकारी के.वी. सिंह टीम के साथ क्षेत्र में निरीक्षण पर थे। इसी दौरान डिडौली हाईवे पर सैंतली मार्ग के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिट्टी से लदा हुआ पाया गया। जब खनन अधिकारी ने चालक से मिट्टी खनन की अनुमति पत्र व दस्तावेज मांगे तो वह कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। खनन अधिकारी के.वी. सिंह ने मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर डिडौली कोतवाली पहुंचाया। जहां वाहन को सीज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि अवैध खनन व मिट्टी खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गंगा स्नान को गई किशोरी पानी में समाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** तिगरी गंगा मेले में मंगलवार को स्नान करने गई एक किशोरी गहरे पानी में डूब गई। सूचना पर गोताखोरों व पुलिस की टीम द्वारा किशोरी की तलाश जारी हैद्य लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार, डिडौली थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव निवासी मजदूर भजन सिंह अपनी पत्नी मिथलेश देवी, तीन बेटियों, एक बेटे व स्वजनों के साथ तिगरी गंगा स्नान के लिए गये थे। बताया गया कि स्नान के दौरान उनकी छोटी बेटी सोनम जो कक्षा 12 की छात्रा हैद्य नहाते समय अचानक गहरे पानी में चली गई। परिवारजन चीख-पुकार करने लगेद्य जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।सूचना मिलने पर पुलिस व गोताखोरों ने मौके पर पहुंचकर किशोरी की तलाश शुरू की, जो देर रात तक जारी रही। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चौथे दिन पकड़े 133 बंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** बंदर पकड़ो अभियान के तहत चौथे दिन 133 बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया। बताते चलें कि नगर पंचायत द्वारा इस समय बंदर पकड़ो अभियान चलाया जा रहा है। जो पिछले चार दिन से जारी है। आज मथुरा से आयी टीम ने 133 बंदरों को पिजंरे में कैद किया। यहां से उन्हें ले जाकर जंगल में छोड़ दिया। नगर पंचायत के कार्यालय अधीक्षक विजय प्रक. ाश शर्मा ने कहा कि पिछले काफी समय से लोगों द्वारा शिकायत की जा रही थी कि वह बंदरों के आतंक से परेशान है तथा इन्हें पकड़वाया जाये। उन्होने बताया कि यह अभियान एक सप्ताह तक चलेगा।

# छेड़छाड़ में पांच का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप निरीक्षक प्रेमपाल के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम ने गुरुवार को प्रमुख चौराहों और बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने खासकर नई उम्र के उन लड़कों पर ध्यान केंद्रित किया जो सार्वजनिक स्थानों पर बेवजह घूम रहे थे या संदिग्ध गतिविधियों में शामिल थे। चेकिंग के दौरान टीम ने 5 युवकों के ई-चालान किये। जिनसे कुल 4500 रूपये का जुर्माना वसूला गया। यह चालान अक्सर बिना कारण खड़े रहने फब्तियां कसने या यातायात नियमों के उल्लंघन के तहत किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य लड़कों को टीम ने कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया। टीम ने उन्हें भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने और महिलाओं व युवतियों का सम्मान करने की हिदायत दी। पुलिस का यह अभियान मनचलों पर नकेल कसने और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए मिशन शक्ति के तहत लगातार जारी रहेगा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। इलाज को मुरादाबाद ले जाते रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव ढक्का मोड़ निवासी वसीम अहमद पुत्र अनीस किसी काम से बाइक लेकर नगर आया था। सांय करीब सात बजे तक वह गांव वापस लौट रहा था तो संभल-हसनपुर मार्ग पर तेज गति में पीछे से आये वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस व परिजन भी पहुंच गये। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। लेकिन हालत गंभीर देखकर उसे मुरदाबाद रैफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मुरादाबाद जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। हादसे में बाइक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उधर घटना के बाद आरोपी चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है। जबकि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। घटना से परिजन बेहाल है।

# तिगरी मेले में श्रद्धालुओं के जाने के बाद पसरी गंदगी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले का गुरूवार को समापन हो गया। अब गंगा घाटों के किनारे गंदगी के अंबार लगे हैं। मेला स्थल पर पसरी गंदगी से बदबू उठ रही है। अधिकारियों के मुताबिक तिगरी गंगा धाम में बड़ा सफाई अभियान चलाया जायेगा।

**गंगा तट पर भारी मात्रा में हुई गंदगी**

बता दें कि तिगरी गंगा मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने प्रवास किया था। श्रद्धालुओं को मेले को साफ, सुन्दर बनाने के लिये लगातार जागरूक किया जा रहा था, पर्याप्त मात्रा में शौचालय भी बनवाए गए थे, लेकिन इसके बाबजूद भी मेला क्षेत्र व गंगा तटों पर श्रद्धालुओं द्वारा खूब गंदगी छोड़ी गई। मेले के समापन के बाद अब मां गंगा का आंचल भी मैला नजर आ रहा है। मेला स्थल पर गंदगी के अंबार लगें हैं। गंदगी से बदबू भी उठ रही है। इस बारे में एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि मेला स्थल पर जल्द ही साफ सफाई कराई जाएगी।

**हर बार मेले के समापन पर पनप जाती है गंदगी**

तिगरी गंगा मेले में समापन के बाद गंदगी का ऐसा ही हाल रहता है। हर बार प्रशासन श्रद्धालुओं से मेले व गंगा तट को साफ-स्वच्छ बनाए रखने की अपील करता है मगर फिर भी श्रद्धालु भारी मात्रा में गदंगी छोड़ ही जाते हैं। तिगरी वासियों की भी मांग है कि गंदगी का उचित निस्तारण किया जाए, अन्यथा गदंगी से उठने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

# सर्दी से पशुओं को बचाकर रखें: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा नगर पालिका परिषद के पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी की उपस्थिति में कान्हा गौशाला एवं पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण किया।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने गांव आश्रय स्थल के टीनसेट को चारों तरफ से तिरपाल से ढकने के निर्देश दिये। ताकि ठंड में पशुओं का बचाव हो सके। उन्होंने गौशाला में साफ सफाई के कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में सभी पशुओं पर काऊकोट अवश्य होना चाहिये। जिलाधिकारी ने बीमार पशुओं की जानकारी प्राप्त की जिसमें डॉक्टर द्वारा बताया गया की पांच पशु बीमार है। जिनका इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जो भी पशु बीमार है उनका सही प्रकार इलाज किया जाये। किसी प्रकार की लापरवाही ना हो। जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, भूसा स्टोर, चोकर स्टोर सीसीटीवी कैमरे रूम आदि का निरीक्षण किया। कहा कि किसी भी पशु को भूसा, खल, चोकर, पानी की कमी ना रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। गौशाला में प्रकाश की उचित व्यवस्था हो। उन्होंने गायों को गुड़ खिलाया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंसानियत व मुहब्बत का पैगाम देता है कारवाने खुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शहर की साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था कारवाने खुलूस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुफ्ती मोहम्मद अफ्फान मंसूरपुरी अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कारवाने खुलूस द्वारा कमोबेश रोजाना आयोजित होने वाली नशसत पर अपने विचार व्यक्त किए और कारवाने खुलूस को एकता और साहित्य का केंद्र बताया।

शिया इमाम जुमा मौलाना डा. सैय्यद मोहम्मद सियादत नकवी की अध्यक्षता में मोहल्ला मजापोता में बुधवार रात आयोजित कार्यक्रम में कारवाने खुलूस के अध्यक्ष महबूब हुसैन जैदी ने अतिथियों का स्वागत किया और संस्था की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। महबूब हुसैन जैदी ने कहा कि हम रोज आपसी सद्भाव और एकता के साथ बैठते हैं और अपने साथियों को अपनी जिंदगी के मसाइल सुनाते हैं। यहां एक-दूसरे के विचारों और राय का सम्मान किया जाता है और ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की जाती है जिसमें सभी लोग बिना किसी झिझक के अपने विचार व्यक्त कर सकें। दुआ से पहले मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे इसी तरह जारी रखने की बात कही। कहा कि मजहब इस्लाम भी हमें एकता के साथ जिंदगी जीने की सलाह देता है। उन्होंने हदीस की रोशनी में इसकी अहमियत समझाते हुए कहा कि दूसरों की समस्याओं के समाधान में हाथ बंटाना एक बहुत बड़ा नेक काम है। आखिर में नवाब मुराद अली खान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डा.प्रहलाद सिंह, पंडित भुवन शर्मा, मोअज्जम अली खान, हबीब अहमद सिद्दीकी एडवोकेट, मास्टर असलम उस्मानी वसीम हैदर नकवी, वकार हुसैन खान नाज अख्तर, रजा तहसीन तकवी, हकीम अमीर उद्दीन अल्वी, फिरोज खान मौजूद रहे।

# बुराईयों को छोड़ अल्लाह के बताए रास्ते पर करें अमल

## एसआईआर व उम्मीद पोर्टल को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और वक्फ अधिनियम- 2025, उम्मीद पोर्टल को लेकर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष हजरत मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने जागरुकता पर जोर दिया।

बुधवार रात जामा मस्जिद में आयोजित बैठक में बोलते हुए मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने कहा कि उम्मीद पोर्टलश पर पंजीकरण को लेकर जमीयत ने शुरू से ही आपत्ति जताई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। इसलिए सभी वक्फ मुतवल्लियों, वक्फ संस्थाओं और जिम्मेदार व्यक्तियों से अपील है कि वह अपनी वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण उम्मीद पोर्टल पर समय पर पूरा करें. ताकि किसी भी कानूनी या प्रशासनिक नुकसान से बचा जा सके। इसके साथ ही एसआई ओ को लेकर उन्होंने विशेष सावधानी बरतने और जागरुक रहने की अपील की। युवाओं से कहाकि जागरुकता अभियान की मुहिम को संभाले और एसआईआर सर्वे के दौरान लोगों की मदद करें। इसमें लापरवाही हरगिज न की जाए। वही, मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने रसूल-ए-पाक की सुन्नतों पर अमल करने की हिदायत करते हुए कहा कि मुसलमान बुराइयों को छोड़ कर अल्लाह व रसूल-ए-पाक के बताए रास्ते पर अमल करें। पांचों वक्त की नमाज पाबंदी से खुद भी अदा क रें और घर वालों से भी नमाज अदा करने के लिए कहें। निकाह व वलीमा में आतिशबाजी, नाचगाना व बेफिजूल की रस्में आदि बिल्कुल न करें। तालीम पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। इस मौके पर मास्टर जाकिर हुसैन काजमी, मौलाना मोहम्मद हनीफ, मुफ्ती हमजा अब्बासी, मुफ्ती मुंसिफ, मंसूर अहमद एडवाकेट, हाजी खुर्शीद अनवर, फहीम शानवाज आदि मौजूद रहे।

# मुंसिफ का तूफानी शतक, हिंद एग्रीकल्चर फाइनल में

## 12 छक्के व 13 चौकों की मद्द से खेली शतकीय पारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अब्बासी क्रिकेट एकेडमी अमरोहा के तत्वावधान में आयोजित प्रीमियर लीग एपीएल-18, (नफीस अब्बासी कप) में गुरुवार को पहला सेमीफाइनल हिंद एग्रीकल्चर और फरहान खान इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए फरहान खान इलेवन की टीम ने 176 रनों का स्कोर खड़ा किया। सलीम खान ने शानदार 64 रन और जैद ने 46 रन बनाए। गेंदबाजी में हिंद एग्रीकल्चर की तरफ से सोनू सैनी ने 4 और फैज्यब मलिक ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए हिंद एग्रीकल्चर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए केवल 11.4 ओवर में ही जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। टीम के धुरंधर बल्लेबाज मुंसिफ खान ने शानदार 137 रन ठोके, जिसमें 12 छक्के और 13 चौके शामिल थे। हर्ष ने भी 25 रनों की उपयोगी पारी खेली। फरहान खान इलेवन की ओर से जैद ने 2 विकेट चटकाए। शानदार प्रदर्शन के लिए मुंसिफ खान को मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया। मैच में अंपायरिंग जमाल खान और निश्चल चौधरी ने की। निगरानी एकेडमी कोच असलम सिद्दीकी की रही। उन्होंने बताया कि दूसरा सेमीफाइनल शुक्रवार (आज) मनपसंद इलेवन और विहान इलेवन के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों में बेहतरीन खिलाड़ी शामिल हैं। कार्तिक, सिद्ध, और आर्यन चौधरी, जो मौजूदा यूपी टी-20 लीग के चर्चित खिलाड़ी हैं।

# भैंसे शेरा का मनाया दूसरा जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** इंसानों के जन्मदिन तो आपने बहुत देखे होंगे, लेकिन धनौरा क्षेत्र में एक पालतू भैंसे शेरा का दूसरा जन्मदिन जिस धूमधाम से मनाया गया, उसने सबको हैरान कर दिया। गांव सुनगढ़ माफी निवासी मजदूर इसरार ने अपने भैंसे शेरा का जन्मदिन मनाने की ठानी और बुधवार की रात इसे यादगार बना दिया। शेरा के दूसरे जन्मदिन पर न सिर्फ केक काटा गया, बल्कि डीजे बजा और गांव के लोग जमकर नाचे। पूरा माहौल जश्न में बदल गया। इसरार ने बताया कि वह अपने शेरा को रेस के लिए तैयार कर रहे हैं और उसे अपने परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं। जन्मदिन मनाने और डीजे बजाने के लिए उन्होंने बाकायदा एसडीएम से अनुमति भी ली थी। शेरा के जन्मदिन पर पूरे मोहल्ले को न्योता दिया गया था। केक काटने के बाद हैप्पी बर्थडे शेरा के नारे गूंज उठे। इसके बाद दावत का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांववालों ने कहा कि इसरार ने जन्मदिन की पार्टी में किसी तरह की कमी नहीं छोड़ी नाच-गाना भी हुआ और खाने-पीने का भरपूर इंतजाम भी रहा। भैंसे शेरा का यह दूसरा अनोखा जन्मदिन समारोह अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग कह रहे हैं कि इंसानों का नहीं, अब तो जानवरों के जन्मदिन भी किसी त्योहार से कम नहीं रहे।

# एक और एक ग्यारह की जोड़ी टूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** एक महकमे में इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा जिस खबर की है, वह है एक और एक ग्यारह की जोड़ी के टूटने की। वर्षों से एक ही साहब के साथ काम कर रही यह जोड़ी अब इतिहास बन गई है। बताया जा रहा है कि साहब ने नाराज होकर एक को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, जबकि दूसरा (ड्राइवर) अब भी अपनी पकड़ बनाए रखने की को. शिश कर रहा है कारनामे इनके भी कम नही है कुछ सूत्र बताते हैं कि इलाके में कहीं भी खनन इनकी बिना इजाजत के नही हो सकता।

सूत्रों के मुताबिक, यह जोड़ी लंबे समय से अपने रवैये और कामकाज के तरीके में बदलाव नहीं कर रही थी। आदेशों से ज्यादा अपनी मर्जी चलाने की आदत ने आखिरकार साहब का सब्र तोड़ दिया। कई बार समझाने और चेतावनी देने के बाद जब कोई सुधार नहीं हुआ, तो साहब ने बिना देर किए डायरेक्टर कट कर दिया और एक को हटा दिया। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले भी महकमे की गलियों में यह खबर गूंज चुकी थी कि साहब अपने ड्राइवर और स्टाफ से नाराज हैं और फेरबदल की तैयारी चल रही है। तब मामला शांत हो गया था, लेकिन अब साहब ने अपनी कार्रवाई से सभी अटकलों पर मुहर लगा दी। अब पूरे महकमे में एक ही सवाल गूंज रहा है ख्र क्या एक और एक ग्यारह की कहानी यहीं खत्म हो जाएगी, या दूसरा किरदार भी जल्द बाहर का रास्ता देखेगा? सबकी नजरें अब साहब के अगले कदम पर टिकी हैं।

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर सबद कीर्तन

## नगर में बैंडबाजों से निकाली शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** गुरुनानकदेव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। इस दौरान बैंड बाजों की धुनों पर बजे रहे गुरुनानक देव के भजनों से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने गुरु नानक देव का गुणगान किया। गुरुद्वारे में शब्द- कीर्तन हुआ। संगत को निहाल किया। लंगर छकाया गया। शहर में जगह-जगह नगर कीर्तन शोभायात्रा का भव्य स्वागत हुआ। गुरुनानक देव का जन्म दिवस प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। बुधवार को प्रकाश पर्व मनाया गया। गुरुवार को आजाद रोड स्थित गुरुद्वारे से नगर कीर्तन शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा आजाद रोड से जेएस कालेज, बड़ा बाजार, मोहल्ला कोट, गांधी मूर्ति होते हुए पुन: गुरुद्वारे पर संपन्न हुई। शोभायात्रा के साथ-साथ पंज प्यारे आगे-आगे चलते रहे। वहीं महिलाएं और युवती गुरुनानक देव का गुणगान करते हुए रास्ता बुहारती हुई शोभायात्रा के साथ-साथ चलती रही। वहीं बैंडबाजों की धुन पर बज रहे भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा संपन्न होने पर लंगर का प्रसाद बांटा गया। यहां, अमरोहा ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, सतनाम सिंह, चरनजीत सिंह, अरविंद सिंह, सुरजीत सिंह, प्रीतम सिंह, मंगत सिंह, मंजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, ईशू सहित सिख समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर शोभायात्रा में भाग लिया

# खेत में मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**पांच बहनों का इकलौता भाई था मृतक**





**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा मेला घूमने की बात कहकर दोस्तों के साथ घर से निकले युवक का शव शाम के समय गांव में ही स्थित एक खेत में मिला। युवक के सिर पर चोट के निशान हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चौबारा निवासी आक. ाश(26) पेंटर का काम करता था, जबकि उसके पिता जसवंत सिंह एक फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। बताते हैं कि गुरूवार को आकाश अपने दोस्तों के साथ तिगरी गंगा मेला घूमने की बात कहकर घर से निकला था। पिता की आकाश से करीब डेढ़ बजे बात हुई थी तो उसने बताया था कि वह खाना लेकर नहीं आ पायेगा क्योंकि वह दोस्तों के साथ मेले में आया है। बताते हैं कि शाम को करीब चार बजे वह गांव तो आ गया था मगर घर नहीं पहुंचा था। शाम को करीब पांच बजे उसका शव किसान श्योराज के खेत में पड़ा मिला। आकाश के सिर पर चोट के निशान थे तो वहीं पर एक मोटरसाईकिल भी पड़ी मिली। घटना का पता चलते ही परिजनों व ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। यहां पर परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, हालांकि परिजनों का कहना था कि पहले आकाश के दोस्तों को पकड़ा जाए तब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। वहीं सूचना मिलते ही ब्लॉक प्रमुख पति व भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह भी अस्पताल पहुंच गए और उन्होंने भी परिजनों को समझाया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई होने दी जाए। इसी बीच सीओ अंजलि कटारिया भी सीएचसी पहुंच गई। उन्होंने भी परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए तैयार हुए और तब पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने उसके दोस्तों की तलाश शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरे भी चेक कराए जा रहे हैं।

# मेला देखकर लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा मेला देखकर गांव वापस जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली घोड़ा बुग्गी से बचाते हुए पलट गई। हादसे में 10 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से छह को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**हादसे में दस श्रद्धालु घायल**





जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव शीशोवाली से गुरुवार को ट्रैक्टर-ट्राली से ग्रामीण तिगरी गंगा मेला देखने गए थे। वहां से शाम को वापस लौटते वक्त गजरौला-तिगरी मार्ग पर गांव शाहपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर घोड़ा बुग्गी से बचाने के लिए साइड लेते वक्त अनियंत्रित हो गया, जिससे ट्राली पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर ट्राली में सवार माया देवी, सोमवती, रामवती, नेमवती, रानी, वरुण समेत 10 लोग घायल हो गए। हादसा होने पर तेज धमाका हुआ, जिसके चलते खेतों में काम कर रहे लोग बुरी तरह डर गए। उन्होंने सड़क पर ट्राली पलटी देखी तो दौड़कर वहां पहुंचे। चीख-पुकार की आवाज सुनकर गांव से भी लोग दौड़कर वहां पहुंचे। ट्राली में फंसे घायलों को किसी तरह बाहर निकाला गया। कुछ घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जबकि कई को निजी अस्पतालों में भी ले जाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में माया और सोमवती सरकारी अस्पताल तो वहीं रानी, नेमवती, वरूण व राम. वती धनौरा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

# दानिश पर टिप्पणी! कांग्रेस ने सचिन चौधरी से सात दिन में मांगा स्पष्टीकरण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी की दावेदारी को लेकर शुरू हुई पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली व कांग्रेस नेता सचिन चौधरी के बीच रार अब और तेज हो गयी है। पूर्व सांसद ने किसी सवाल के जवाब में सचिन को पहचानने से इंकार कर दिया था। उधर जवाब में सचिन ने एक वीडियो वायरल कर इस पर पूर्व सांसद पर तीखा हमला बोला था। कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य श्याम किशोर शुक्ला ने सचिन चौधरी से सात दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। बताते चलें कि कांग्रेस नेता सचिन चौधरी भी अमरोहा लोकसभा से टिकिट मांग रहे थे परन्तु पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली टिकिट झटकने में सफल रहे। तभी से इन दोनों नेताओं के बीच कड़वाहट चली आ रही है। दो दिन पहले सचिन चौधरी ने 16 मिनट के वीडियो में फोन स्क्रीन पर एक फिल्म का शार्ट भी दिखाया था जिसमें नायक व खलनायकों के स्थान पर उनके व पूर्व सांसद के चेहरे फिट बैठते हैं। उन्होंने इसकी रिकाडिंग भी जारी की थी जिसमें उन्होंने दानिश अली को निशाने पर लिया था तथा कहा था कि दानिश मुझे नहीं जानते कोई बात नहीं, मैं आल इंडिया कांग्रेस कमेटी का मेम्बर हूं। उधर पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने प्रेसवार्ता में कहा था कि मैं सचिन नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानता। अगर हम किसी का जवाब देंगे तो हमने राजनीति कर ली। आज की तारीख में वह पार्टी का कोई पदाधिकारी भी नहीं है। संगठन से हमने कई फर्जी लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दिया, इस लिए वह बौखला रहा है। जिस पर अनुशासन समिति ने मामले का संज्ञान लेते पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने कांग्रेस नेता सचिन चौधरी को पूर्व सांसद दानिश अली के खिलाफ सार्वजनिक टिप्पणी करने को गंभीरता लेते उनसे सात दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

**गुमशुदा की तलाश**



मेरी पत्नी श्रीमति मुन्नी करीब 30 वर्ष पहले घर से बाहर मजदूरी करने के लिए निकली थी परन्तु आज तक वापस नहीं लौटी। जिसका आज तक कोई सुराग नहीं लगा है। अगर किसी को मेरी पत्नी दिखाई देती है तो कृपया इसकी सूचना थाना पुलिस या फिर मुझे देने की कृपा करें।

**मुरारी निवासी ग्राम केसरा तहसील धनौरा जिला अमरोहा** मोब- 7817827571

# कलक्ट्रेट तिराहे पर बनाए गए सेल्फी पॉइन्ट का जिला जज ने किया लोकार्पण

■ नगर पालिका द्वारा किया गया है सौंदर्यीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा कलक्ट्रेट तिराहे पर बनाए गए सेली पॉइंट का लोकार्पण जिला जज रविन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, जिला जज की पत्नी आरती भी लोकार्पण में साथ रहीं। कलक्ट्रेट तिराहे का सौंदर्यीकरण करके रंग बिरंगे फब्बारे लगाए गए हैं और सेंटर में किताब और ग्लोब बनाया गया है। गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट तिराहे पर किए गए सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया गया। काफी संख्या में अधिवक्ता और शहर के लोगों के साथ सभासद और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि सेल्फी पॉइन्ट पर लगाई गई फुलवारी की देखरेख के लिए हर दूसरे दिन माली की ड्यूटी लगाई गई है। जिला जज से सुझाव मांगा गया तो उन्होंने कहा कि पुस्तक पर सत्यमेव जयते लिखवाया जाना चाहिए। जिला जज को अवगत कराया गया कि एक-दो दिन में लिखवाया जाएगा। सेल्फी प्वाइंट के सभी और जानवरों से बचाव के लिए फेंसिंग भी की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, ईओ संजीव कुमार, संयुक्त बार एसोसिएशन के अधयक्ष धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधयक्ष सरोज बाजपेई, सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, सभासद शिवम श्रीवास्तव, सुनीता सिंह, शरीफ अंसारी, विपिन कुमार ऊर्फ राजू फौजी, वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, निर्मल सिंह टीटू, राशिद हुसैन, अनस अंसारी, निजाकत अली कादरी, विकास बाबू, अखिलेश मिश्रा, मोनू मिश्रा, सुरेश, रोहित रॉय सहित काफी संख्या में अधिवक्ता और शहर के लोग मौजूद रहे। सेली पॉइंट का उद्घाटन होने के बाद काफी देर तक शहर के लोग वहां पर सेली लेने पहुंचते रहे।

# किसान नेताओं की मांग धान खरीद में गड़बड़ी करने वालों पर हो कठोर कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत पदाधिकारियों ने गुरुवार को धाान खरीद में गड़बड़ी को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट, डिप्टी आरएमओ और मंडी सचिव से मुलाकात कर कहा कि बिचौलियों द्वारा धाान तुलवाया जाता है और कुछ किसानों द्वारा जाली टोकन लगाए जाते हैं जिससे आम किसान 7, 8 दिन खड़ा रहता है और बिचौलिया धान बेचकर चला जाता है।

पीलीभीत मंडी में किसानों का शोषण हो रहा है।

अधिकारियों कि तरफ से किसान नेताओं जल्द ऐसे लोगों को पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई। इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी, जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह विर्क, बलजीत सिंह नानक सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरुण गंगवार, अनमोल गंगवार आदि मौजूद रहे।



## प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कीर्तन में सपा नेता ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सतेंद्र मौर्य, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कीर्तन में भाग लिया। यह कार्यक्रम पीलीभीत विधानसभा 127 के शहर गुरूद्वारा में आयोजित किया गया था। इसके अलावा, उन्होंने ब्रहमचारी घाट पर कार्तिक पूर्णिमा और गंगा स्नान पर मेले में भी भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। सतेंद्र मौर्य समाजवादी पार्टी के एक सक्रिय सदस्य हैं और उन्होंने पीलीभीत में कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लिया है। वे पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हैं और समाजवादी पार्टी की नीतियों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं।

## भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय श्रृंखला प्रस्तुति का आयोजन

# तबला वादक फारूक लतीफ खान ने दी बेहतरीन प्रस्तुति



■ सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में हुआ कार्यक्रम
■ विद्यार्थियों ने भारतीय संगीत को गहराई से समझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल, सरधना में गुरुवार को SPIC MACAY सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग यूथ के तत्वावधान में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय श्रृंखला प्रस्तुति का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध तबला वादक फारूक लतीफ खान ने अपनी अद्भुत संगत और कौशलपूर्ण प्रस्तुति से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले की विविध तालों, बंदिशों एवं लयों की अनूठी प्रस्तुति के माध्यम से कलाकार ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा का अद्भुत परिचय कराया। कार्यक्रम के दौरान फारूक लतीफ खान ने विद्यार्थियों को भारतीय संगीत की बारीकियों और उसकी आध्यात्मिक गहराई को समझाते हुए भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने का संदेश भी दिया। विद्यालय प्रबंधन ने SPIC MACAY जैसे सांस्कृतिक संगठनों द्वारा विद्यालयों में भारतीय कला और संगीत के प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान भाव विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के डायरेक्टर ठाकुर प्रीतिश कुमार सिंह, मैनेजर शालविक जैन, शिवानी जैन, तथा प्रधानाचार्य डॉ. रोहित मेहरा उपस्थित रहे। सभी ने कलाकार का सम्मान करते हुए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

# घर में घुसकर फायरिंग करने वाले पुलिस ने भेजे जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को जानी थाना क्षेत्र के गांव किठोली में एक व्यक्ति के घर पर कुछ आरोपियों ने घर में घुसकर फायरिंग कर दी थी जिसमें परिवार वालों ने किसी तरह जान बचाई सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस ने आरोपियों की धर पकड़ के लिए दबिश दी लेकिन आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए।

अंकित पुत्र कृष्ण पाल ने जानी थाने में चार व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था वहीं गुरुवार को थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में सुभारती चौकी इंचार्ज ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को किठौली संपर्क मार्ग पर चेकिंग के दौरान दबोच लिया, जहां उनके पास से एक पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद हुए आरोपियों की पहचान प्रेम प्रकाश पुत्र जग रोशन, प्रिंस पुत्र रिशिपाल निवासी किठौली के रूप में हुई। आरोपियों को जानी थाना पुलिस ने चालान कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बाकी फरार आरोपी भी जल्द पकड़े जाएंगे।

# अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री से बफावत गांव का जल हो रहा प्रदूषित

## गांव के लोगों में पनप रहा कैंसर, कई लोगों की हो चुकी है मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** थाना दौराला क्षेत्र अंतर्गत बफावत गांव में अवैध रूप से संचालित हो रही फैक्ट्री के जहरीले पानी से गांव का जल पूरी तरीके से प्रदूषित हो चुका है। गांव के लोगों में प्रदूषित जल के चलते कैंसर जैसी भयंकर बीमारी पनप रही है। इसका शिकार कई लोग हो चुके हैं वहीं दर्जनों लोग कैंसर की लड़ाई लड़ रहे है। बावजूद इसके प्रशासन और संबंधित विभाग आंखे मूंद कर बैठा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग को इसके बारे में सूचित किया गया है लेकिन अभी तक प्रशासन और संबंधित विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

बफावत गांव के बाहरी हिस्से में शहद बनाने की अवैध फैक्ट्री संचालित हो रही है। फैक्ट्री का संचालन गांव के ही शैलेंद्र सिंह, पारखी सिंह और सुखदेव कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री के बाहर किसी प्रकार का बोर्ड या साइन नहीं लगा है। फैक्ट्री के अंदर पेस्टिसाइड के माध्यम से शहद तैयार किया जा रहा है, जिससे निकलने वाले जहरीले रसायन व पानी को पाइपों के माध्यम से गांव के तालाब में छोड़ा जा रहा है। इस प्रदूषित पानी के चलते गांव का पीने योग्य पानी भी प्रदूषित हो चुका है। धीरे-धीरे लोगों में कैंसर जैसी भयंकर बीमारी पनप रही है। इस बीमारी के चलते गांव के ही मास्टर नेपाल सिंह की एक हफ्ते पहले ही मृत्यु हुई है। इसके अलावा करण सिंह, रेखा देवी और अतेन्द्र सिंह इस भयंकर बीमारी से लड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई है लेकिन किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई अभी तक फैक्ट्री के खिलाफ नहीं की गई।



# किसान ने लापता पत्नी को बरामद करने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव सकोती से लापता हुई किसान की पत्नी तीन सप्ताह पूर्व लापता हो गई थी। घटना के संबंध में पीड़ित किसान ने थाने पर तहरीर देकर पत्नी को बरामद करने की गुहार लगाई थी लेकिन पुलिस आज तक लापता महिला का कोई सुराग नहीं लग सकी। इस घटना के संबंध में पीड़ित किसान राजेंद्र पुत्र संगत सिंह निवासी सकोती ने बुधवार को जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र भेजा है।



जिसमें उसने बताया कि दि 17 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे उसकी 60 वर्षीय पत्नी अमलेश देवी उस समय लापता हो गई थी जब वह खेत पर काम करने गया था। और अपना मोबाइल साथ ले गई। पीड़ित किसान जब घर आया तो उसकी पत्नी वहां नहीं मिली तथा देर शाम तक वह अपने घर नहीं पहुंची तो पीड़ित द्वारा पत्नी को अपने रिश्तेदारियों व अन्य जगह तलाश करने का काफी प्रयास किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित किसान द्वारा जब रिश्तेदारियों में तलाश करने के बाद जब अपने घर आया तो गांव के लोगों ने बताया कि उसकी पत्नी को दो अज्ञात व्यक्ति अपने साथ ले गए हैं पीड़ित को डर है कि उसकी पत्नी अमलेश का अज्ञात लोगों द्वारा अपने साथ ले गए हैं वह उसकी कभी भी हत्या कर सकते हैं। थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी का कहना है कि किसान की पत्नी जमीनी विवाद के कारण अपने पुत्र के साथ कहीं पर रह रही है उसे बरामद करने के लिए मामले की जांच चल रही है।

## गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में 10 नवम्बर से प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु पंजीकरण 10 नवम्बर से प्रारंभ होंगे। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि पंजीकरण शुल्क 1000 रहेगा। नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चे की आयु 3 वर्ष तथा कक्षा 1 के लिए 31 मार्च 2026 तक 5 वर्ष 10 माह से 7 वर्ष के बीच होनी चाहिए। ऑनलाइन पंजीकरण gtbps-online पर किया जा सकेगा, जबकि ऑफलाइन फार्म स्कूल के फ्रंट डेस्क से सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। आवेदन के साथ जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, फोटो और आवश्यक प्रमाण पत्र जमा करने होंगे। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में बिना परीक्षा प्रवेश होगा, जबकि ऊंची कक्षाओं के लिए परीक्षा की तिथि अभिभावकों को फोन या एसएमएस से दी जाएगी। विद्यालय में प्रतिभाशाली, खिलाड़ियों, सिबलिंग्स और रक्षा बल पृष्ठभूमि के छात्रों को वरीयता व छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# स्पेनिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने नमो भारत कॉरिडोर का किया दौरा

■ प्रतिनिधिमंडल दुहाई डिपो नमो भारत स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर विभिन्न स्टेशनों से गुजरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक उच्च-स्तरीय स्पेनिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल के साथ एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यह दौरा गाजियाबाद के दुहाई स्थित अत्याधुनिक नमो भारत डिपो से शुरू हुआ, जहां प्रतिनिधियों को नमो भारत सेवाओं की विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई उन्नत रख रखाव सुविधाओं और प्रक्रियाओं का अवलोकन कराया गया।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल दुहाई डिपो नमो भारत स्टेशन से नमो भारत ट्रेन में सवार हुआ और कॉरिडोर के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरा। यात्रा के दौरान, प्रतिनिधियों को ट्रेन के यात्री-केंद्रित डिजाइन और इसकी आधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने इस नए जमाने के यात्रा मोड में सहज क्षेत्रीय यात्रा के अनुभव की सराहना की। आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर प्रतिनिधिमंडल को स्टेशन के डिजाइन और एनसीआरटीसी द्वारा अन्य परिवहन प्रणालियों के साथ मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) सुनिश्चित करने के लिए की गई पहलों के बारे में जानकारी दी गई। इस एकीकरण का उद्देश्य व्यापक मोबिलिटी नेटवर्क में सुगम कनेक्टिविटी और यात्री अनुभव को बेहतर बनाना है। स्टेशनों के दौरे के बाद, प्रतिनिधिमंडल एनसीआरटीसी कॉर्पोरेट कार्यालय, गतिशक्ति भवन पहुंचा, जहां उन्होंने एनसीआरटीसी नेतृत्व टीम के साथ बातचीत की। प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया और एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने एक संबोधन दिया। स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल ने भारत में अपनी तरह की इस पहली क्षेत्रीय परिवहन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए एनसीआरटीसी द्वारा अपनाए जा रहे अभिनव दृष्टिकोण की सराहना की। एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने नमो भारत पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें परियोजना का अवलोकन, प्रयुक्त तकनीकें, भविष्य के अवसर और कार्यान्वयन के दौरान अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रकाश डाला गया। पूरे दौरे के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने एनसीआरटीसी द्वारा कार्यान्वित परिवर्तनकारी गतिशीलता पहलों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने परियोजना में सुरक्षा, परिचालन उत्कृष्टता, आधुनिक प्रौद्योगिकी एकीकरण पर जोर देने और भारत में स्थायी, यात्री-अनुकूल क्षेत्रीय गतिशीलता को आकार देने में इसके योगदान की सराहना की।





# सरधना में सड़क हादसा, दो की मौत

## स्कूटी पर सवार थे तीन युवक, ट्रैक्टर ट्रॉली ने पीछे से मारी टक्कर, एक गंभीर घायल

■ डाक्टरों ने गंभीर घायल को मेरठ किया रेफर
■ ट्रैक्टर चालक फरार
■ पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गुरूवार दोपहर मेरठ-करनाल मार्ग पर बुबकपुर पुलिया के सामने पीछे से ट्रैक्टर टॉली के पीछे से घुसी स्कूटी पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवकों की मौत के बाद परिजनों मे मातम का माहौल मच गया।

सरधना क्षेत्र के गांव पांचली बुजुर्ग निवासी हर्षित पुत्र रामबीर (20) नितिन पुत्र पवन व आयुष पुत्र अशोक (25) कंकरखेडा स्थित पॉलीटेक्निक दित्तीय वर्ष के छात्र थे। गुरूवार दोपहर तीनों स्कूटी पर सवार होकर गांव लौट रहें थे, मेरठ करनाल मार्ग स्थित बुबुकपुर गांव के सामने पुलिया के पास आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली ईंटों से भरी ने पीछे से टक्कर लग गई। टक्कर लगते ही स्कूटी सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए वहां मौजूद राहगीरों व सूचना पर पुलिस ने घायलों का उपचार के लिए सरधना सीएससी में भर्ती कराया, जहां पर डाक्टर ने नितिन व हर्षित को मृत घोषित कर दिया। साथ ही गंभीर रूप से घायल आयुष को मेरठ रेफर कर दिया गया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी जुटाई।







## 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**मेरठ।** अपर जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रमेश कुशवाहा ने बताया कि 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के अनुपालन में जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, मेरठ के मार्गदर्शन में विभिन्न न्यायालयो में लम्बित जोकि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अपलोड है आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद, जल व विद्युत बिल अशमनीय वादों को छोड़कर, वैवाहिक विवाद विवाह विच्छेद तालाक को छोड़कर, भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद आदि

# सरधना में माता मरियम मेले की तैयारियों को लेकर सीओ, थाना प्रभारी, ईओ व पूर्व चेयरमैन ने किया निरीक्षण

**सरधना।** आगामी माता मरियम मेले की तैयारियों को लेकर बुधवार को पुलिस प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन ने संयुक्त रूप से मेले स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर सीओ सरधना आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, नगर पालिका सरधना की अधिशासी अधिकारी (ईओ) दीपिका शुक्ला और पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेले स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छता, बिजली-पानी की आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। सीओ आशुतोष कुमार ने पुलिस टीम को निर्देश दिए कि मेले के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस की विशेष टीमें लगाई जाएंगी और मेले क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। वहीं ईओ दीपिका शुक्ला ने बताया कि पालिका द्वारा मेले से पूर्व पूरे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है।

# बाला देवी रोशन लाल इंस्टिट्यूशन में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बाला देवी रोशन लाल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगितायों का कॉलेज के चेयरमैन समाजसेवी वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ रत्नेश गंगवार एवं संरक्षक डॉ तौलेराम गंगवार ने दीप प्रज्वलन के पश्चात फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधान में कहा कि छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के अतिरिक्त अपने शारीरिक विकास के लिए कोई ना कोई खेल अवश्य ही खेलना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। उन्होंने यह भी कहा, कि प्रत्येक खेल में भाग लेना आवश्यक है और जीत हासिल करने के लिए सदैव ही प्रयासरत रहना चाहिए।

# किशन को सीके नायडू ट्रॉफी में मिला मौका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ताजनगरी निवासी किशन यादव को कर्नल सीके नायडू ट्राफी मल्टी-डे के लिए अंडर-23 पांडिचेरी टीम में चुना गया है। किशन आंध्र प्रदेश के खिलाफ डेब्यू करेंगे। किशन एक्स सूबेदार शिवानंद यादव के पुत्र हैं। उनकी मां सिंधु देवी गृहणी हैं। वह स्प्रिंगडेल क्रिकेट अकादमी में पिछले 10 वर्षों से प्रैक्टिस कर रहे हैं। कोच परवेन्द्र यादव के अनुसार वह राइट आर्म फास्ट बल्लर है और मिडिल ऑर्डर बैटिंग भी कर लेते हैं। उनके चयन पर अकादमी से परिवार में खुशी का माहौल है। माता-पिता को विश्वास है कि वह आंध्र प्रदेश के खिलाफ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पूरनपुर जनपद पीलीभीत का नाम रोशन करेगा।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली-ईको की भिड़ंत, चालक सुरक्षित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** क्षेत्र के बरखन रोड पर गुरुवार सुबह करीब 5 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली और तेज रफ्तार ईको वाहन में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईको कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए ईको चालक आकाश कश्यप पुत्र शंकरलाल ग्राम भीकमपुर को वाहन से बाहर निकाला। गाड़ी में एयरबैग होने की वजह से चालक की जान बच गई और उसे ज्यादा चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घने कोहरे के चलते ईको अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़ी। हादसे के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

# महिला आयोग की सदस्या ने सुनीं जन शिकायतें

**मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत महिलाओं को किया सम्मानित**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या पुष्पा पांडेय ने गुरुवार को आंवला, बरेली का दौरा किया। उन्होंने साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण किया और तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

निरीक्षण के दौरान, सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर सीएचसी में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बेटियों के लिए हिमालय बेबी किट वितरित की गई और कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गई।




तहसील सभागार आंवला में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में कई अधिकारी मौजूद रहे। इनमें तहसीलदार नवाबगंज ब्रजेश कुमार वर्मा, नायब तहस.ीलदार दीप्ती पाल, पुलिस अधीक्षक मनीष चंद्र सोनकर, क्षेत्राधिकारी आंवला नितिन कुमार, सप्लाई इंस्पेक्टर शिखा पांडे, महिला थाना एसएचओ परमेश्वरी, थाना आंवला निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी मीना और कुमोद, केंद्र प्रबंधक चंचल गंगवार और हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर रिंकी सैनी शामिल थीं।

इस जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 9 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया।

जनसुनवाई के बाद पुष्पा पांडेय की अध्यक्षता में ब्लॉक रामनगर में जन जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित सभी महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने-अपने गांवों में लोगों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

इसके अतिरिक्त, मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत ष्अनंताष प्रेरक एवं प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें आंगनवाड़ी कार्यकत्री हेमलता, पूनम गुप्ता, प्रीति, सर्वेश, ज्योति, प्रीति और आशा बहुएं सुमन व आशा शामिल थीं, जिन्हें अनंता मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पांच महिलाओं की गोद भराई और चार बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया।

## एक नजर

## पटाखा वाली बुलेट के विरुद्ध चलाए गए अभियान में तीन बाइक सीज



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुरुवार को शीशगढ़ पुलिस ने पटाखा वाली बुलेट मोटरसाइकिल के विरुद्ध कार्यवाही अभियान चलाया। इस अभियान से खलबली मच गई।

प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को एसएसपी के आद.ेश पर पुलिस द्वारा पटाखा वाली बुलेट मोटरसाइकिल व साइलेंसर मोडिफाई करने वालों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया। जिसमें कस्वे में स्थित सभी बाइक मैकेनिकों की दुकानों को चेक किया गया जिसमें पटाखा वाली तीन बुलेट मोटरसाइकिल पकड़ी गई, जिन्हें सीज कर दिया गया। साथ ही साइलेंसर मोडिफाई करने बाले एक मैकेनिक सहित चार लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया। पुलिस ने चेता.वनी भी दी है कि यदि कोई भी बाइक मैकेनिक ने साइलेंसर मोडिफाई करते पकड़ा गया तो सीधे कार्यवाही तय है।

## देवरनियां क्षेत्र में हुआ जेई का टीकाकरण, जारी की एडवाइजरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** कुछ समय पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) रिछा के अंतर्गत देवरनियां के इस्लाम नगर में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) का केस सामने आया था। स्वास्थ्य विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए देवरनियां और आसपास के इलाके मेंघ जेई का टीकाकरण करा दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) रिछा के इंचार्ज डा. शशांक रतन यादव ने टीकाकरण के दौरान इस्लाम नगर स्वास्थ्य उप केन्द्र का निरीक्षण भी किया, और कर्मचारियों को हिदायत दी। इस दौरान डा. जीशान, बीपीएम सुरजीत डब्लूएचओ एफएम सौरभ, लैब टैक्निशन शिवम, एएनएम आदि मौजूद रहे। रिछा सीएचसी इंचार्ज डा. शशांक रतन यादव ने लोगों से साफ-सफाई रखने और टीकाकरण कराने की अपील की है।



## ब्याज पर रुपये लेने के बाद बढ़ा विवाद

**दो लाख की डिमांड न मानने पर धमकी का आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एक महिला ने प्रभात नगर मोहल्ले के ही युवक पर ब्याज के नाम पर भारी रकम वसूलने, एग्रीमेंट कराकर घर खाली कराने के दबाव व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

महिला का कहना है कि उसने आरोपी युवक से ब्याज पर रुपये लिए थे। सुरक्षा के तौर पर आरोपी ने उसके घर का एग्रीमेंट करा लिया, तथा उसके पति से दो सादे चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए। महिला का आरोप है कि वह ब्याज सहित कुल 4,10,400 रुपये आरोपी को दे चुकी है।

जब उसने एग्रीमेंट खत्म कर चेक वापस करने की बात कही तो युवक ने अतिरिक्त दो लाख रुपये और मांग लिए। आरोप है कि बीते दिन युवक उसके घर में घुस आया और रुपये न देने पर महिला से गाली-गलौज करते हुए घर खाली कराने का दबाव बनाया, तथा जान से मारने की धमकी दी। महिला ने थाने में लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज पुनीत कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात चल रही है।

## जहरीला धुआं उगल रहे कोल्हूओं पर नहीं हुई कार्यवाही

**एसडीएम की छापामारी का नहीं हुआ कोई असर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** तहसील क्षेत्र में खुलेआम जहरीला धुआं उगल रहे गन्ना कोल्हूओं पर स्थानीय प्रशासन का कोई अंकुश नहीं है। दो सप्ताह पहले तहसील के एसडीएम उदित पवार ने खुद ही छापामारी कर अपनी आंखों में इन कोल्हुओं पर गंदा कपड़ा जलते हुए पकड़ा था। एसडीएम द्वारा की गई इस छापामारी से क्षेत्र के लोगों के साथ ही छात्र-छात्राओं को इनके खिलाफ कार्यवाही की आस जगी थी, लेकिन जब दो सप्ताह बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उनकी सारी उम्मीद धाराशाही हो गई।

क्षेत्र में बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे ग्राम गरगईया के पास एक दर्जन से अधिक गन्ना कोल्हू संचालित किए जा रहे हैं। इन कोल्हुओं पर किसी विभाग का कोई मानक लागू नहीं होता है, चाहे वह जीएसटी विभाग हो या फिर प्रदूषण विभाग, खांडसारी विभाग ने तो इन्हें खुली छूट दे



रखी है। पिछले एक माह से चल रहे इस कोल्हुओं पर गन्ने की खोई की जगह गंदा कपड़ा और सड़ा गला मोम भट्ठियों में जलाया जाता है, जिससे इन कोल्हूओं से निकलने वाला जहरीला धुआं लोगों के जीवन के साथ खुलेआम खिलवाड़ कर रहा है, और सारे के सारे विभाग खुले आम इस धंधे की ओर से अपनी आंखें फेरे हुए हैं।

खास बात यह है कि इन कोल्हुओं के नजदीक ही फायर स्टेशन भी है, जिसपर कई पुलिस कर्मी निवास भी करते हैं, इन कर्मियों का जहरीला धुआं उगल रहे इन कोल्हूओं ने भी जीना दूभर कर रखा है। इतना ही नहीं फायर स्टेशन का भवन भी पूरी तरह से काला पड़ चुका है।

### फायर स्टेशन प्रभारी ने जिला अग्नि शमन अधिकारी को भेजा पत्र

जहरीले धुआं से परेशान फायर स्टेशन प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने इस समस्या को लेकर गुरुवार सुबह अपने आला अधिकारी जिला अग्नि शमन अधिकारी को एक पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने फायर स्टेशन के पास चल रहे एक दर्जन से अधिक गन्ना कोल्हुओं पर खोई के स्थान पर गंदा कपड़ा और मोम के जलाए जाने की बात कही है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि इन कोल्हुओं से उठने वाले इस जहरीले धुएं से फायर स्टेशन के कर्मियों का सांस लेना मुश्किल हो गया है।

## बरेली में एग्रीस्टैक स्कीम पर बैठक संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को एग्रीस्टैक स्कीम और फार्मर रजिस्ट्री पर एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कर्नाटक के सेवानिवृत्त मुख्य सचिव राजीव चावला ने की।

बैठक के दौरान, चावला ने डिजिटल क्रॉप सर्वे में उचित कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से इसकी लगातार निगरानी की जा रही है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को बताया कि अभी भी 18 प्रतिशत किसानों का डिजिटल क्रॉप सर्वे में पंजीकरण नहीं हो पाया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों का पंजीकरण शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही, नगरीय क्षेत्र के लोगों का पंजीकरण फार्मर रजिस्ट्री में न करने को कहा गया। चावला ने यह भी निर्देश दिया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में अंश निर्धारण का अधूरा कार्य 15 दिनों के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल किया जाना चाहिए।




उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में कार्यरत कर्मचारियों का भुगतान शत-प्रतिशत और शीघ्रता से किया जाए।

बैठक के बाद, सेवानिवृत्त मुख्य सचिव ने फसल अवशेष प्रबंधन के लिए चलाए जा रहे प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार करेगा। बैठक में कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी, डीएम अविनाश सिंह, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, सभी उप जिलाधिकारी, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उच्च न्यायालय से मिला स्टे ऑडर निरस्त, आरोपी खेमें में मची खलबली

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** जान लेवा हमले के आरोपी द्वारा उच्च न्यायालय से लिया गया स्थगनादेश उच्च न्यायालय ने सात साल बाद निरस्त कर दिया। स्टे ऑडर निरस्त किए जाने से आरोपी खेमे में मायूसी छा गई है।

मामला कस्बे के व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी का है। गुजरी 28 दिसंबर 2012 को रिछोला किफायतुल्ला के रहने वाले रामू गंगवार ने व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी और दो अज्ञात लोगों पर शाम करीब 7:30 बजे कस्बे के आंबेडकर पार्क के पास तमंचे से फायर कर जान लेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि इस मामले में व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी ने उच्च न्यायालय की शरण ली, जिसमें उन्हें माननीय न्यायालय ने कोर्ट में हाजिर होने का समय दिया था। जिस पर उन्होंने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। करीब 8 माह जेल में रहने के बाद व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी ने उच्च न्यायालय से स्थगनादेश प्राप्त कर लिया था, जिसकी वजह से इस मामले की कार्यवाही रुक गई थी। पीड़ित रामू गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उच्च न्यायालय ने गुजरी 31 अक्टूबर को इस मामले में दिए गए स्थगनादेश को निरस्त कर दिया है, स्टे ऑडर के निरस्त किए जाने के बाद अब कोर्ट में इस मामले की नियमित सुनवाई शुरू हो जाएगी।

इस मामले में व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कोर्ट द्वारा दिया गया स्थगनादेश निरस्त कर दिया गया है, अब कोर्ट द्वारा सुनवाई किए जाने के बाद उनपर फर्जी मुकदमा लिखाने वाले रामू गंगवार के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## भाजपा नेता के भाई ने सर्राफ पर चलाई गोली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर में घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। नौबत ये आ गई कि भाजपा पदाधिकारी नीरज रस्तोगी के भाई संजीव रस्तोगी ने तमंचा निकालकर सर्राफा व्यापारी रजत रस्तोगी पर गोली चला दी। गोली बीच बचाव करने आए पड़ोसी राजीव रस्तोगी के बायें हाथ में लगी। आरोपी भाग निकला, घायल की हालत में सुधार है। पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**पड़ोसी के हाथ में लगी, पांच आरोपियों पर रिपोर्ट**

बिहारीपुर चौकी क्षेत्र में ख्वाजा कुतुब इलाके में कई परिवार घनी आबादी में आसपास रहते हैं। भाजपा के कालीबाड़ी मंडल के उपाध्यक्ष नीरज रस्तोगी, उनके भाई संजीव उर्फ बॉबी रस्तोगी का घर सटा हुआ है। सामने ही रजत रस्तोगी का घर है। रजत का आरोप है कि बॉबी व उसके परिवार के लोग अक्सर अपने घर का कूड़ा उनके दरवाजे के सामने डाल देते हैं। मंगलवार को जब रजत ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। संजीव उर्फ बॉबी घर के अंदर गया और तमंचा लेकर बाहर आ गया। उसने रजत पर फायर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि विवाद के दौरान आसपास के लोग शोर सुनकर बीचबचाव कराने मौके पर आ चुके थे। फायर से रजत तो बच गए लेकिन गोली पड़ोसी राजीव रस्तोगी के बायें हाथ में लगकर पार निकल गई। वह चिल्लाकर गिर पड़े। पड़ोसियों को अपनी ओर बढ़ता देखकर बॉबी तमंचा लेकर भाग निकला। परिजनों के साथ पड़ोसी घायल राजीव को तुरंत जिला अस्पताल लाए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद देर शाम उनकी छुट्टी कर दी गई। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है और स्वास्थ्य लाभ की जरूरत है। घटना के बाद कोतवाल अमित पांडेय मौके पर पहुंचे। घटना की पुष्टि के लिए पुलिस ने आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली। वीडियो में आरोपी बॉबी रस्तोगी को तमंचे के साथ जाते गया। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी व सीओ प्रथम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। घायल व उनके परिवार से भी बात की। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि बिहारीपुर इलाके में कूड़ा डालने के विवाद में गोली चली है। घायल का इलाज जिला अस्पताल में करके उन्हें घर भेज दिया गया। तहरीर के मुताबिक आरोपी संजीव उर्फ बॉबी रस्तोगी व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, जल्द ही मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# आगजनी और रंगदारी मामले में नामजद पूर्व विधायक के पौत्र समेत चार पकड़े

**पीड़ित से रिश्वत मांगने के वायरल वीडियो पर एक दरोगा हो चुके हैं सस्पेंड**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** एक मेडिकल स्टोर मेंघ फायरिंग मारपीट और कन्फैक्शनरी में आगजनी करने के मामले में फरार चल रहे बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे स्वर्गीय अम्बा प्रसाद वर्मा के एक पौत्र समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



कोतवाली देवरनियां के गांव कठर्रा निवासी प्रीतम सिंह का आरा.ेप है कि उसकी बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे कठर्रा पर विशाल मेडिकल स्टोर हैं। 19 अगस्त को जब वह अपना मेडिकल खोल रहा था, तभी गांव कठर्रा निवासी मयंक वर्मा और शशांक वर्मा दोनों सगे भाई आठ-दस अन्य लोगों के साथ कार से आए, और बैग में रखे पचपन सौ रुपए मांगने लगे, मना करने पर चाकू और तलबार से हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी, गोली प्रीतम सिंह के गर्दन के पास से निकल गई, और वह बाल-बाल बच गया। इस दौरान अन्य लोगों के जमा होने पर आरोपी फरार हो गए। बैग में रखे पचपन सौ रुपए और मोबाइल भी उसका गायब है।

वहीं दूसरे मामले में गांव टाह कासमपुर निवासी राजीव कुमार की कठर्रा अड्डे पर बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे खाटू श्याम कन्फैक्शनरी नाम से दुकान है। राजीव का आरोप है कि शशांक वर्मा आए और कुछ सामान खरीदा, जब उसने उक्त सामान समेत पुराने खरीदे समान का उधार मांगा, तभी आरोपी गलत बातें करने लगा, इस बीच तो बीच-बचाओ कर दिया गया, आरोपी अपने भाई मयंक को बुलाने की बात कहता हुआ चला गया, और वह भी अपने घर आ गया। आरोप है कि उसकी कन्फैक्शनरी में आगजनी कर दी गई, जिससे उसकी दुकान जल गई।

पुलिस आरोपियो की तलाश कर रही थी, मगर वे फरार थे।

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पूर्व विधायक के पौत्र गांव कठर्रा निवासी मयंक वर्मा पुत्र आलोक वर्मा समेत कठर्रा निवासी चेतक सिंह पुत्र व वृजकिशोर गांव उदरा निवासी मयंक गंगवार पुत्र गिरव.रदयाल, बहेड़ी के गांव लवेदी निवासी अर्पित सिंह पुत्र अमर सिंह को सेमीखेड़ा रेलवे क्रॉसिंग से उनके नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। सभी कहीं बाहर भागने की फिराक में थे। चारों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पूर्व विधायक का दूसरा पौत्र शशांक वर्मा अभी भी फरार है। गिरफ्तार सभी आरोपियों पर कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के अलावा एसएसआई नवदीप कुमार, एसआई मुकेश कुमार, विजय तेवतिया, कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

### पीड़ित से रिश्वत लेने पर सस्पेंड हो चुके हैं दरोगा

सितम्बर माह में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें मामले की विवेचना कर रहे दरोगा सतीश कुमार पीड़ित प्रीतम से रिश्वत लेते हुए दिख रहे थे। इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्या ने आरोपी दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया था।

### पूर्व विधायक के दोनों पौत्रों में एक सपा और एक बसपा से जिला पंचायत सदस्य पद का हैं दावेदार

शशांक वर्मा और मयंक वर्मा सगे भाई हैं, और कई दशक पूर्व बहेड़ी विधानसभा से विधायक रहे स्वर्गीय अम्बा प्रसाद के पौत्र हैं। शशांक वर्मा रिछा ब्लॉक के वार्ड बारह से अपनी पत्नी ऊषा वर्मा के लिए सपा से टिकट के दावेदार हैं, जबकि मयंक वर्मा वार्ड ग्यारह से बसपा के टिकट के दावेदार हैं। दोनों ने अपने-अपने होडिंग क्षेत्र में लगा रखे हैं।

> फायरिंग मारपीट और आगजनी के मामले में नामजद पूर्व विधायक के पौत्र समेत चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।
>
> **आशुतोष द्विवेदी**
> **थाना प्रभारी देवरनियां**

## बरेली में चकबंदी पेशकार 15 हजार रिश्वत लेते दबोचा

**एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ा, भ्रष्टाचार अधिनियम में केस दर्ज**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** फरीदपुर चकबंदी कार्यालय के पेशकार रजत चौधरी को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन टीम ने बृहस्पतिवार को यह कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। रजत चौधरी मूल रूप से मुरादाबाद जिले के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव रूपपुर टंडौला का निवासी है।

एंटी करप्शन थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल ने बताया कि फरीदपुर के पदारथपुर निवासी आदिल को दान में कुछ जमीन मिली थी। आदिल अपनी जमीन का दाखिल खारिज कराने के लिए रजत चौधरी के पास गए थे। आरोप है कि रजत चौधरी ने इस काम के बदले 15 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद आदिल ने एंटी करप्शन थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन टीम ने पहले आरोपों की जांच कर उन्हें पुष्ट किया। इसके बाद जिलाधिकारी से अनुरोध कर दो स्वतंत्र गवाहों की व्यवस्था की गई। बृहस्पतिवार को टीम सादे कपड़ों में फरीदपुर स्थित चकबंदी कार्यालय के पास तैनात हो गई। जैसे ही आदिल ने रजत को 15 हजार रुपये दिए, एंटी करप्शन टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। टीम आरोपी को लेकर कोतवाली पहुंची और उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

एंटी करप्शन टीम के अनुसार, रजत से रिश्वत में ली गई रकम बरामद कर ली गई है। तलाशी के दौरान उसकी जेब से अतिरिक्त 6120 रुपये भी मिले। टीम ने लाल फाटक के पास स्थित वृंदावन धाम कॉलोनी में रजत के कमरे पर भी दबिश दी, लेकिन वहां ताला लगा मिला। आशंका है कि परिवार के सदस्य कार्रवाई की भनक लगने पर वहां से चले गए थे। रजत चौधरी को शुक्रवार को जेल भेजा जाएगा।

## व्यवस्था पर सवाल: सम्बद्धीकरण खत्म होने के बाद भी स्कूल नहीं पहुंच रहे शिक्षक

**शिक्षा निदेशक और अपर मुख्य सचिव के आद.ेश के बाद बीएसए ने सभी सम्बद्धीकरण किए निरस्त**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** अवैध घोषित हो चुके सम्बद्धीकरण का खेल बेसिक शिक्षा महकमे में लम्बे अरसे से चला आ रहा है। सुविधा जनक विद्यालयों और कार्यालयों घ्में तमाम शिक्षकों के सम्बद्धीकरण चल रहे हैं। पिछले दिनों अपर मुख्य सचिव और शिक्षा निदेशक ने सभी सम्बद्धीकरण खत्म करने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद बरेली के बीएसए ने सभी सम्बद्धीकरण तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिए हैं, और सम्बद्धीकरण पाए जाने पर बीईओ को जिम्मेदार ठहराया गया है। मगर इसके बावजूद सम्बद्धीकरण अब भी बदस्तूर चल रहे हैं।

डियूटी से बचने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के कई शिक्षकों ने सांठगांठ कर अपने मूल विद्यालयों से हटकर अपने मनपसंद के विद्यालयों और कार्यालयों में सम्बद्धीकरण करा लिए हैं। 21 अक्टूबर को अपर मुख्य सचिव और 30 अक्टूबर को शिक्षा निद.ेशक ने विद्यालयों और कार्यालयों में चल रहे सभी सम्बद्धीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए थे।

इसके बाद एक नवम्बर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने पत्र जारी कर सभी सम्बद्धीकरण निरस्त कर सभी शिक्षकों कोघ अपने मूल विघालयों में कार्यभार ग्रहण करने को आदे.शित किया था, और जिले के सभी बीईओ को भी इस आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा है, और सम्बद्धीकरण पाए जाने पर जिम्मेदार ठहराया है।

मगर सम्बद्ध शिक्षक अभी भी अपने मूल विद्यालयों में नहीं पहुंचे हैं। ब्लॉक रिछा (दमखोदा) के उच्च प्राथमिक विद्यालय बैकरनन्दा में तैनात सहायक अध्यापिका पूजा चौहान को 27 जुलाई को जारी किए गए आदेश में बीएसए संजय सिंह ने अपने कार्यालय में समन्वयक प्रशिक्षण योगेश गंगवार के साथ विद्यालयों पेरिंग वर्क के लिए सम्बद्धीकरण किया गया था, ग्रामीणों ने बताया पूजा कि चौहान ने अभी तक विद्यालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। जबकि पेरिंग का काम कब का खत्म भी हो चुका है।

बैकरनन्दा उच्च प्राथमिक विद्यालय में 41 बच्चों को पढ़ाने के साथ अन्य व्यवस्थाएं करने की जिम्मेदारी एक मात्र शिक्षक मोहित कैथवाल पर है। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय बालपुर में तैनात शिक्षामित्र नाजमा वी का सम्बद्धीकरण भी प्राथमिक विद्यालय भंगा में कर दिया गया है। आरोप है उन्होंने बीईओ से सांठगांठ कर सम्बद्धीकरण करा लिया है, उनके सम्बद्धीकरण से बालपुर विद्यालय में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।

## मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना 18 और 19 नवंबर को होगा आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह 18 और 19 नवंबर 2025 को बरेली क्लब में होना प्रस्तावित है।

18 नवंबर 2025 को तहसील सदर, फरीदपुर और नवाबगंज के विकासखंडों और नगरीय निकायों के पात्र जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसके बाद, 19 नवंबर 2025 को तहसील आंवला, बहेड़ी और मीरगंज के विकासखंडों तथा नगरीय निकायों के पात्र युगलों का सामूहिक विवाह होगा।

योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि जिनके आधार कार्ड में बचपन की या बहुत पुरानी फोटो लगी है और जिन्होंने अपना बायोमेट्रिक अपडेट नहीं कराया है, वे इसे तुरंत करवा लें। बायोमेट्रिक और फेस स्कैनिंग के लिए आधार कार्ड की बायोमेट्रिक जानकारी (फिंगरप्रिंट और चेहरा) अपडेट कराना अनिवार्य है।

यह सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि समारोह के दौरान बायोमेट्रिक या फेशियल उपस्थिति में कोई बाधा न आए। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर द्वारा दी गई है।

# योग्य अभ्यर्थियों को मिलेगा अपने ही जिले में रोजगार:डीएम

## जिलाधिकारी ने की 12 नवंबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर संबंधितों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले के युवाओं, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए एक बड़ा अवसर आ रहा है। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिला. धिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में 12 नवम्बर को सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज, बागपत में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला न केवल रोजगार प्रदान करने का माध्यम बनेगा बल्कि बागपत को आत्मनिर्भर और औद्योगिक दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत भी करेगा। कुशल कार्मिकों और उद्यमियों, दोनों की चिंता का समाधान होगा

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में 12 नवंबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले की तैयारियों के संबंध में बैठक का संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार का मेला विशेष रूप से स्थानीय आवश्यकताओं पर केंद्रित है। इसके लिए जिला प्रशासन ने सेवायोजन विभाग, यूपीसीडा, उपायुक्त उद्योग, खाद्य सुरक्षा, लोक निर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण, आयुष और स्वास्थ्य विभाग को मिलाकर एक संयुक्त कार्ययोजना तैयार की है। इसके अंतर्गत सैकड़ों कंपनियों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इनमें बागपत औद्योगिक क्षेत्र, खेकड़ा, बड़ौत, अहेड़ा, ढिकौली, डूंडाहेडा, काठा आदि से स्थानीय कंपनियों के साथ-साथ अन्य शहरों की प्रमुख कंपनियां भी शामिल होंगी। जनपद के अस्पतालों, होटल, उद्योग आदि से संपर्क कर उपलब्ध अवसरों की जानकारी ली गई है तो वहीं दूसरी ओर आईटीआई, पॉलीटेक्निक, माय भारत, उच्च शिक्षा संस्थानों आदि को रोजगार मेले हेतु युवाओं को पंजीकरण हेतु निर्देश दिए गए है। लक्ष्य सिर्फ एक है कि जनपद के हुनरमंद एवं कुशल युवा रोजगार से वंचित न रहे और किसी भी कंपनी अथवा संस्थान में स्टाफ की कमी न हो। इस प्रकार प्रशासन का यह निर्णय सभी युवाओं के लिए रोजगार का वादा लेकर आया है और मिशन रोजगार के तहत एक नए स्वरूप में इस बार रोजगार मेला लगेगा। उदाहरण के रूप में अक्सर देखने को मिलता है कि अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ न होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बाधित रहती है इसके लिए जब रोजगार मेले हेतु स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों से संपर्क किया तो सैकड़ों वैकेंसी निकल आई। वहीं मेडिकल कॉर्स कर रहे युवा अब उन वैकेंसी पर इंटरव्यू देने के लिए बेहद उत्साहित है। सभी लोग कह रहे है कि इस बार तो नौकरी जरूर मिलेगी। यही है मिशन रोजगार के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता। जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगार की तलाश में युवाओं को अब अपने जनपद से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले में उपलब्ध उद्योगों और मानव संसाधन को जोड़कर स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अधिकतम अवसर सृजित किए जाएं। उन्होंने बताया कि इस पहल से जिले की औद्योगिक उत्पादकता और आर्थिक प्रवाह भी बढ़ेगा। सेवायोजन विभाग के अनुसार अब तक विभिन्न क्षेत्रों जैसे फूड प्रोसे. सिंग, सब्लिमेशन, होटल इंडस्ट्री, सिलाई, प्लास्टिक उद्योग, पैकेजिंग, कृषि उत्पाद, एक्सपोर्ट, वस्त्र उद्योग, बैंकिंग आदि क्षेत्रों की कंपनियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन कंपनियों में मशीन ऑपरेटर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, सुप. रवाइजर, अकाउंटेंट, बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव, केमिस्ट, हाउसकीपिंग, लैब एनालिस्ट, डिजाइनर और कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव सहित विभिन्न अन्य पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से मारपीट कर 13,700 रुपये नकद लूटे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से बुधवार देर रात मारपीट कर 13,700 रुपए नकद और मोबा. इल लूटने का मामला सामने आया है। यह घटना कर्मचारी के डयूटी खत्म कर घर लौटते समय कोताना रोड पर हुई।

पीड़ित कर्मचारी की पहचान मेरठ के बासा टीकरी निवासी अंकुर पुत्र अशोक के रूप में हुई है। अंकुर बड़ौत में एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं। आरोप है कि बाइक सवार तीन युवकों ने अंकुर के साथ मारपीट की और उनसे नकदी व मोबाइल छीन लिया। अंकुर ने बताया कि लूट के बाद एक आरोपी मोबाइल फेंककर फरार हो गया। अन्य दो आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित के परिजन बड़ौत कोतवाली पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। जांच अधिकारी अनोल शर्मा ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और उचित कार्रवाई करते हुए मुक. दमा दर्ज किया जाएगा।

## शिव मंदिर पर पूजा पाठ कर किया अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के बिनौली रोड फाटक के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ शताब्दी वर्ष निमित घर-घर सम्पर्क अभियान बस्ती 03 ने गुरुवार को शिव मंदिर पर पूजा पाठ कराकर अभियान का शुभारम्भ नगर-खण्ड प्रचारक आशीष कुमार के कर-कमलों से कराया, जिस मे आजा बस्ती कार्यवाह राम मोहन और नगर सह बौधिक प्रमुख प्रणव आर्य की टीम ने घर घर जाकर सभी लोगों से संपर्क किया और संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ और संघ अभियान पंच परिवर्तन को घर घर पहुचाने निमित लगभग 60 परिवारो मे जाकर संपर्क किया। उन्होंने सभी लोगों से संध से जुड़ने का भी आहवान किया। इस मौके पर सभी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला कारागार में बंद एक कैदी विकास की मौत



**बागपत।** जिला कारागार में बंद एक कैदी विकास 27वर्षीय की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसे खून की उल्टी हुई थी, जिसके बाद उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। विकास छपरौली थाना क्षेत्र के तुगाना गांव का निवासी था। उसे 13 अक्टूबर को मारपीट के एक मामले में जेल भेजा गया था। परिजनों का आरोप है कि जेल जाते समय विकास पूरी तरह स्वस्थ था।

मृतक के भाई सुरेश ने बताया कि उन्हें जेल से फोन पर विकास की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। जब वे जिला अस्पताल पहुंचे, तो विकास मृत पाया गया। सुरेश ने आरोप लगाया है कि उनके भाई के साथ मारपीट की गई या किसी अन्य घटना को अंजाम दिया गया, जिससे उसकी मौत हुई। उन्होंने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जेल अधिकारियों का कहना है कि विकास पहले से ही अस्वस्थ था और उसका वजन भी काफी कम था। अधिकारियों के अनुसार, उसकी मौत बीमारी के चलते हुई है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। विकास की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### एक नजर

## 150 वर्ष का हुआ वंदे मातरम गीत सात नवंबर को होगा सामूहिक गान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चार चरण में एक वर्ष तक कार्यक्रम होंगे। पहला चरण सात से 14 नवंबर 2025 तक, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 तक, तृतीय चरण हर घर तिरंगा के संग सात से 15 अगस्त2026 तक और चतुर्थ चरण एक से सात नवंबर 2026तक चलेगा। प्रथम चरण में समस्त विद्यालयों में प्रातरू 10 बजे वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन होगा। इस गीत के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व विद्यार्थियों को बताएंगे। महाविद्यालयों में सेमिनार होंगे। स्वतंत्रता संग्राम बलिदानी स्थलों तथा अन्य युद्धों के बलिदानियों के स्मारकों पर वंदे मातरम ध्वनि वादन पीएसी, पुलिस, स्काउट गाइड के बैंड से होगा। विद्यालयों में वंदे मातरम की थीम पर देशभक्ति फिल्मों का प्रदर्शन, रैली, प्रभात फेरी तथा मार्च पास्ट होगा। रंगोली, निबंध प्रतियोगिता होंगी। प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक सह नोडल अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी बागपत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभागों द्वारा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में इस अवसर पर प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम का सामूहिक गायन कराया जाए गा और विद्यार्थियों को वंदे मातरम गीत का इतिहास अर्थ एवं इसके संदेश की विस्तृत व्याख्या करने के निर्देश दिए गए। देश भक्ति फिल्मों का प्रदर्शन किया जाए। स्कूलों में रैली प्रभात फेरी मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। रंगोली निबंध काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन व भाषण प्रतियोगिता भी की जाएगी। नोडल/सहनोडल अधिकारी प्रति कार्यक्रम संबंधित संस्कृति विभाग पर उपलब्ध कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर पाली गांव के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर पाली गांव के पास बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

बड़ौत से दिल्ली की ओर जा रही एक मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से वह डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में दिल्ली निवासी दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

यह घटना कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव के समीप हुई। मृतकों की पहचान दिल्ली के शाहदरा निवासी विक्रांत और उसके साथ बाइक पर सवार एक अन्य युवक के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानीय निवासी विजय कुमार ने बताया कि बाइक का संतुलन बिगड़ने के बाद वह डिवाइडर से टकराई और टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

## 7 नवंबर को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के हो रहे 150 वर्ष पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मातृभूमि की शक्ति, समृद्धि तथा दिव्यता का प्रतीक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष का उत्सव सात नवंबर से बागपत समेत देशभर में एक साल तक भव्य तरीके से मनाया जाएगा। वंदे मातरम गीत बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत अक्षय नवीन जो वर्ष 1875 से 7 नवंबर को थी के शुभ अवसर पर लिखा गया था यह गीत पहली बार साहित्यिक पत्रिका 'बंग दर्शन' में उनके उपन्यास 'आनन्दमठ' के धारावा. हिक प्रकाशन के एक भाग के रूप में प्रकाशित हुआ, जिसका वर्ष 1882 में एक स्वतंत्र पुस्तक के रूप में प्रकाशन हुआ था यह गीत भारत की मातृभूमि के प्रति प्रेम और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण तथा हमारे देश की संस्कृति की पहचान में उसकी विरासत का प्रतीक है 24 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया था। गांव से लेकर राज्य स्तर तक भव्य आयोजन यानी वंदे मातरम का सामूहिक गान होगा। यह गीत मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण का अनूठा उदाहरण तथा भारतीय संस्कृति की पहचान एवं विरासत का प्रतीक है। वंदे मातरम सर्वप्रथम बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित है उत्तर प्रदेश सरकार वंदे मातरम को 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक चार चरणों में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष के अवसर पर भव्यता पूर्ण ढंग से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। वंदे मातरम गीत के सात नवंबर 2025 को 150 वर्ष पूरे होंगे।

## पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने मकान पर अवैध कब्जा कर पीड़ित परिवार को घर से निकाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दबंगों द्वारा मकान पर अवैध कब्जा और मारपीट कर परिवार को घर से निकाले के विरोध में पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम से न्याय की गुहार लगाई है और दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। गुरुवार को छपरौली कस्बे के निवासी साबिर पुत्र मजीद ने डीएम से शिकायत करते हुए बताया कुछ दबंग लोग उनसे पुरानी रंजिश रखते हैं। उनके बीच कई पुराने विवाद भी न्यायालय में विचाराधीन हैं। साबिर के अनुसार, पुरानी रंजिश के चलते ही अब उनके परिवार पर अत्याचार किया जा रहा है। उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, और आरोपी पुराने मामलों में फैसले का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित परिवार ने बताया कि जब उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की, तो कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके चलते आरोपी लगातार उन पर फैसले का दबाव बनाते हुए उनका शोषण कर रहे हैं। फिलहाल, पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों से शिकायत करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## डीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट अस्मिता लाल ने गुरुवा को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अहर्ता 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत मतदेय स्थलों के संभाजन संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदेय स्थलों का निर्धारण निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से किया जाए ताकि प्रत्येक मतदाता को मतदान सुविधा सुलभ रूप में प्राप्त हो सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित परिवर्तन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या असुविधा न रहे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सभी दल सहयोग करें ताकि अधि. कतम पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सकें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय, समस्त एसडीएम एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बडौत तहसील में 19 नवंबर को होगा चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सिविल बार एसोसिएशन बड़ौत स्थानीय समिति वर्ष 2025-26 के चुनाव कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन पर्यवेक्षण कमेटी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार चुनाव प्रक्रिया 10 नवंबर 2025 से प्रारंभ होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 12 और 13 नवंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रत्याशी 12 नवंबर को दोपहर 2 बजे तक तथा 13 नवंबर को शाम 5 बजे तक अपना नामांकन पत्र समिति कार्यालय में जमा कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 नवंबर को की जाएगी। आवश्यक होने पर नामांकन वापसी 15 और 16 नवंबर को की जाएगी। इसके बाद अंतिम वैध प्रत्याशियों की सूची 17 नवंबर को घोषित होगी। मतदान 19 नवंबर 2025 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू होगी और परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे। चुनाव में निम्न पदों पर प्रतिनिधि चुने जाएंगे- अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री, पुस्तकालय मंत्री तथा 10 कार्यकारिणी सदस्य। नामांकन पत्र दाखिल करते समय 100 रुपये शुल्क जमा करना अनिवार्य रहेगा। अध्यक्ष पद के लिए न्यूनतम 20 वर्ष का सामा. जिक अनुभव आवश्यक होगा। मतदान केवल मान्यता प्राप्त मतदाताओं की सूची के आधार पर ही किया जाएगा। मतदान केंद्र पर नशे की हालत में पहुंचे किसी भी व्यक्ति को मतदान की अनुमति नहीं मिलेगी। मतगणना के समय अनुशासन भंग करने या गोपनीयता तोड़ने की कोशिश करने वाले मतदाता का मतपत्र तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। नामांकन पत्र प्रत्याशी द्वारा स्वयं भरा जाएगा और उसके साथ पासपोर्ट साइज फोटो व पहचान पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। निर्धारित समय के बाद जमा नामांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ये जानकारी एल्डर कमेटी के चेयरमैन ओमपाल सिंह ने दी है।

## नेत्रहीन दादा का हैंडिकैप्ड कार्ड नहीं बनाए जाने पर युवक ने लगाया डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत तहसील क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अनेको बार प्रयास करने के बाद भी उनके नेत्रहीन दादा का हैंडिकैप्ड कार्ड नहीं बनाया जा रहा है। छपरौली गांव निवासी मोहित चौहान के अनुसार, उनके दादा बचपन से ही दृष्टिहीन हैं और किसी भी प्रकार का कार्य स्वयं नहीं कर सकते। इसके बावजूद जिला अस्पताल के संबंधित चिकित्सक उनकी स्थिति को नजरअंदाज कर रहे हैं। मोहित ने बताया कि वह कई महीनों से जिला अस्पताल और दिव्यांगजन कल्याण कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें किसी न किसी कारण से लौटा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस संबंध में जिला अस्पताल के सीएमएस से भी मुलाकात की थी। सीएमएस ने डॉक्टरों को कार्ड जारी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोहि. हत का कहना है कि उनके दादा की आंखों की रोशनी पूरी तरह जा चुकी है, फिर भी मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि इस तरह का व्यवहार सरकारी दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की भावना के खिलाफ है। उन्होंने प्रशासन से संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाने की मांग की है। उन्होने दादा का हैंडिकैप्ड कार्ड शीघ्र जारी करने की अपील की है।

## खुरपका मुंहपका बीमारी के चलते तीन पशुओं की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में खुरपका-मुंहपका बीमारी के चलते दो दिन में तीन पशुओं की मौत हो गयी है जबकि 200 पशु बीमार है। ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की है।

लहचौड़ा गांव मे भी पशुओं मे लगातार बीमारी बढ़ती जा रही है जिसके चलते दो दिन में तीन पशुओं की मौत हो चुकी है। गांव के विजयपाल, मनोज, बलबीर आदि ने बताया इस साल पशु विभाग द्वारा गांव मे टीकाकरण नही किया गया जिस कारण से गांव के लीलू की एक गाय निरजंन की एक गाय व राजू के बझड़े की मौत खुरपका-मुंहपका रोग के चलते हो चुकी है जबकि मनोज पुत्र सत्तू के सात पशु विजयपाल के पांच पशु जयकिशन के पाच पशु जेलदार के सात पशु अमरेश के दो पशु राजू के दो पशु आदेश के 10 पशु टोनी के तीन पशु अमित का एक पशु व विनोद का एक पशु बीमार है। गांव मे 200 पशु खुरपका-मुंहपका रोग से ग्रस्त है। ग्रामीणों ने बताया की उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद भी आज तक कोई डाक्टर गांव नही पहुंचा है जिससे लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए गांव मे पशु स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की है। इस दौरान मनोज, धर्मेन्द्र, किशन, बलबीर, विजयपाल, सत्यपाल, नरेश आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य कैंप में की 150 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 150 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाईयां वितरित की गयी। रटौल के सेवानगर मोहल्ले मे बुखार के बढते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की और से एक शिविर का आयोजन किया गया

जिसमे मरीजों की जांच करते हुए डाक्टर गौरव ने बताया की ज्यादातर मरीज वायरल,जुकाम से पीड़ित मिले शिविर में 150 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाईयां वितरित की गयी। वही लोगो को समझाते हुए डाक्टर गौरव ने बताया की आस पास पानी इखट्टा न होने दे साफ-सफाई का ध्यान रखे। इस मौकें एएनएम आशा राठी, अनीता, प्रभा, लीलावती, सुमन आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वार का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ दीपा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्साधिकारी ने ओपीडी, महिला वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष, टी.बी. बी.पी.एच.यू. लैब, एक्स रे कक्ष और प्रसव कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्फाई व्यवस्था अत्यंत खराब पाई गई और चिकित्सा अधीक्षक नियमित टीकाकरण सुपरविजन के लिए फील्ड में रहने पर देरी से उपस्थित हुए।



उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर चिकित्साधिकारी, स्टाफ नर्स सहित ज्यादातर कर्मी अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को अनुपस्थित कार्मिकों के अनुपस्थित दिवसों का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने और तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इमरजेंसी कक्ष के निरीक्षण के दौरान कोई भी चिकित्सक ड्यूटी पर उपस्थित नहीं पाया गया और न ही चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टाफ की डड्ूटी रोस्टर तैयार पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, रजिस्ट्रेशन कक्ष आदि की सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करायें और प्रसव कक्ष में ड्यूटी पर तैनात एएनएम व स्टाफ नर्स का स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्यालय को उपलब्धा करायें।

उन्होंने टीकाकरण सत्र पर पीसीएम सिरप मौजूद न होने एवं पार्शियल वैक्सीनेशन किए जाने पर एएनएम का भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी सरकारी सेवाओं में आवश्यक सुधाार करते हुए सभी सरकारी सेवाओं का लाभ जनता को निरूशुल्क एवं मधुार व्यवहार के साथ उपलब्धा कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिद्र उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि अस्पताल में किसी भी चिकित्सक या अन्य कर्मी द्वारा मरीजों को बाहर से दवाइयाँ न लिखी जायें।

## सैफनी रामगंगा घाट पर कार्तिक मास की पूर्णिमा पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** रामगंगा नदी पर कार्तिक माह की पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं ने प्रात:काल से ही हजारों की संख्या में रामगंगा नदी पर ठेले, बुग्गी, ई-रिक्शा, बाईक पैदल आदि पहुंचकर रामगंगा नदी में आस्था की डुबकी। रामगंगा नदी पर आस पास के क्षेत्रे से आए श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान कर पूजा अर्चना व दीपदान कर मांगी मन्नतें पूर्णिमा के अवसर पर रामगंगा नदी पर लगे मेले में चाट पकोडी बच्चो के खेल खिलौने प्रसाद आदि की दुक. ानों खरीददारों की भारी संख्या में भीड़ भाड़ देखने को मिली कहा जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा को श्री हरि के बैकुंठ धाम में देवी तुलसी का प्राकट हुआ था। कार्तिक पूर्णिमा को ही देवी तुलसी ने पृथ्वी पर जनम ग्रहण किया था कार्तिक पूर्णिमा को राधिका जी की शुभ प्रतिमा का दर्शन ओर वंदन करके मनुष्य जनम के बंधान से मुक्त हो जाता है।



वहीं कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर लोगों ने जगहजगह भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया तथा रामगंगा घाट पर थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा सहित पुलिस कर्मी अलर्ट दिखाई दिए।

## भूमि विवाद में किसान नेता ने लगाई गुहार, यूकेलिप्टिस के पेड़ों को काटने की मिली धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा।** भारतीय किसान यूनियन 'टिकैत' टांडा नगर अधयक्ष मजहर अली लाला ने उपजिलाधिकारी टांडा को प्रार्थना पत्र देकर अपने खेत में लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ों को बचाने की गुहार लगाई है।

मजहर अली लाला ने बताया कि वे ग्राम रामनगर लतीफपुर में गाटा संख्या 173 के भूमिधार काश्तकार हैं। उनके खेत की पश्चिमी मेंड पर करीब 50 यूकेलिप्टिस के पेड़ कई वर्ष पहले स्वयं उनके द्वारा लगाए गए हैं। आरोप है कि ग्राम निवासी जिंदल सिंह पुत्र चुन्नी सिंह जबरन हेकड़ी दिखाते हुए इन पेड़ों को काटने की धमकी दे रहा है।

किसान नेता का कहना है कि उन्हें आशंका है कि उक्त व्यक्ति उनकी गैरमौजूदगी में रात के समय पेड़ काट सकता है। मजहर अली लाला ने कहा कि इन पेड़ों से संबंधित व्यक्ति का कोई हक या ताल्लुक नहीं है, फिर भी वह जबरदस्ती कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने उपजिलाधिकारी टांडा से तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

पीड़ित का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया तो यह मामला गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने ऐसे भू-माफिया प्रवृत्ति के लोगों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है ताकि किसानों की मेहनत सुरक्षित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

- प्राप्त 15 में से 05 शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण
- महिलाओं की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधाान सुनिश्चित करें अधिकारी
- महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिाकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिकतारू सुनीता सैनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी की अधयक्षता में विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रें से आई महिलाओं ने अपने-अपने प्रकरणों और शिकायतों को प्रस्तुत किया। सदस्य ने सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक मामले में प्रस्तुत तथ्यों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है।

जनसुनवाई के दौरान कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न, भरण-पोषण, सामाजिक सुरक्षा और संपत्ति संबंधी मामलों सहित महिला कल्याण योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सम्मिलित रहीं। प्राप्त शिकायतों में से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। सदस्य सैनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित किसी भी मामले में अनावश्यक देरी न हो, प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनीटरिंग की जाए और पीड़ित महिलाओं को उपलब्धा योजनाओं एवं सहायता का लाभ समय पर सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए गंभीर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सदस्य ने कहा कि आयोग महिलाओं को आवश्यक सहायता, परामर्श और कानूनी सहयोग प्रदान करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है, ताकि प्रत्येक महिला को सुरक्षा और न्याय का भरोसा प्राप्त हो सके। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र, जिला पंचायतीराज अधिकारी नत्थू लाल सहित अन्य संबन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से छात्रा की मौत बहन घायल, मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा धरामपुर।** ग्राम शिकारपुर अहमदपुर निवासी जाकिर अली के पुत्र शारिक की सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में अब पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देश पर थाना टांडा में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर 2025 को जाकिर अली का पुत्रशारिक अपनी बहन आयशा को साइकिल पर बैठाकर जनता पब्लिक स्कूल, लालपुर से घर लौट रहा था।

इसी दौरान नगलिया कासिमगंज गांव के हवाली के पास सामने से आ रहे एक सानोलिका ट्रैक्टर बिना नंबर ने साइकिल को टक्कर मार दी।

हादसे में शारिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बहन आयशा गंभीर रूप से घायल हो गई।

परिजनों के अनुसार, हादसे के बाद वे सदमे में थे और इलाज में व्यस्त रहे। बाद में प्रार्थी जाकिर अली ने पुलिस अधीक्षक रामपुर को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जानकारी दी। इस पर पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए थाना टांडा पुलिस को मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

फिलहाल थाना टांडा पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महात्मा गांधी स्टेडियम में किया गया तीन दिवसीय स्काउट गाइड रैली का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और जिलाधयक्ष हरीश गंगवार की उपस्थिति में जनपद में भारत स्काउट और गाइड की तीन दिवसीय जनपदीय रैली, 2025 का शुभारंभ महात्मा गाँधी स्टेडियम राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्काउट झंडा फहराकर किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं एवं अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्काउट से हम बच्चों में मानव सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार के प्रशिक्षण से देने से राष्ट्रीय एकता की भावना और सेवा भाव का विकास किया जा सकता है।







कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड बलराम सिंह और सचिव भारत स्काउट गाइड ओम प्रकाश सैनी द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं और राजकीय खुर्शीद बालिका इंटर कालेज की बालिकाओं ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति की। इसी दौरान स्काउट और गाइड की मार्च पास्ट और वर्दी की प्रतियोगिता आयोजित हुईं, जिसमे स्काउट वर्ग में जनपद के जैन इंटर कॉलेज रामपुर, सुंदर लाल इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, चौधरी जमना दास इंटर कॉलेज बिलासपुर, डी.ए.वी. इंटर कॉलेज विशारद नगर, आदर्श कृषक इंटर कालेज किरा, राजकीय इंटर कालेज पटवाई, राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया, गुरुनानक इंटर कॉलेज बिलासपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेमपुर, दर्शन अकादमी जूनियर हाइस्कूल, पूर्व माध्यामिक विद्यालय लालपुर कला, कम्पोजिट विद्यालय नरखेड़ा ने प्रतिभाग किया। गाइड वर्ग में कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआ, किरण वेदी गाइड कंपनी, राजकीय जुल्फी कार बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज विद्यामंदिर समूह, रामप्रसाद कन्या उच्चतर माधयमिक विद्यालय, नेहरू नगर पालिका डी ए वी कन्या, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय लालपुर राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया, पूर्व माधयमिक विद्यालय इमरता, राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर नें प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में समाज सेवी अवतार सिंह, सतपाल सिंह, सतनाम सिंह, शिव ओम शर्मा, रीता जैसवार, अनिल कुमार शर्मा, योगेंद्र पाल सिंह, लक्ष्मी यादव, गीता सैनी, रीना दुबे सहित अन्य मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल ने अस्पताल में कई उप करण धूल चाट रहे

- ईसीजी की मशीन होने के बाद भी नही मिल रही हैं सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार उद्योग व्यापार प्रतिनिधिामंडल के मेंन कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने व्यापारियों और जनता को संबोधित करते हुए बताया की स्वार के सरकारी अस्पताल में मरीजो को सुविधाएं नही मिल पा रही हैं। ई सी जी मशीन होने के बावजूद चालू नहीं है जिससे कि स्वार की जनता प्राइवेट अस्पतालों में ई सी जी कराने को मजबूर है। स्वार के सरकारी अस्पताल में ई सी जी मशीन होने के बावजूद भी डॉक्टर उस पर संज्ञान नहीं ले रहे हैं जिससे स्वार की जनता ई सी जी कराने के लिए दर दर की ठोकर खानी पड़ रही है और पैसा भी ज्यादा से ज्यादा खर्च किया जा रहा है जिससे आम जनता की जेब भी खाली हो रही है और समय भी खत्म हो रहा है स्वार के सरकारी अस्पताल में ई सी जी मशीन चालू कराई जाए जिससे स्वार की जनता को आराम मिले प्राइवेट अस्पतालों के चक्कर न काटने पड़े और अपना पैसा भी खर्च न करना पड़े उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बहुत समय से सर्जन के लिए भी मांग कर रहा है जिस पर सी एम ओ



महोदय ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर व तहसील अधयक्ष अनवर अली ने इस मीटिंग के द्वारा व्यापारियों को बताया की स्वार में ई सी जी मशीन काफी लंबे समय से मौजूद है लेकिन वह चालू नहीं है। इस मौके पर उपस्थित नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, प्रदेश संगठन मंत्री शिव ओतार सक्सेना ऊर्फ मन्नू भैया,उपाधयक्ष अजेन्द्र राठौर हाशिम शान, फुरकान अली, अली रेहान अली, अजीज मियां, इरफान अली, गुड्डू हाफिज जी, मतलूब, फराज मेंबर, शकील सलमानी, रईस, इरफान, सलमान, कदीर, सलीम, सब्बू आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक।** गुरुवार को तहसील मिलक में तहसील को ज्ञापन सौंपकर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मिलक का पूर्ति विभाग किसानों का बहुत लंबे समय से उत्पीड़न कर रहा है। प्रधाानों कोटा डीलर से पैसे लेकर किसानों के साथ गलत किया जा रहा है। अगर कोई डीपो होल्डर की शिकायत करता है तो पूर्ति विभाग के कर्मचारी शिकायत करता को कोटा डीलर से लाइन पर लेकर बात करते हैं वह उसे डराते धामकाते हैं ऐसे ही कई मामले मिलक पूर्ति विभाग के सामने आए हैं। यह आए दिन पैसे लेकर किसी का भी राशन कार्ड चढ़ा व काट देते हैं और पीड़ितों को शिकायत करने पर भी आश्वासन मिलता है उसका निस्तारण



नहीं होता। यदि कोई निस्तारण की बात सप्लाई इंस्पेक्टर या बाबू से करता है खुले लफ्जों में वह कहते हैं जहां जो चले जाओ हम देख लेंगे। ऐसा ही एक मामला ग्राम बकनौरी का मजरा बंशीपुर का आया। तहसील मिलक में लेखपाल किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं ।एक-एक खसरा बनाने के किसानों से लेखपाल पान 500 से 2000 रुपए तक ले रहे हैं वह 1 से 2 महीने में खसरा बना कर दे रहे हैं। किसानों को उत्पीड़न तहसील ब्लाक में खूब जोर से चल रहा है ऐसे कर्मचारियों की आगे को हम लिस्ट बनाकर सूचना नाम बांट दिए जाएंगे उन पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

ऐसे ही करीबन 15 दिनों से किसानों को खाद की बड़ी किल्लत हो रही है और कहीं बाहर दुकानों पर खाद मिल भी रहा है तो वह लोग किस को 2500 रूपये तक का कटा दे रहे ।हैं वह उसके साथ में और भी पदार्थ किस को जबरदस्ती पकड़ा जा रहे हैं। खाद की कालाबाजारी खुलेआम चल रही है और किसानों को सोसाइटियों पर धाक्के मार-मार कर निकाला जा रहा है ।सोसाइटी पर किसानों का उत्पीड़न दबाकर किया गया है ऐसे सोसाइटियों पर बैठे कर्मचारी किसानों का उत्पीड़न करते रहे तो किसान उग्र होकर अपना धारना प्रदर्शन करने को बाधय रहेंगे।राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की तरु से आशा है हमारी समस्याओं का समाधाान जल्दी कराया जाए। जिला अधयक्ष संजोर अली पाशा की ओर से किसानों का उत्पीड़न हम चाहते हैं सभी विभागों में बंद किया जाए वरना किसान बड़ा आंदोलन करेंगे। उपजिलाधिकारी अधिकारी की गैर मौजूदगी में तहसीलदार मिलक को ज्ञापन दिया। इस दौरान भूपेंद्र मौर्य, जयराम मौर्य, कांडपाल मौर्य, बृजलाल, सुमेरी आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र की एकता, अखंडता और समर्पण का प्रतीक हैं सरदार वल्लभ भाई पटेल: हरीश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्र की एकता, अखंडता और समर्पण के भाव का प्रतीक हैं। उन्हीं के आदर्शों को आत्मसात कर केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार भारत को समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

गुरूवार को भाजपा की ओर से नगर पालिका स्तर पर रन फार यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद देश की सैकड़ों रियासतों को एक





सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया।

उन्होंने अपनी कुशलता, दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प के बल पर भारत को अखंडता और एकता की डोर में बांधा। आज हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए संकल्प लेना चाहिए। रन फॉर यूनिटी में विद्यार्थियों के हाथों में एक भारत, श्रेष्ठ भारत और राष्ट्र की एकता, अखंडता ही हमारी पहचान जैसे नारे लगाए।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने आगामी समय में हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए आगे बढ़ें। कहा कि देश के विकास और खुशहाली के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, अवधोश शर्मा, प्रमोद आहूजा, पारूल अग्रवाल, ;षभ ठाकुर, प्रमोद कुमार लोधाी, अन्नू सक्सेना, प्रभात अग्रवाल, मनु सक्सेना, भाव्य उप्पल, राजू सुमन, अनमोल सक्सेना, नीना साहनी, विवेक विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठे युवक की ट्रक की टक्कर लगने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ताजपुर बेहटा निवासी एक युवक की ट्रक द्वारा ईंटों से भरी ट्राली में पीछे से टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई।

परिजनों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम ताजपुर बेहटा निवासी ईशाल पुत्रविशंभर अपने गांव निवासी सिपाहीलाल के साथ ईंटे उतारने के लिए मजदूरी के लिए मजदूरी पर मुरादाबाद गया था ईंटों के ऊपर ट्राली पर बैठा था तभी अचानक एक ट्रक ने ट्राली के पीछे से एक जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से ट्राली की ईंटे गिरने से उपरोक्त युवक भी नीचे गिर गया तत्काल ही युवक की मौत हो गई। आनन फानन में राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर पुलिस ने



पूछताछ कर टैक्टर स्वामी सिपाहीलाल से मोबाइल नंबर लेकर परिजनों को सूचना दी परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंचे पुलिस ने पीएम करने की बात कही परिजनों ने साफ इनकार कर दिया पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों शौप दिया परिजनों ने शब लाकर उसका अंतिम संस्कार किया गांव में छाया मातम।

## डीएम को सिरोपा और कृपाण देकर किया सम्मानित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने जिलाधिकारी को सिरोपा और कृपाण देकर किया सम्मानित। गुरुवार को नगर के श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधाक देवेंद्र सिंह राजपाल रामपुर जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच कर नव नियुक्त जिला अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को सिरोपा और कृपाण देकर सम्मानित किया और कुछ विषय पर उनसे चर्चा भी हुई और उनको अपने विद्यालय आने का निमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर उनके साथ कवि और साहित्यकार चंद्र प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

## नौ वर्षीय बालक को उसके परिवार से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में मिशन शद्गि अभियान फेज-5.0 के तहत चलाए जा रहे महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता अभियान के दृष्टिगत आज थाना मिलक की महिला सुरक्षा टीम द्वारा थाना क्षेत्रन्तर्गत भ्रमण किया जा रहा था।

भ्रमण के दौरान टीम को एक लगभग 09 वर्षीय बालक भटकता हुआ मिला। टीम द्वारा मानवता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उक्त बच्चे को थाना मिलक स्थित मिशन शद्गि केन्द्र लाया गया, जहाँ उसे जलपान कराया गया तथा उससे नाम-पता आदि की जानकारी प्राप्त की गई।

बच्चे की पहचान होने के उपरांत मिशन शक्ति टीम द्वारा उसके परिजनों गुलकशा, शकील, नदीम एवं असलम निवासी हजियापुर, कमलेशनगर, थाना बारादरी, जनपद बरेली से सम्पर्क स्थापित कर बच्चे को सुरक्षित रूप से उनके सुपुर्द किया गया।



रामपुर पुलिस द्वारा बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा एवं समाज में सुरक्षा की भावना को सशक्त करने हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत इस प्रकार की मानवीय पहल निरंतर जारी रहेगी।

# गौतस्करों ने बैल को जंगल में काटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**कुंवर गांव ।** थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर के जंगल में एक ईख के खेत में गौवंशीय पशु के अवशेष पड़े मिले हैं । बताया जा रहा है कि पालतू बैल को चोरी कर जंगल में ले जाकर वध कर दिया गया ।

बृहस्पतिवार सुबह लगभग नौ बजे पुलिस को जंगल में गौकशी की सूचना मिली थी । जहां थानाध्यक्ष राजेश कौशिक मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंच गए । जहां उन्हें ईख में गौवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े मिले । थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी जहां मौके पर सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया । खासपुर निवासी मुनेन्द्र ने एक बैल पाल रखा था जिससे वह चारा ढोने काम करते थे उनका कहना है कि अज्ञात तस्करों ने बुधवार रात उनका बैल घर से चोरी कर लिया और जंगल में ले जाकर बध कर दिया ।

बृहस्पतिवार सुबह बैल को ढूंढते वह जब जंगल में पहुंचे तो उन्हें ईख में अवशेष पड़े मिले मौके पुलिस पहुंच गई फारेसिंक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए हैं । पुलिस ने जेस.ीबी के द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद अवशेषों को गड्ढे में दफन करा दिया पुलिस तस्करों की तलाश में जुटी हुई है ।। इस संबंध थाना प्रभारी राजेश कौशिक का कहना है कि तस्करों की तलाश की जा रही है जल्द खुलासा कर बड़ी कार्यवाही की जाएगी ।



पुलिस व फारेसिंक टीम साक्ष्य जुटाते हुए।

# भाई के वियोग में भाई ने तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिलहरी।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गाँव बेला निवासी चंद्रपाल शाक्य सन 1980 में उतराखंड के देहरादून् जिले के विकास नगर की ट्रांस कालोनी में रहते थे वह विधुत विभाग में अधिशाशी अभियंता के पद से रिटायर्ड होने के बाद वहीं उतराखंड उत्तर प्रदेश से अलग राज्य बनने के बाद उन्होंने वहीं अपना घर बनाकर रहने लगे थे मृतक के भाई राम प्रसाद शाक्य बेला गाँव में ही रहते थे वहीं चंद्रपाल शाक्य का स्वास्थ्य दो महीने से खराब चल रहा था जिनकी सोमवार को उत्तराखंड के विकास नगर में ही इलाज के दौरान मौत हो गई घटना की सूचनाा मिलते ही चंद्रपाल शाक्य के भाई राम प्रसाद शाक्य परिवार सहित विकास नगर पहुंचे जहाँ बुधवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया जहाँ भाई की मौत का सदमे मे उनके छोटे भाई राम प्रसाद शाक्य की भी वृहस्पतिवार की सुबहब6 बजे मौत हो गई एक ही परिवार में सगे भाइयों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा तो वहीं गाँव का माहौल भी गमगीन हो गया गाँव के लोगों ने बताया कि चंद्रपाल शाक्य मृदु भाषी व मिलनसार थे राम प्रसाद के शव को परिजन गाँव वेला लेकर आये और वृहस्पतिवा शाम को गाँव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में महिला ग्राम प्रधान सुनीता देवी पत्नी सुरेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है परिवार में मौत हो जाने के कारण वह उदास उदास रहते थे भाई का वियोग सता रहा था भाई की चिंता में ही चले गए।

# अय्याशी का अड्डा बना ओयो होटल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** नगर के दबतोरी रोड स्थित ष्रावष नाम से ओयो होटल का संच.ालन किया जा रहा था। जिसमें होटल संचालक द्वारा सेक्स रैकेट का धंधा चलाया जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने छापा मारकर होटल को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की। जानक.ारी के अनुसार ओयो होटल के संच.ालन से आसपास के रहने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों का कहना था कि यहां रोजाना स्कूल ड्रेस में बालिकाएं पहुंचती हैं। यह सिलसिला सुबह से शुरू होकर देर रात तक चलता रहता है। कई बार इसे बंद कराने के लिए कोशिश की गई लेकिन संचालन करने वाला नहीं माना। मोहल्ले बालों का हंगामा देख होटल के अंदर मौजूद जोड़े मुंह छुपा कर बाहर निकलकर भाग खड़े हुए। इसके बाद संचालक भी होटल में ताला डालकर वहां से रफू चक्कर हो गया। इधर मोहल्ले वालों का आरोप है कि होटल में संच.ालक द्वारा सेक्स रैकेट का धंधा चलाया जा रहा है। जहां स्कूल ड्रेस में छात्राओं को आते-जाते का वीडियो भी सामने आया है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि होटल के खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार शिकायत मिल रही थी। इन्हीं शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि नियम विरुद्ध तरीके से चल रहे होटल और उनमें होने वाली अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।




पुलिस ने होटल पर मारा छापा, किया सील

# अज्ञात चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़कर दो घरों में की चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसवान।** जरीफनगर बंद पड़े मकान में अज्ञात चोरों ने तीन घरों के ताले तोड़कर दो घरों में चोरी कर ले गये जिसके चोरी हुई वह तीनों गृह स्वामी बाहर करते हैं मेहनत मजदूरी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कूड़ई में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने तीन मकान के ताले तोड़कर दो घरों में चोरी कर ली बताया जाता है कि कूडई निवासी बिजेंद्र पुत्र डम्बर तथा हेतराम पुत्र डम्वर एंव चंद्रपाल पुत्र सियाराम यह तीनों बाहर गए हुए थे तभी चोरों ने मौका पाकर इन तीनों घरों के ताले तोड़कर चोरी कर ले गए इधर ग्राम वासियों ने बताया है कि दो घरों में से ज्यादा सामान चोरी हुआ है तथा एक घर का ताला टूटा हुआ पड़ा है ।लेकिन उनके गृह स्वामी बाहर से आकर वही बता सकते हैं, कि क्या सामान चोरी गया है, और क्या नहीं गया है, जिसकी सूचना ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई तथा समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है वहीं थाना प्रभारी ने बताया घटना का जल्द खुलासा कर चोरी का जल्द पर्दा पास किया जाएगा ।



# बिजली उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत वितरण खंड तृतीय कार्यालय परिसर में 7 एवं 8 नवंबर को मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बिजली से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। एसडीओ अमित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि शिविर में कनेक्शन, भार वृद्धि, बिल चोरी से जुड़े राजस्व जैसी समस्याओं का कैंप स्थल पर ही तत्काल निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत बिल संशोधन, नए मीटर का लगाना, लोड का बढ़ना, टैरिफ चेंज आदि समस्या का कैंप में मौके पर ही निस्तारण किया जाए। एसडीओ अमित कुमार ने विद्युत उपभोक्ता से अपील की है कि वह निर्धारित तिथियों पर कैंप में भाग लेकर अपनी बिजली संबंधी समस्याओं का समुचित समाधान कराएं ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



# बिसौली में देव दीपावली धूमधाम से मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** नगर व क्षेत्र में देव दीवाली धूमधाम से मनाई गई। प्रमुख मंदिरों में घी के दीपक जलाए गए जिससे रात भर मंदिर जगमगाते रहे। नगर के लक्ष्मी नारायण बड़े मंदिर में सैकड़ों की संख्या में घी के दीपक जलाकर ऐतिहासिक देव दिवाली का आयोजन किया गया।

जिससे लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर प्रांगण रोशनी से जगमग हो उठा। इस दौरान विशेष कर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा से जागते हैं, तब देवताओं ने खुशी में दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें प्रसन्न किया था। इसलिए इसे देव दीपावली के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर रितु अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, डा. अर्चना वार्ष्णेय, भारती अग्रवाल, नमिता गर्ग, पूनम, रानी साधना, दिव्या, रामा, राधिका, सुमन, मोनिका, प्राची, अनुभव, पारुल, संगीता, सुभाष अग्रवाल, सरले बाबू, राकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, विनय अग्रवाल, आलोक गर्ग, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# बाबा बालाजी की कृपा से जीवन में शांति और सिद्धि संभव



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** श्री हनुमानजी महाराज का पांचवां प्रकटोत्सव श्री बालाजी बल्देव धाम गुधनी में बड़े धूमधाम श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः बेला में बाबा के मंगल श्रृंगार और हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इसके पश्चात हवन एवं भव्य कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बल्देव धाम के इतिहास पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। गाजियाबाद से पधारे टी-सीरीज के प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा ने अपने मधुर स्वर से पंडाल को भक्तिमय बना दिया। कीर्तन की पहली प्रस्तुति कानपुर से आई भजन गायिका रुचि किंकर ने दी, जिन्होंने "शिव तांडव स्तोत्र" के गायन से भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। लक्खा जी के मंच पर आते ही जय सियाराम और जय बालाजी महाराज के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने बल्देव धाम के विशेष भजनों से भक्तों को भक्ति-रस में सराबोर कर दिया। इस भव्य उत्सव में राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली, गाजियाबाद सहित कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे और बाबा के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। धाम के पीठाधीश्वर परम पूज्य ललितेश्वरानंद महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बाबा बालाजी की कृपा से ही जीवन में शांति और सिद्धि संभव है। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का शुभ समापन हुआ।

# औचक निरीक्षण के दौरान खनन अधिकारी ने दो ट्रक किए सीज




शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर।** बिसौली मार्ग पर अवैध वाहन चालकों में हड़कंप आसफपुर ( बदायूं ) - औचक निरीक्षण के दौरान बदायूं जिले में खनन अधिकारी ने अवैध रूप से चलाए जा रहे दो ट्रक पकड़कर सीज कर किए । खनन अधिकारी द्वारा ट्रक चालकों से आवश्यक दस्तावेज मांगे तो ट्रक चालक दस्तावेज नहीं दिखा सके तो सक्षम अधिकारी ने ट्रक आर जे 05 जी सी 0700 व एच आर 58 डी 9127 दोनों ट्रक सीज कर विधिक कार्यवाही की । हम आपको बता दें कि एक साथ दो ट्रकों पर विधिक कार्यवाही होने पर आसफपुर क्षेत्र में चल अवैध वाहन चालकों के लिए बुरा संदेश है । आसफपुर से बिसौली मार्ग पर धड़ल्ले से चल रहे अवैध ट्रक व ईंटों भरे ट्रैक्टरों पर नकेल कसने को अब खनन अधिकारी बेहद चौकन्ने नजर आ रहे हैं ।

## एक नजर

# पंजाब नेशनल बैंक शाखा में पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर।** स्थानीय पुलिस ने यहां की पंजाब नैशनल बैंक शाखा में चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने पुलिस बल के साथ बैंक शाखा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व बैंक परिसर में मौजूद लोगों से आवश्यक पूंछ ताँछ की । इस दौरान पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा , कांस्टेबल अंशुल कुमार , होमगार्ड रामपाल यादव , पी आर डी जवान प्रेमपाल सिंह , पंजाब नैशनल बैंक शाखा प्रबंधक प्रभात कुमार द्विवेदी , देव रस्तोगी , रजनीश कुमार यादव , प्रगति मिश्रा , विक्रम सिंह , प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे । यह जानकारी पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने दी ।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं
खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Emil mkkhan 741@gmail-com

# असंख्य दीपों से जगमगाए यमुना के घाट

**मथुरा।** देव दीपावली महोत्सव समिति द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर यमुना के सभी घाटों पर असंख्य दीप प्रज्वलित कर भव्य आयोजन किया गया | मुख्य आयोजन सती बुर्ज राजा घाट पर किया गया जिसका शुभारंभ ब्रज के पूज्य संत श्री गोपाल पी से छोटू बाबा जी, यमुना भक्त वैष्णव आचार्य परम् पूज्य पंकज बाबा महाराज, ने वेद ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया | इस अवसर पर मथुरा महानगर के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थानों एवं प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे |द्वारकेश संस्कृत महाविद्यालय के वैदिक छात्रों ने आचार्य सहदेव कृष्ण चतुर्वेदी के नेतृत्व में स्वस्तिवाचन एवं वैदिक मंगलाचरण किया |महोत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सोहन लाल शर्मा, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी,महामंत्री आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, स्वागताध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण भदौरिया, प्रयाग नाथ चतुर्वेदी, कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी,कन्हैया लाल अग्रवाल स्वीटी सुपारी,योगेश उपाध्याय आवा, महेन्द्र दत्त आचार्य, पंकज शर्मा अंशुल अग्रवाल,अजय चतुर्वेदी आदि पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों को शाल दुपट्टा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया | महोत्सव में कृष्णगंगा घाट से विश्राम,राजा घाट सहित ध्रुव घाट तक एवं यमुना पार के सभी घाटों पर भव्य लाइटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांधा श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर दीप प्रज्वलित किए और यमुना में प्रवाहित किए | नावों में मनोहारी राधा कृष्ण की झांकियां सजाई गई | घाट घाट पर भजन संध्या व रासलीला का आयोजन किया गया | महोत्सव समिति के पदेन संयोजक सचिव सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन, मथुरा वृन्दावन नगर निगम, जिला विद्यालय निरीक्षक, विद्युत विभाग, पुलिस व्यवस्था, सिविल डिफेंस, ट्रेफिक पुलिस व्यवस्था आदि सभी विभागों का विशेष सहयोग रहा | इस अवसर पर प्रमुख रुप से उपस्थित रहे |

## नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गोवर्धन।** श्रीनाथ जी धमार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा 24वॉ विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन श्रीराधा कृष्ण सेवा सदन, जतीपुरा, गोवर्धन, मथुरा में दिनांक 12 नवम्बर से 16 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है | इस शिविर में नेत्र रोगियों की जाँच एवं भर्ती 16 नवम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से 3:00 बजे तक की जायेगी |

नि:शुल्क नेत्र जाँच चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ की चिकित्सीय टीम द्वारा नेत्र रोगियों के मोतियाबिन्द, परवाल, कालापानी आदि रोगों का उपचार एवं ऑपरेशन नि:शुल्क रूप से सम्पन्न किये जायेंगे | इस नेत्र चिकित्सा शिविर में मोतियाबिन्द रोगियों के लैन्स प्रत्यारोपण भी किये जायेगे | शिविर में ऑपरेशन के योग्य पाये गये नेत्र रोगियों को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः नि:शुल्क रूप से की गई हैं |

# शादी के कार्ड बांट कर लौटते बेटे की मौत, पिता गंभीर

**मथुरा।** थाना शेरगढ़ अंतर्गत अगरयाला, अस्तौनी के मध्य बुधवार रात माइनर की पुलिया के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से शादी के कार्ड बांट कर लौट रहे बाइक सवार युवक की मौत हो गयी,जबकि पिता घायल हो गये |

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज घायल उपचार को भर्ती कराया। इसके चलते शादी की खुशियों मातम में बदल गयी | बुधवार रात गांव पैगांव, शेरगढ़ निवासी सुरजन के बेटे महेश (23) के साथ तरौली की ओर से शादी के कार्ड आ रहे थे। बताते हैं कि तभी रात करीब साढ़े आठ बजे गांव की ओर लौट रहे थे |

तभी रास्ते में अस्तौनी,अगरयाला के मध्य आते समय अगरयाला माइनर की पुलिया के समीप अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लाप.रवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी | इसके चलते पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये |

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों के सहयोग से दोनों को उपचार को केडी हॉस्पिटल में उपचार को भिजवाया |

वहां चिकित्सकों ने महेश को मृत घोषित कर दिया, वहीं पिता का उपचार चल रहा है | पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भिजवाया |

## बडे भाई की शादी के कार्ड बांट कर लौट रहा था युवक

गांव के ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि मृतक महेश के बडे भाई विष्णु की 29 नवम्बर को शादी नौहझील क्षेत्र से होनी थी | उसकी शादी की तैयारी परिवार में जोरों से चल रही थीं | बुधवार को महेश अपने पिता सुरजन के साथ शादी के कार्ड बांटने गया था | बताया कि देर शाम तरौली मेला देखकर गांव की ओर से आते समय हादसा हो गया | इसके चलते महेश की मौत हो गयी,पिता सुरजन गंभीर घायल हो गये | महेश अपने पीछे से एक बच्चा छोड गया | बताते चलें कि दोनों भाईयों की शादी नंदगांव क्षेत्र से करीब ढाई साल पहले हुई थी | डिलीवरी के दौरान पत्नी की मौत हो गयी थी | उसकी शादी थी | पलक झपकते ही परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं | दोनों गुरुग्राम में नौकरी करते थे |

## कार की टक्कर से महिला की मौत

मथुरा | थाना छाता अंतर्गत गिन्नी फैक्ट्री के समीप बुधवार शाम कार की टक्कर से महिला की मौत हो गयी | सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेज कार चालक की तलाश कर रही है | बुधवार शाम करीब साढ़े तीन बजे शंकर हॉस्पिटल के सामने,रामनगर कालोनी,छाता निवासी गायत्री (34) किसी काम से पैदल हाइवे पर जा रही थी | बताते हैं कि तभी गिन्नी फैक्ट्री के सामने कार चालक ने तेजी व लाप.रवाही से चलाते हुए महिला को टक्कर मार दी |

# पूरनपुर में खनन माफिया बेखौफ, चल रहा अवैध कारोबार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, जिसके कारण पूरनपुर क्षेत्र में असम राष्ट्रीय राजमार्ग के सिरसा रोड पर मानकों को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर अवैध मिटी खनन किया जा रहा है।

यह अवैधा कारोबार बेरोकटोक चल रहा है और राज्य के राजस्व को भारी चूना लगा रहा है। क्षेत्र में इन दिनों डंपर और ट्रैक्टर ट्रॉलियां जिस तरह से फर्राटे भर रही हैं, वह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। खनन माफिया न केवल रात के अंधेरे में, बल्कि दिन के उजाले में भी बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इस अवैधा गतिविधिा के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें साफ़ तौर पर मिटी से भरे डंपर और ट्रालियों को मुख्य मार्ग पर तेजी से दौड़ते देखा जा सकता है। ये भारी वाहन पूरनपुर के मुख्य चौराहे से भी गुजरते हैं, जिसे देखकर लगता है कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में मौन धारण किए हुए हैं। क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि यह इतना बड़ा कार्य खुले आम कैसे चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, कई खनन माफिया नाम मात्र की परमिशन हासिल कर लेते हैं, और इसी सीमित परमिट की आड़ में दिन और रात बड़े पैमाने पर अवैधा खनन को अंजाम दे रहे हैं। इसी अवैध मिटी का उपयोग बड़े-बड़े प्लाटों को पाटने के लिए किया जा रहा है। स्थानीय निवा.सियों का आरोप है कि इतना बड़ा कार्य किसी न किसी की गुप्त सहमति पर हो रहा है, जिसकी वजह से खनन माफिया निडर होकर सरकारी नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी धनौरा जनपद-अमरोहा

पत्रांकः: 2904 /लेखा/पंचम/15वां वि/14वां वि/विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक: 06-11-2025

### संशोधित निविदा

महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से विकास खण्ड धनौरा के पत्रांक 2782/लेखा/पंचम /15वां वित्त/विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक 18.10.2025 के द्वारा 15 वां वित्त योजना/पंचम राज्य वित्त के अन्तर्गत (धनराशि की प्रत्याशा में) निम्न कार्यों को कराने हेतु दिनांक 04-10-2025 के अपरान्ह 2-00 बजे से सीलबन्द निविदायें (टेण्डर) पंजीकृत फर्मो एवं ठेकेदारो के लिये आमन्त्रित की गई थी, माह अक्टूबर 2025 प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक का विलय उ.प्र. ग्रामीण बैंक (बैंक आफ बडोदा) में हो जाने के कारण सम्बन्धित फर्मो को डी.डी. व एफ.डी.आर. बनवाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था एवं पत्रांक 2798/लेखा/पंचम/15वां/14वां/ विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक 27.10.2025 15वां/पंचम/14वां वित्त हेतु अल्पकालीन निविदा का आयोजन किया गया था। दिनांक 03.11.2025, 04.11.2025 एवं 05.11.2025 को तिगरी गंगा मेला का आयोजन होने के कारण निविदादाताओं के द्वारा निविदा जमा नही की जा सकी है जिस कारण उक्त निविदा की तिथि में आंशिक संशोधन किया जाना है निविदायें दिनांक 10-11-2025 को अपरान्ह 01 बजे तक कार्यालय में निविदादाता अपनी निविदा कार्यालय में जमा कर सकते है। दिनांक 10-11-2025 अपरान्ह 4-00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधोहस्ताक्षरी के द्वारा नामित प्रतिनिधि के द्वारा खोली जायेंगी। यदि उक्त दिवस में कोई अवक.ाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्य किया जायेगा। कार्य से सम्बन्धित बिल ऑफ क्वान्टिटी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। अपरहार्य कारणवश बिना किसी सूचना के निविदाओं को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
धनौरा (अमरोहा)

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ध्रुव का नाबाद शतक, भारत 'ए' 255 पर सिमटा

**बेंगलुरु, वार्ता।** ध्रुव जुरेल (नाबाद 132) की शतकीय पारी के दम पर भारत ए गुरुवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन का 255 रन के सम्मानजनक स्कोर पर सिमट गया। यहां दक्षिण अफ्रीका ए टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए की शुरुआत खराब रही और उसने नियमित अंतराल पर एक के बाद एक विकेट गंवाये। भारत ए का पहला विकेट दूसरे ओवर में अभिमन्यु ईश्वरन (शून्य) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में टियान वैन वुरेन ने केएल राहुल (19) को आउटकर भारत को दूसरा झटका दिया।

### दीप्ति, लैनिग और सोफी के रिलीज होने की संभावना

**मुंबई, वार्ता।** चूंकि पांचों टीमें गुरुवार को अपनी रिटेंशन सूची की घोषणा करने वाली हैं, इसलिए कुछ बड़े नाम-जिनमें दीप्ति शर्मा, मेग लैनिंग, सोफी एक्लेस्टोन और अमेलिया कर शामिल हैं - के इसमें शामिल होने की संभावना नहीं है। आगामी महिला प्रीमियर लीग मेगा नीलामी से पहले, प्रत्येक टीम अधिकतम पांच रिटेंशन कर सकती है। इन रिटेंशन में अधिकतम तीन भारतीय कैप्ड खिलाड़ी, दो विदेशी खिलाड़ी और दो भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। अगर कोई फ्रेंचाइजी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करना चाहती है, तो उनमें से एक खिलाड़ी अनकैप्ड खिलाड़ी होना चाहिए, जैसा कि नीचे मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के मामले में देखा जा सकता है।

# भारत ने चौथा टी-20 जीता

- **ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में सबसे बड़े अंतर से हराया, टीम इंडिया ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई**
- **टी-20 अंतर्राष्ट्रीय के दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया ऑलआउट, सुंदर-शिवम दुबे व अक्षर पटेल चमके**

गोल्ड कोस्ट, वार्ता। भारत ने चौथे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हरा दिया। यह इंडिया की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकार्ड 37 रन का है, जो भारत ने 2016 में एडिलेड में बनाया था।

गोल्ड कोस्ट में गुरुवार को 168 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलिया 18.2 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गई। वाशिंगटन सुंदर ने 3 रन देकर 3 विकेट झटके। अक्षर पटेल और शिवम दुबे को 2-2 विकेट मिले। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन बनाए। शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 46 रनों की पारी खेली। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ 56 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। कप्तान सूर्यकुमार यादव 20 और शिवम दुबे 22 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और एडम जम्पा ने 3-3 विकेट झटके। जैवियर बार्टलेट और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक विकेट मिला। अक्षर पटेल ऑलराउंडर अक्षर पटेल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने भारतीय पारी के आखिरी ओवर्स में 11 बाल पर एक चौके और एक छक्के के सहारे नाबाद 21 रन की पारी खेली। इस पारी ने टीम का स्कोर 167 रन तक पहुंचा दिया।

फिर गेंदबाजी में मैथ्यू शार्ट (25 रन) और जोश इंग्लिस (12 रन) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया पर शुरुआती दबाव बनाया।

उन्होंने 4 ओवर्स की गेंदबाजी में 20 रन दिए। भारत ने 2-1 की बढ़त बनाई इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बेनतीजा रहा था। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच को जीतकर 1-0 की बढ़त ली थी। उसके बाद भारत ने तीसरे मैच में जीत दर्ज करके 1-1 की बराबरी हासिल की थी।

मैच के बाद अक्षर पटेल बोले कि टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर पटेल ने कहा कि टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं। मेरे पास विकेट भांपने का समय था। साथियों ने बताया था कि पिच आसान नहीं है और गेंद रुक कर आ रही है। इसीलिए मैंने इंतजार किया और शार्ट खेले।

उन्होंने कहा कि बतौर बालर यही सोचता हूं कि बैटर का मजबूत पक्ष क्या है। मेरी योजना यही रहती है कि अगर बैटर मुझे हिट करे तो मैं गुड लेंथ एरिया के आसपास गेंद डालूं। और अगर वह स्वीप का प्रयास करते हैं तो फुलर लेंथ गेंद डालूं।



## गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को अच्छी तरह से ढाला: कप्तान

**करारा, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टी-20 जीतने और सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाने का श्रेय गेंदबाजों को देते हुए गुरुवार को कहा कि गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को अच्छी तरह से ढाला। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि सभी बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाता है।



शुभमन और अभिषेक ने अच्छी शुरुआत दिलाई और बाद में आने वाले सभी बल्लेबाजों ने अपना योगदान दिया तो मुझे लगता है कि बल्लेबाजों की ओर से यह एक कम्पलीट टीम एफर्ट था। ड्यू पड़ रही थी, लेकिन गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को अच्छी तरह से ढाला। हमेशा ऐसे गेंदबाजों का टीम में होना अच्छा होता है जो जरूरत पड़ने पर कुछ ओवर डाल सकें। अंतिम मैच के लिए काफी उत्सुक हूं। प्लेयर ऑफ द मैच बने अक्षर पटेल ने कहा कि मैं नंबर सात पर बल्लेबाजी के लिए गया और मेरे पास विकेट भांपने का समय था, साथी बल्लेबाज ने बताया कि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं है और गेंद रुक कर आ रही है। टीम की जरूरत के हिसाब से खेलने पर मेरा ध्यान रहता है कोई मेरी पसंद का नंबर नहीं है मैं बस टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं। बतौर गेंदबाज मैं यही सोचता हूं कि बल्लेबाज का मजबूत पक्ष क्या है। मेरी योजना यही रहती है कि अगर बल्लेबाज मुझे हिट करे तो मैं गुड लेंथ एरिया के आसपास गेंद डालूं। और अगर वह स्वीप का प्रयास करते हैं तो फुलर लेंथ गेंद डालूं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने हार के बाद कहा कि 167 का स्कोर पार स्कोर था। इस तरह की चेज में आपको अच्छी साझेदारियों की जरूरत होती है और हमें वो नहीं मिलीं। भारत ने काफी अच्छी क्रिकेट खेली, आदर्श स्थिति तो यही होती है कि हम हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ खेलें लेकिन आगे बड़ी सीरीज आने वाली है।

## दिप्तायान ने नेपोमनियाचथी को हराया

- **विश्व चैंपियन गुकेश डी और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अर्जुन ऐरीगेसी भी अगले दौर में पहुंच गए हैं**

**पणजी, वार्ता।** भारत के ग्रैंडमास्टर दिप्तायान घोष ने काले मोहरों से खेलते हुए बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार के कैंडिडेट्स विजेता इयान नेपोम. नियाचथी को हरा दिया जबकि ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने लगभग त्रुटिहीन प्रदर्शन करते हुए आर्सेनी नेस्टरोव को हराकर यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व चैंपियन गुकेश डी और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अर्जुन एरिगेसी भी अगले दौर में पहुंच गए हैं। पहली बाजी में सफेद मोहरों से ड्रॉ खेलने वाले गुकेश ने 2024 के विश्व जूनियर चैंपियन कजाकिस्तान के काजीबेक नोगरबेक को 59 चालों में हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अर्जुन दोनों मुकाबलों में पूरे अंक हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय रहे। उन्होंने बुल्गारिया के ग्रैंडमास्टर मार्टिन पेट्रोव को सफेद मोहरों से 48 चालों में हराकर दो मुकाबलों में दो जीत दर्ज कीं। लेकिन यह दिन निस्संदेह दिप्तायान के नाम रहा। नेपोमनियाचथी के खिलाफ दूसरे राउंड का पहला गेम सफेद मोहरों से ड्रॉ होने के बाद, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने शुरुआती मुकाबले में रूसी खिलाड़ी की एक छोटी सी गलती का फायदा उठाया और 47 चालों में जीत हासिल की।

अपना पहला विश्व कप खेल रहे दिप्तायान ने कहा कि नेपो को किसी मैच में हराना बहुत बड़ी बात है। इसलिए, निश्चित रूप से यह एक बड़ा दिन है। इस जीत को आत्मसात करने में थोड़ा समय लगेगा। इससे पहले, 39 वर्षीय हरिकृष्णा ने आठवीं चाल में ही अपनी रानी का त्याग करके नेस्टरोव के घोड़े और बिशप को पकड़कर बढ़त हासिल की और फिर केवल 29 चालों में मैच जीतकर तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। हरिकृष्णा ने मंगलवार को अपनी रणनीति पर विचार करते हुए कहा कि मैंने इसे नौ साल पहले तैयार किया था और सोच रहा था कि क्या इसे अभी इस्तेमाल करूं या शायद मेरे प्रतिद्वंद्वी को इसका मुकाबला करने का सबसे अच्छा तरीका पहले से ही पता हो। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगा कि शायद उन्हें इसके बारे में पता होगा, लेकिन फिर मैंने फैसला किया, मुझे इसे खेलना दो। फिडे विश्व कप 2025 एक सिंगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट के रूप में खेला जा रहा है, जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे है। इस ट्रॉफी का नाम भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद के नाम पर रखा गया है। दूसरे राउंड में कुल 17 भारतीय खिलाड़ी मैदान में थे, जिसमें ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम और ग्रैंडमास्टर कार्तिक वेंकटरमन के बीच अखिल भारतीय मुकाबला था। अन्य भारतीयों में, ग्रैंडमास्टर रौनक साधवानी, विदित गुजराती, आर- प्रज्ञानंद और नारायणन एसएल अपने दोनों मैच ड्रॉ करने के बाद टाईब्रेक राउंड में प्रवेश कर रहे हैं। विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वी- भी गुरुवार को टाई-ब्रेक खेलेंगे, क्योंकि वे नॉवें के आर्यन तारी से दूसरा गेम हार गए थे।

## स्मृति मंधाना अक्टूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की होड़ में



**दुबई, वार्ता।** तीन स्पिनर-नोमान अली, सेनुरन मुथुसामी और राशिद खान-अक्टूबर के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार की दौड़ में हैं, जबकि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की स्टार खिलाड़ी ऐश गार्डनर, स्मृति मंधाना और लॉरा वुलफार्ट ने महिला वर्ग में जगह बनाई है। भारत की सलामी बल्लेबाज मंधाना और दक्षिण अफ्रीका की वुलफार्ट आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के बड़े मैचों में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद इस प्रतिष्ठित महिला मासिक पुरस्कार की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर गार्डनर अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की तिकड़ी में शामिल हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान और दक्षिण अफ्रीका के मुथुस्वामी को पाकिस्तान में दो मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में अपनी-अपनी टीमों को एक-एक मैच जिताने में मदद करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी।

लेग स्पिनर राशिद को सफेद गेंद वाले क्रिकेट में उनके प्रदर्शन के आधार पर यह नामांकन मिला है। दोनों श्रेणियों के लिए तीन नामांकितों को प्रत्येक कैलेंडर माह के पहले से आखिरी दिन तक के प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया है।

## पंजाब एफसी ने दिखाया धैर्य सेमीफाइनल में बनाई जगह

**फातोर्दा, वार्ता।** पंजाब एफसी ने जबरदस्त धैर्य और संयम का प्रदर्शन करते हुए बेंगलुरु एफसी को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर एआईएफएफ सुपर कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। जवाहरलाल नेहरू फातोर्दा स्टेडियम में खेले गए इस अंतिम ग्रुप मैच में दोनों टीमों के बीच निर्धारित समय तक मुकाबला गोलरहित रहा। चूंकि दोनों टीमें अंक और गोल के मामले में बराबरी पर थीं, इसलिए ग्रुप विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मुहीत शब्बीर ने बेंगलुरु के रयान विलियम्स का तीसरा शॉट शानदार तरीके से बचाया, जबकि पंजाब एफसी के न्सुंगुसी एफियोंग, प्रिस्टन रेबेलो, समीर जेल्जकोविच, लिओन ऑगस्टिन और विनीत राय ने सटीक निशाना साधकर 'शेरों' को सुपर कप के इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचाया। पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनायियोटिस डिल्मपेरिस ने शुरुआती एकादश में दो बदलाव किए - घायल मुहम्मद सुहैल की जगह लिओन ऑगस्टिन को शामिल किया गया और नाइजीरियाई स्ट्राइकर न्सुंगुसी एफियोंग को मंगले-थांग किपजेन की जगह शुरुआती लाइनअप में उतारा गया। वहीं, बेंगलुरु एफसी के कोच जेरार्ड जरागोसा ने पिछली मैच की वही टीम मैदान में उतारी। पहले हाफ में पंजाब एफसी का दबदबा रहा। टीम ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और आक्रामक मूड में आगे बढ़ी। एफियोंग को हाफ का पहला असली मौका तब मिला जब दानी रामिरेज ने बेंगलुरु के डिफेंडर से गेंद छीनी और एफियोंग के लिए शानदार पास दिया, लेकिन स्ट्राइकर गेंद को ठीक से नियंत्रित नहीं कर पाए और मौका चूक गए। पंजाब के हमलावरों ने बेहतरीन तालमेल दिखाया और लिओन ऑगस्टिन का एक शॉट बार के ऊपर चला गया। दूसरी ओर, बेंगलुरु एफसी काउंटर अटैक के सहारे खेलते रहे, लेकिन पंजाब की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति और गोलकीपर मुहीत शब्बीर ने कोई भी मौका नहीं दिया।

## पीवी सिंधु लॉस एंजेलिस 2028 में तीसरा ओलंपिक पदक जीत सकती हैं: सायना

**मुंबई, वार्ता।** लंदन 2012 ओलंपिक पदक विजेता सायना नेहवाल का मानना है कि साथी शटलर पीवी सिधु के पास लॉस एंजेलिस 2028 खेलों में तीसरा ओलंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने का 'अनुभव' और दृढ़ संकल्प दोनों है। इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में आयोजित फिट इंडिया नेशनल फिटनेस एंड वेलनेस कॉन्क्लेव के दौरान, पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी ने ओलंपिक डॉट कॉम को बताया कि सिधु की जीत की संभावना इस बात पर निर्भर करती है कि वह लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक से पहले अपने शरीर और फॉर्म को कितनी अच्छी तरह प्रबंधित करती हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिधु ने रियो 2016 में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था। इस तरह वह दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला और पहलवान सुशील कुमार के बाद दूसरी भारतीय



- **पीवी सिंधु के पास ओलंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने का अनुभव और दृढ़ संकल्प दोनों हैं**

एथलीट बन गईं। हालांकि, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, भारत पेरिस 2024 से खाली हाथ लौटा, दोनों ही पोडियम से बाल-बाल चूक गए। सायना को लगता है कि सेन, एचएस प्रणय और सात्विक-चिराग एक बार फिर भारत की सबसे बड़ी उम्मीद होंगे, लेकिन ध्अभी कुछ भी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी क्योंकि फिटनेस और फॉर्म की कभी गारंटी नहीं होती और खेलों के लिए अंतिम क्वालीफिकेशन से पहले के हफ्ते सबसे जरूरी मायने रखते हैं। रियो 2016 में रजत पदक जीतने वाली सिधु ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की ही बिंगजियाओ को 21-13, 21-15 से हराकर महिला एकल में कांस्य पदक जीता। पेरिस में, सिधु प्री-क्वार्टर फाइनल चरण में उसी प्रतिद्वंद्वी से 21-19, 21-14 से हार गईं। पिछले महीने, उन्होंने यूरोपीय चरण से पहले लगी पैर की चोट के कारण, 2025 में होने वाले सभी बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन टूर इवेंट्स से शेष वर्ष के लिए नाम वापस ले लिया। 2025 में, सिधु का प्रदर्शन काफी निराशा. जनक रहा है। कम से कम आधा दर्जन बार पहले दौर में बाहर होने से उनकी प्रतिष्ठा को कोई खास फायदा नहीं हुआ है। वेबसाइट के अनुसार, पिछले कुछ सीज़न में चोटों ने उन्हें परेशान किया है।

## फीफा करेगा लोगों को 'फीफा शांति पुरस्कार' से सम्मानित

**जिनेवा, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) दुनिया में संघर्षों को समाप्त कराने वाले और शांति के प्रयास करने वाले लोगों को आगामी विश्वकप के फाइनल ड्रा के दौरान 'फीफा शांति पुरस्कार' से सम्मानित करेगा।

फीफा ने जारी एक बयान में कहा कि फीफा शांति पुरस्कार - फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है, यह दुनिया भर के पांच अरब से ज्यादा फुटबॉल पसंद करने वाले लोगों की ओर से दिया जाएगा। फुटबॉल में और फुटबॉल के लिए अपने रोजाना के कामों से, ये सभी लोग फीफा के आदर्श वाक्य 'फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है' में योगदान देते हैं, क्योंकि वे लड़कियों और लड़कों, महिलाओं और पुरुषों को जुनून, खुशी, आशा और आनंद के इर्द-गिर्द एकजुट करते हैं, और इसलिए, यह बिल्कुल सही है कि एक विशेष पुरस्कार एक विशेष उपलब्धि को पहचान दे। अमेरिका के वाशिंगटन में विश्वकप फाइनल ड्रा के दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो पांच दिसंबर 2025 को पहला पुरस्कार देंगे। इन्फेंटिनो ने कहा कि अस्थिर और बंटी हुई दुनिया में जरूरी है कि उन लोगों के अभूतपूर्व काम को मान्यता दी जाए, जो संघर्षों को खत्म करने और लोगों को साथ लाकर शांति कायम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फुटबॉल शांति के लिए खड़ा है, और पूरे वैश्विक फुटबॉल समुदाय की ओर से, फीफा शांति पुरस्कार फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है, उन व्यक्तियों के विशाल प्रयासों को पहचानेगा जो लोगों को एकजुट करते हैं, और आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा लाते हैं।

## आप युवा लड़कियों के लिए रोल मॉडल है: मुर्मू



**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को विश्व. कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों के मुलाकात की और कहा कि वे आज युवा पीढ़ी की लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेकर राष्ट्रपति मुर्मु के साथ फोटो खिचवाई। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट भेंट की। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आप युवा पीढ़ी, विशेषकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे वह जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। राष्ट्रपति ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हर सदस्य को बधाई दी और कहा कि उन्होंने क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है। देश और विदेश में लाखों भारतीय इस जीत का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह टीम भारत को दिखाती है। ये अलग- अलग क्षेत्रों, अलग-अलग सामाजिक पृष्ठभूमि, अलग-अलग परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन वे एक टीम हैं - भारत। यह टीम भारत को उसके सबसे अच्छे रूप में दिखाती है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि टीम ने सात बार की विश्व चैंपियन और उस समय तक अजेय रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में हराकर सभी भारतीयों का अपनी काबिलियत पर विश्वास मजबूत किया है। एक मजबूत टीम के खिलाफ एक मुश्किल मैच में बड़े अंतर से फाइनल मैच जीतना टीम इंडिया की उत्कृष्टता का एक यादगार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वे रोल मॉडल बन गई हैं। युवा पीढ़ी, खासकर लड़कियां, जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिन खूबियों से उन्होंने इतिहास रचा है, उन्हीं खूबियों से वे भविष्य में भी भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर रखेंगी।

## स्क्वैश विश्व कप में भारत समेत 12 देश भाग लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** मेजबान भारत, गत विजेता मिस्र और पिछले संस्करण के उपविजेता मलेशिया सहित बारह देश 9 से 14 दिसंबर तक चेन्नई में आयोजित होने वाले स्क्वैश विश्व कप 2025 में भाग लेंगे। खेल की वैश्विक नियामक संस्था, विश्व स्क्वैश ने पुष्टि की है कि एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में होने वाले मिश्रित टीम टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में 12 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे। 2023 में इसी स्थान पर आयोजित पिछले संस्करण में आठ स्क्वैश टीमों ने भाग लिया था। यह 12 वर्षों में पहला स्क्वैश विश्व कप था। स्क्वैश विश्व कप 2025 की टीमें :

ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, मिस्र, हांगकांग, भारत, ईरान, जापान, मलेशिया, पोलैंड, कोरिया गणराज्य, दक्षिण अफ्रीका, स्विट्जरलैंड

# वायु प्रदूषण खतरनाक

प्रत्येक वर्ष सर्दियों में दिल्ली को फसल अवशेषों के दहन, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के परिणामस्वरूप वातावरण में प्रदूषकों के अवस्थित रह जाने के कारण गंभीर वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। वर्ष 2025 में दिल्ली सरकार और आईआईटी कानपुर ने कृत्रिम वर्षा कराने के लिए क्लाउड सीडिंग प्रयोग किए, लेकिन कम वायुमंडलीय नमी के कारण इस प्रयास को सीमित सफलता मिली। इस घटना ने यह स्पष्ट किया कि 'क्लाउड सीडिंग' एक अस्थायी और अनिश्चित उपाय है, जो यह संकेत देता है कि प्रदूषण के मूल कारणों से निपटने के लिए दीर्घकालिक, समन्वित और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित रणनीतियों की आवश्यकता है, न कि प्रतीकात्मक हस्तक्षेपों पर निर्भरता की। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में इससे संबंधित याचिका दाखिल की गई है, जिसमें बताया गया है की देश की राजधानी दिल्ली में ही 22 लाख बच्चों के फेफड़ों में संक्रमण हो गया है। इसमें यह भी मांग की गई की प्रदूषण को पब्लिक हेल्थ इमरज. ेंसी घोषित किया जाए। वास्तव में प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है, इसलिए केंद्र सरकार को सभी राज्यों को इस संबंध में एडवाइजरी जारी करनी चाहिए कि प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। इसमें देश के हर नागरिक को बढ़चढ़कर भागीदार बनना होगा, तब कहीं वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे की वर्ष 2024 की एक रिपोर्ट क्लाउड सीडिंग को एक मौसम परिवर्तन तकनीक के रूप में परिभाषित करती है जिसमें वर्षा बढ़ाने के लिए उपयुक्त बादलों में 'बीज' कण प्रविष्ट कराए जाते हैं। भारत में तेजी से बढ़ते मोटरीकरण ने वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत बना दिया है। अकेले दिल्ली में परिवहन सभी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान( भारत के प्रमुख शहरों का ग्रीनहाउस गैस फूटप्रिंट) देता है। वाहन सूक्ष्म कणिका पदार्थ (पीएम 2.5), नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन उत्सर्जित करते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता बहुत बिगड़ जाती है। ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज 2023 रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण भारत में अकाल मृत्यु और विकलांगता के शीर्ष तीन कारणों में से एक बना हुआ है। वायु प्रदूषण भारत में सालाना 20 लाख से अधिक मौतों का कारण बनता है। इसके लिए सरकार की नहीं आम जन भी जिम्मेदार है। जिसका खामियाजा केवल बच्चों को ही नहीं बड़ों को भी भुगतना पड़ रहा है। हर साल सर्दियों के मौसम में ऐसी दिक्कतें आती हैं और कुछ लोग कोर्ट भी चले जाते हैं, लेकिन कोर्ट का एक ही कहना है कि इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों को मिल जुलकर काम करने की जरूरत है। कोर्ट के इस आदेश के बाद भी न तो केंद्र सरकार ही और न राज्य सरकारें ही अपने कर्तव्यों को पूरा कर रही हैं, जिस कारण वायु प्रदूषण हर साल गंभीर अवस्था में चला जाता है।


## अमीरों की धन-दौलत 62 प्रतिशत बढ़ी



देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती असमानता और आर्थिक विषमता समाज के लिए एक गहरी चिंता का विषय है, जब देश के एक प्रतिशत अमीरों की धन-दौलत पिछले कुछ वर्षों में 62 प्रतिशत बढ़ गई है, तो यह समझना कठिन नहीं कि 99 प्रतिशत नता के हिस्से में कितना धन बचा होगा, इस बढ़ती आर्थिक खाई ने न केवल आर्थिक भेदभाव को, बल्कि सामाजिक भेदभाव को भी और गहरा किया है, जब समाज के कुछ वर्गों के पास अपार संपत्ति और संसाधन केंद्रित हो जाते हैं, तो बाकी जनता के लिए अवसर और सम्मान के द्वार सीमित हो जाते हैं, आय का तार्किक और न्यायपूर्ण वितरण ही सामाजिक समानता का सच्चा मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# जागरूकता से ही जीती जा सकती हैं कैंसर की लड़ाई



**योगेश कुमार गोयल**



कैंसर, किसी भी व्यक्ति के लिए यह एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से पफैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है।

भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की को. शिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिक. ाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रकत की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्राय: इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता।

**जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।**

इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरक. ारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी ही होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मधुमक्खियों को भी होता है दर्द

**वैज्ञानिकों के अनुसार यह अध्ययन इस क्षमता का कोई औपचारिक प्रमाण प्रदान नहीं करता है। दरअसल, कीटों में दर्द संवेदना का पता लगाना थोड़ा मुश्किल काम है। पूर्व में हुए अध्ययन फल मक्खियों के तंत्रिका तंत्र में जीर्ण दर्द के अनुभव के संकेत देते हैं लेकिन कीटों में दर्द सम्बंधी तंत्रिका तंत्र होने को लेकर संदेह है। कुल जीवों में से कम से कम 60 प्रतिशत कीट हैं। ऐसे में इन्हें अनदेखा करना उचित नहीं है। आधुनिक विज्ञान मूलत: मानव-केंद्रित है जो अकशेरुकी जीवों को अनदेखा करता आया है। उम्मीद है कि इस अध्ययन से रवैया बदलेगा।**

मधुमक्खियों के डंक से बचने के लिए हम कई बार उन्हें मारने-भगाने की कोशिश करते हैं लेकिन क्या ऐसा करने पर उनको दर्द महसूस होता है? जब हमारे शरीर पर कहीं चोट लगती है तो शरीर की तंत्रिका कोशिकाएं हमारे मस्तिष्क को संदेश भेजती हैं जिससे हमारा मस्तिष्क हमें दर्द का एहसास कराता है। कीटों में इस तरह का कोई जटिल तंत्र नहीं है जिससे उनको दर्द का एहसास हो सके लेकिन एक हालिया अध्ययन से मधुमक्खियों और अन्य कीटों में भावनाओं के प्रति चेतना के साक्ष्य मिले हैं। पूर्व में किए गए अध्ययन बताते हैं कि मधुमक्खियां और भौंरे काफी बुद्धिमान एवं चतुर प्राणी हैं।



वे शून्य की अवधारणा को समझते हैं, सरल हिसाब-किताब कर सकते हैं और अलग-अलग मनुष्यों (और शायद मधुमक्खियों) के बीच अंतर भी कर सकते हैं। ये प्राणी भोजन की तलाश के मामले में आम तौर पर काफी आशावादी होते हैं लेकिन किसी शिकारी मकड़ी के जाल में जरा भी फंसने पर ये परेशान हो जाते हैं। यहां तक कि बच निकलने के बाद भी कई दिनों तक उनका व्यवहार बदला-बदला रहता है और वे फूलों के पास जाने से डरते हैं। क्वींस मैरी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक और इस अध्ययन के प्रमुख लार्स चिटका के अनुसार मधुमक्खियां भी भावनात्मक अवस्था का अनुभव करती हैं। मधुमक्खियों में दर्द संवेदना का पता लगाने के लिए चिटका ने जाना-माना तरीका अपनाया-लाभ-हानि के बीच संतुलन का तरीका। जैसे दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखने के लिए लोग दंत चिकित्सक की ड्रिल के दर्द को सहन करने को तैयार हो जाते हैं। इसी तरह हर्मिट केंकड़े बिजली के जोरदार झटकों से बचने के लिए अपनी पसंदीदा खोल को त्याग देते हैं लेकिन तभी जब झटका जोरदार हो।

इसी तरीके को आधार बनाकर चिटका और उनके सहयोगियों ने 41 भवरों (बॉम्बस टेरेस्ट्रिस) को 40 प्रतिशत चीनी के घोल वाले दो फीडर और कम चीनी वाले दो फीडर का विकल्प दिया। इसके बाद शोधकर्ताओं ने इन फीडरों को गुलाबी और पीले हीटिंग पैड पर रखा। शुरुआत में तो सभी हीटिंग पैड्स को सामान्य तापमान पर रखा गया और मधुमक्खियों को अपना पसंदीदा फीडर चुनने का मौका दिया गया। अपेक्षा के अनुरूप सभी मधुमक्खियों ने अधिक चीनी वाले फीडर को चुना।

इसके बाद वैज्ञानिकों ने अधिक चीनी वाले फीडरों के नीचे वाले पीले पैड्स को 55 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया, जबकि गुलाबी पैड्स को सामान्य तापमान पर ही रखा। यानी पीले पैड्स पर उतरना किसी गर्म तवे को छूने जैसा था, लेकिन इसके बदले अधिक मीठा शरबत भी मिल रहा था। प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में प्रका. शित रिपोर्ट के अनुसार जब चीनी से भरपूर गर्म फीडर और कम चीनी वाले ठंडे फीडरों के बीच विकल्प दिया गया तो मधुमक्खियों ने गर्म और अधिक मात्रा में चीनी वाले फीडर को ही चुना। चीनी की मात्रा बढ़ा दिए जाने पर मधुमक्खियां और अधिक दर्द सहने को तैयार थीं। इससे लगता है कि अधिक चीनी उनके लिए एक बड़ा प्रलोभन था। फिर जब वैज्ञानिकों ने गर्म और ठंडे दोनों पैड्स वाले फीडरों में समान मात्रा में चीनी वाला शरबत रखा तो मधुमक्खियों ने पीले पैड्स पर जाने से परहेज किया, जिसके गर्म होने की आशंका थी। इससे स्पष्ट होता है कि वे पूर्व अनुभवों को याद रखती हैं और उनके आधार पर निर्णय भी करती हैं। अध्ययन दर्शाता है कि क्रस्टेशियंस के अलावा कीटों और मकड़ियों में भी इस तरह की संवेदना होती है। इस अध्ययन को मानव उपभोग के लिए कीटों की खेती में बढ़ती रूचि और शोध अध्ययनों में कीटों की खैरियत के मामले में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि मधुमक्खियां भी वैसा ही दर्द महसूस करती हैं जैसा मनुष्य करते हैं।

**...स्रोत फीचर्स**

# बिहार: क्या यही है सुशासन के दावों की हकीकत




**निर्मल रानी**

बिहार विधानसभा चुनाव अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। दावों प्रतिदावों और आरोपों व प्रत्यारोपों का दौर अपने चरम पर है। सत्ता की तरफ से चुनाव जीतने के लिए सबसे अधिक जोर लगाया जा रहा है। हरियाणा सहित कई अन्य भाजपा शासित राज्यों से तो बिहारी मतदाताओं को विशेष ट्रेन्स द्वारा मतदान करने हेतु बिहार भेजा जा रहा है। उधर भाजपा स्टार प्रचारक नीतीश सरकार को श्सुशासनश व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के रूप में प्रचा. रित करते नहीं थक रहे परन्तु सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त बिहार के इन्हीं दावों के बीच कुछ ऐसे सनसनीखेज रहस्योद्घाटन हो रहे हैं व घटनायें घटित हो रही हैं जिन्होंने बिहार में सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की कलई खोल कर रख दी है। हैरानी की बात तो यह है कि इसतरह के खोखले दावों की हवा निकालने में किसी सत्ता विरोधी दल या विपक्ष की कोई भूमिका नहीं है बल्कि स्वयं भाजपा-जे डी यू के नेता ही इस कलई खोल अभियान के मुख्य सूत्रधार हैं।

सबसे पहले तो जिक्र करते हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह (आरके सिंह) के बयानों का। आर के सिंह बिहार के आरा से दो बार सांसद रह चुके हैं और मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में वे ऊर्जा मंत्री थे। उनकी गिनती भाजपा के वरिष्ठ नेता के रूप में होती है। सर्वप्रथम तो आर के सिंह ने चुनाव अभियान के बीच ही गत 20 अक्टूबर को एक वीडियो संदेश जारी कर मतदाताओं से अपील की थी कि वे अपराधी और भ्रष्ट छवि वाले उम्मीदवारों को वोट हरगिज न दें। उन्होंने विशेष रूप से जेडीयू के मोकामा से उम्मीदवार अनंत सिंह व भाजपा के तारापुर से उम्मीदवार व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम लिया था। उस सन्देश में सिंह ने यहां तक कहा था कि ऐसे उम्मीदवारों को वोट देना चुल्लू भर पानी में डूब मरने से भी बदतर है, क्योंकि ये जनता का खून चूस रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को हटाकर ही बिहार का विकास संभव है और यदि सभी उम्मीदवार ऐसे हों तो मतदाता नोटा का विकल्प चुनें। सिंह ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इसी तरह के कुल 8 उम्मीदवारों के नाम लिए। अब आरके सिंह के इस बयान को भाजपा के अंदर सुलग रही बगावत की चिंगारी के रूप में देखा जा रहा है।

आर के सिंह के उपरोक्त बयानों पर अभी चर्चा चल ही रही थी कि पिछले दिनों उन्होंने बिजली घोटाला सम्बन्धी एक और बड़ा धमाका कर दिया। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ये आरोप मुख्य रूप से बिहार में बिजली विभाग से जुड़े 62,000 करोड़ रुपये के घोटाले से संबंधित हैं, जो बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले यानी गत 4 नवंबर को सामने लाये गये हैं। इन आरोपों के अनुसार बिहार सरकार ने एक थर्मल पावर प्लांट के निर्माण के लिए अदानी ग्रुप से सम्बंधित एक कंपनी को अत्यधिक ऊंची कीमत पर अनुबंध दिया। इस अनुबंध के तहत कंपनी को 25 वर्षों के लिए बिजली की कीमत 6.075 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गई, जो बाजार दर से काफी अधिक है। इससे सरकार को पूंजी की वापसी के साथ-साथ अतिरिक्त




लाभ होगा, जो कुल 62,000 करोड़ रुपये का नुकसान बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को पहुंचाएगा। उन्होंने बिहार सरकार के बिजली विभाग के कई अधिकारियों को इस घोटाले के लिये आरोपित करते हुये सीबीआई से इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। सिंह का आरोप है कि यह घोटाला सीधे तौर पर बिहार के लोगों को प्रभावित करेगा, क्योंकि बिजली के दाम बढ़ेंगे। इससे पहले भी आर के सिंह राज्य की सुशासन कही जाने वाली नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगा चुके हैं परन्तु चुनावों के बीच उनके द्वारा लगाए जा रहे उपरोक्त गंभीर आरोपों ने बिहार में कोहराम मचा दिया है। विपक्षी महागठबंधन इन आरोपों को अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। दूसरी बड़ी घटना केंद्रीय मंत्री लल्लन सिंह से संबंधित है। गत 4 नवंबर को पटना जिला प्रशासन ने लल्लन सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। ललन सिंह ने मोकामा में जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह जोकि इस समय दुलारचंद यादव हत्याकांड के मामले में बेऊर जेल में बंद हैं के समर्थन में किये जा रहे प्रचार के दौरान एक सभा में कहा कि ष्कुछ नेताओं को वोटिंग के दिन घर में बंद कर दो। घर से उसी को निकलने दो जो हमारे पक्ष में वोट करे। अगर ज्यादा हाथ-पैर जोड़े तो अपने साथ ले जाकर वोट गिराने देना है। गौरतलब है कि अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद ललन सिंह ही उनके चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे थे। विपक्ष ने ललन सिंह के इस बयान को लोकतंत्र पर हमला बताया और कहा कि यह गरीब वोटरों को डराने की साजिश है।

अब इन घटनाओं व बयानों के सन्दर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दावों का जिक्र भी जरूरी है। एक ओर तो आर के सिंह व ललन सिंह जैसे भाजपा-जे डी यू के केंद्रीय स्तर के नेताओं के बयान बिहार में भ्रष्टाचार, कुशासन व जंगल राज की तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ गृह मंत्री अमित शाह इन्हीं चुनाव प्रचार के दौरान जनसभाओं में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का प्रमाणपत्र दे रहे हैं। शाह के अनुसार नीतीश कुमार पर चवन्नी के भ्रष्टाचार का भी आरोप नहीं लगा है। उनके अनुसार केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, वे ही बिहार का विकास कर सकते हैं। वे केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्षों और बिहार में नीतीश के 20 वर्षों के शासन को भ्रष्टाचार मुक्त बताते हैं जबकि विपक्ष पर घोटालों का आरोप लगाने के साथ ही लालू यादव के 20 वर्ष पूर्व के कथित जंगल राज की भी याद दिलाना नहीं भूलते। ऐसे में आर के सिंह के व लल्लन सिंह जैसे सत्ता से जुड़े केंद्रीय नेताओं के ही बयान क्या यह सवाल नहीं खड़ा करते कि क्या यही है बिहार में सुशासन के दावों की हकीकत?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल को हमास से एक और मृत बंधक का शव मिला

**यरूशलम।** इजरायल ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी में रेड क्रॉस के माध्यम से हमास से एक और बंधक का शव मिला है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अवशेषों से भरा एक ताबूत रेड क्रॉस टीमों द्वारा सौंपे जाने के बाद एन्क्लेव से स्थानांतरित कर दिया गया है और इसे तेल अवीव स्थित राष्ट्रीय फोरेंसिक संस्थान में पहचान के लिए ले जाया जाएगा। हमास की अल-कस्साम ब्रिगेड ने पुष्टि की है कि उसने गाजा शहर के शुजैया मोहल्ले में मिले 'एक इजरायली बंदी' का शव सौंप दिया है।

### अमेरिकी टैरिफ के दबाव से समुद्री खाद्य उद्योग संकट में

**कोच्चि।** अमेरिका के हाल ही में लगे नए आयात शुल्कों के बाद भारत का समुद्री खाद्य (सीफूड) निर्यात क्षेत्र गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस झटके ने उद्योग जगत और नीति-निर्माताओं को मूल्य संवर्धन, तकनीकी नवाचार और बाजार विविधीकरण की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है ताकि देश की निर्यात आय को बचाया जा सके। ये मुद्दे कोच्चि स्थित सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित चौथे 'इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन मरीन इकोसिस्टम्स' नाम से हुई संगोष्ठी में प्रमुख रूप से उभरे।

### खराब मौसम के चलते फिलीपींस में इमरजेंसी का ऐलान

**मनीला।** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुआल्डेज मार्कोस ने तूफान काल्मेगी के असर और एक नए आने वाले तूफान की आशंका को देखते हुए गुरुवार को पूरे देश में राष्ट्रीय आपदा की स्थिति घोषित कर दी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि आपदा प्रबंधन परिषद के राष्ट्रीय आपदा लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसमें कहा गया है कि कई क्षेत्रों को काल्मेगी तूफान ने प्रभावित किया है और अब नए आने वाले तूफान फंग-वॉंग का संकट है।



बिहार। विधानसभा चुनाव के दौरान गोविंदगंज, पूर्वी चंपारण जिले में एक सार्वजनिक रैली में समर्थकों का अभिवादन करती कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

# जोहरान ममदानी की जीत नए युग की शुरुआत

## भारतीय मूल के लोग बेहद खुश और उत्साहित, बोले: दक्षिण एशियाई अमेरिकी लोग अमेरिका का राजनीतिक भविष्य

**न्यूयार्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी की न्यूयार्क मेयर चुनाव में जीत से भारतीय मूल के लोग बेहद खुश और उत्साहित हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने न्यूयार्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की जीत का स्वागत किया और उनकी जीत को ऐतिहासिक बताया है कि यह इस बात का संकेत है कि अब अमेरिका में अप्रवासियों की कहानियां ही सोच को आकार दे रही हैं।

न्यूयार्क स्थित एजुकेशनल और कल्चरल आर्गनाइजेशन 'द कल्चर ट्री' की फाउंडर और सीईओ अनु सहगल का कहना है कि कल रात ऐसा लगा जैसे जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत के साथ, एक नए युग की शुरुआत हुई है। हम न्यूयॉर्क के पहले भारतीय मूल के मेयर का स्वागत कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि यह शहर पहचान, अपनेपन और



शक्ति को कैसे समझता है। एक बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि ममदानी द्वारा जीत के बाद दिए गए भाषण में अप्रवासियों के प्रति एक विश्वास झलकता है कि न्यूयार्क उन लोगों ने बनाया है जो यहां आते हैं, मेहनत करते हैं और आगे बढ़ते हैं। अनु सहगल ने कहा कि यह बात पक्की है कि दक्षिण एशियाई और अप्रवासियों की कहानियां अब सिर्फ नैरेटिव का हिस्सा नहीं हैं, वे इसे आकार दे रही हैं। दक्षिण एशियाई समुदाय के नेता और नासाउ काउंटी के पूर्व डिप्टी कंट्रोलर दिलीप चौहान ने ममदानी को बधाई दी और कहा कि उन्हें एक साथी दक्षिण एशियाई अमेरिकी को सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पित देखकर खुशी हुई। चौहान ने कहा कि वह एक बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाते हैं और हर अप्रवासी के लिए एक रोल मॉडल हैं। उन्हें हमारे समुदाय की सेवा करने और उन्हें आगे बढ़ाने में सफलता मिले, इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं। भारतवंशियों के एक सामुदायिक संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड' ने मंगलवार के विभिन्न चुनाव नतीजों पर कहा कि इन चुनाव नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि चाहे वह सिटी काउंसिल हो, मेयर हो, या राष्ट्रीय पद हो, दक्षिण एशियाई अमेरिकी इस देश के राजनीतिक भविष्य का हिस्सा हैं।

# POK में पाक सरकार के खिलाफ GenZ का प्रदर्शन

## कातिलों जवाब दो का नारा लगाया, फीस बढ़ने और एग्जाम में सुधार को लेकर सड़कों पर उतरे

**इस्लामाबाद।** नेपाल, बांग्लादेश के बाद अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैन-जी सड़कों पर उतर आए हैं। वे एजुकेशन सिस्टम में बदलाव, परीक्षा में ई-मार्किंग सिस्टम की खामियां और जरूरी सुविधाओं की कमी की वजह से प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आंदोलन 4 नवम्बर को मुजफ्फराबाद में 'यूनिवर्सिटी ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर' से शुरू हुआ।

छात्र सेमेस्टर फीस में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे थे। इसमें एक छात्र गोली लगने से घायल हुआ, जिसके बाद यह प्रदर्शन हिंसक हो गया। यह प्रदर्शन मुजफ्फराबाद से निकल कर मीरपुर, कोटली, रावलाकोट और नीलम वैली तक फैल चुका है। लाहौर में भी इंटरमीडिएट छात्रों ने धरना दिया। छात्रों ने आजादी और 'कातिलों जवाब दो, खून का हिसाब दो' जैसे नारे लगाते हुए पाकिस्तानी सेना पर अत्याचार के आरोप लगाए। छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान 'कातिलों जवाब दो, खून का हिसाब दो' जैसे नारे लगाए। मुजफ्फराबाद के यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में सेमेस्टर फीस में 3-4 महीने में लाखों रुपए बढ़ने के कारण छात्र गुस्साए हुए थे। इस प्रदर्शन में इंटरमीडिएट (11वीं-12वीं) के छात्र भी शामिल हो गए, जो मैट्रिक और इंटरमीडिएट स्तर पर लागू ई-मार्किंग (डिजिटल मूल्यांकन) सिस्टम से नाराज हैं। इससे पहले 30 अक्टूबर को ग्यारहवी के रिजल्ट 6 महीने की देरी से जारी किए गए थे, जिसके कारण स्टूडेंट्स ने विरोध किया था। छात्रों ने आरोप लगाया कि ई-मार्किंग के कारण उन्हें बहुत कम नंबर मिले। वहीं, कुछ मामलों में तो ऐसी परीक्षाओं में भी पास दिखाया गया जिनकी परीक्षा उन्होंने दी ही नहीं थी। एजुकेशन बोर्ड ने ई-मार्किंग प्रक्रिया की जांच के लिए एक कमेटी गठित की, लेकिन सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। पीओके में अक्टूबर में बिजली बिलों में वृद्धि, आटे की सब्सिडी और विकास कार्यों की मांग को लेकर प्रदर्शन हुआ था। यह आंदोलन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 5 दिनों तक चला। यह प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएसी) के नेतृत्व में हुआ था। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे थे। जेकेजेएसी ने सरकार के सामने 38 मांगें रखी थी, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग की गई। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की 38 में से 21 मांगे मान ली थी, जिसके बाद विरोध-प्रदर्शन बंद किया गया।



- यह आंदोलन चार नवम्बर को मुजफ्फराबाद में 'यूनिवर्सिटी ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर' से शुरू हुआ
- इसमें एक छात्र गोली लगने से घायल हुआ, जिसके बाद यह प्रदर्शन हिंसक हो गया

### पाक में आर्मी चीफ को और ताकत मिलेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार संविधान में 27वां संशोधन लाने की तैयारी कर रही है। इससे सेना प्रमुख को ज्यादा ताकत मिल सकती है और प्रांतों को मिलने वाला पैसा कम हो सकता है। रिपोर्टों के मुताबिक, संशोधन के तहत पाकिस्तानी संविधान के आर्टिकल 243 में बदलाव किया जाएगा। यह आर्टिकल सेना प्रमुख की नियुक्ति और आर्म्ड फोर्स के कमांड से जुड़ा है। इसके तहत कमांडर-इन-चीफ नाम से नया संवैधानिक पद भी बनाया जा सकता है। इस बिल को लेकर पाकिस्तानी संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में 14 नवम्बर को वोटिंग होगी। इसे देखते हुए सरकार ने सभी मंत्रियों के विदेशी दौरे रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर 2027 में रिटायर होने वाले हैं। माना जा रहा है कि ऐसे में सरकार ने उन्हें इस संशोधन के जरिए लाइफटाइम पावर में बने रहने की ताकत दे सकती है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। इस बिल को लेकर चर्चा तब शुरू हुई जब पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि सरकार ने उनसे इस संशोधन पर समर्थन मांगा है।

### अफगान में अफीम की खेती में 20 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में अफीम की खेती में इस वर्ष 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2025 में अफीम की खेती का क्षेत्रफल घटकर 10200 हेक्टेयर रह गया है। यह साल 2024 में 12800 हेक्टेयर था। साल 2022 में तालिबान के लगाए देशव्यापी प्रतिबंध के बाद इसके रकबे में गिरावट लगातार जारी है। इस प्रतिबंध से पहले यानी 2022 में यह क्षेत्र 232000 हेक्टेयर तक फैला हुआ था। खेती के रकबे में आई गिरावट के चलते देश में अफीम उत्पादन में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस वर्ष उत्पादन लगभग एक-तिहाई घटकर 296 टन रह गया है और किसानों की अफीम बिक्री से होने वाली आमदनी लगभग आधी हो गई है।

# बांग्लादेश में चुनाव प्रचार की शुरुआत में हिंसा

- कई जगहों पर हमले और आगजनी की वारदात हुई, बीएनपी उम्मीदवार को मारी गई गोली

**ढाका।** बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत के साथ ही कई जगहों पर हिंसा भड़क उठी है।

इस दौरान चिटगांव में विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार एरशाद उल्लाह को गोली लगने से घायल हो गए हैं, जबकि कुमिल्ला जिले में उपद्रवियों ने एक अन्य उम्मीदवार के घर में आग लगा दी। वहीं अंतरिम सरकार ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बीएनपी उम्मीदवार एरशाद उल्लाह इस हमले के मुख्य निशाने पर नहीं थे, बल्कि एक भटकी हुई गोली से घायल हो गए। सरकार ने बयान जारी कर कहा कि हम इस आपराधिक घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और सभी उम्मीदवारों व नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चिटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस (सीएमपी) को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ताकि अपराधियों को जल्द पकड़ा जा सके। मुख्य सलाहकार ने सुरक्षा एजेंसियों को आदेश दिया है कि दोषियों को हर हाल में पकड़कर न्याय के दायरे में लाया जाए। उन्होंने कहा कि हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति बांग्लादेश की सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

# जापान में भालुओं को पकड़ने के लिए सेना तैनात

- सात महीने में 100 हमले, 12 की मौत लोगों को घरों में घंटियां रखने की सलाह

**टोक्यो।** जापान ने कई इलाकों में भालुओं को पकड़ने के लिए सेल्फ-डिफेंस फोर्सेज (एसडीएफ) को तैनात किया है। भालू विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यहां के पहाड़ी इलाकों में भालुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। अप्रैल से अब तक पूरे देश में 100 से अधिक भालू हमले हो चुके हैं, जिनमें 12 लोगों की मौत हुई है।

सबसे ज्यादा मौतें अकिता प्रांत और पड़ोसी शहर इवाते में हुईं। अकिता में भालू दिखने की घटनाएं इस साल छह गुना बढ़कर 8000 से अधिक हो गईं। स्थिति बेकाबू होने पर प्रांत के गवर्नर ने सेना की मदद मांगी। एसडीएफ के सैनिक काजुनो शहर पहुंचे, जहां वे भालू पकड़ने के लिए स्टील जाल लगाने में स्थानीय अधिकारियों की मदद कर रहे हैं। वहीं, भालुओं को मारने का काम ट्रेंड शिकारियों को सौंपा गया है। इनसे बचने के लिए अधिकारियों ने लोगों को घरों के बाहर घंटी रखने की सलाह दी है, ताकि तेज आवाज सुनकर भालू घर के पास न आए। काजुनो शहर में रह रहे 30 हजार निवासियों को जंगल से दूर रहने, रात में घर से बाहर न निकलने, घंटी रखने और तेज साउंड की मदद से भालुओं को भगाने की सलाह दी जा रही है।

# जोहरान ममदानी ने रजनीगंधा इलायची खाई

- सोशल मीडिया पर लोग बोले: अब लगे असली इंडियन

**न्यूयार्क।** न्यूयार्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें वे सड़क किनारे दिए एक इंटरव्यू के दौरान जेब से रजनीगंधा सिल्वर पर्ल्स निकाल कर खाने लगते हैं। उनका यह देसी अंदाज भारतीय यूजर्स को खूब पसंद आ रहा है।

यह वीडियो कंटेंट क्रिएटर निकोलस नूवन ने ब्रूकलिन में शूट किया। वीडियो में ममदानी एक काले रंग की गाड़ी से उतरते हैं। नूवन उनसे पूछते हैं, क्या आपने कुछ खा लिया? इस पर ममदानी मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, हां, मैंने खाना खा लिया है। इसके कुछ ही सेकंड बाद वे अपनी जेब से रजनीगंधा सिल्वर पर्ल्स का पैकेट निकालते हैं और कहते हैं कि मैं हाल ही में ये काफी खाने लगा हूं। ये एक तरह से मिंट जैसा है। इसके बाद वे नूवन को भी रजनीगंधा ऑफर करते हैं। नूवन स्वाद चखकर कहते हैं कि वाह, ये तो काफी टेस्टी है। जैसे खाने वाला परफ्यूम। ममदानी मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, 'परफ्यूम जो खाया जा सकता है।'

# शटडाउन के चलते विमान क्षेत्र पर लगे नए प्रतिबंध

## 40 जगहों पर उड़ान क्षमता में 10 प्रतिशत कटौती, बैन का असर देश भर में लगभग 4000 उड़ानों पर पड़ेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जारी शटडाउन 36वें दिन में प्रवेश कर चुका है। देश के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। जिसका सीधा असर विमानन क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। इस बीच परिवहन सचिव सीन डफी ने नए उड़ान प्रतिबंधों की घोषणा की है।

जिसमें 40 स्थानों पर उड़ान क्षमता में 10 प्रतिशत की कमी शामिल है, जिसका असर देश भर में लगभग 4000 उड़ानों पर पड़ेगा। अमेरिकी हवाई क्षेत्र के संभावित बंद होने की चेतावनी के कुछ दिनों बाद परिवहन सचिव सीन डफी ने बुधवार को नए उड़ान प्रतिबंधों का एलान किया है। फाक्स बिजनेस की रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) में कर्मचारियों की भारी कमी के बीच सरकारी शटडाउन रिकार्ड 36 दिनों तक पहुंच गया है। फाक्स बिजनेस के हवाले से डफी ने कहा



- अमेरिका में जारी शटडाउन 36वें दिन में प्रवेश कर चुका है

कि हालांकि, इनमें से एक यह है कि हमारे 40 स्थानों पर क्षमता में 10 प्रतिशत की कमी होगी। प्रभावित हवाई अड्डों की पूरी सूची गुरुवार को जारी की जाएगी। दरअसल, 1 अक्टूबर से शुरू हुआ शटडाउन बुधवार (स्थानीय समय) को अपने 36वें दिन में प्रवेश कर गया, जिससे यह अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन बन गया। फाक्स बिजनेस ने रायटर्स के हवाले से बताया कि इसने कई संघीय एजेंसियों को आंशिक रूप से बंद कर दिया है, जिससे लगभग 13000 हवाई यातायात नियंत्रक और 50000 परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) अधिकारी एक महीने से ज्यादा समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। इससे पहले सीबीएस न्यूज के अनुसार मंगलवार को डफी ने चेतावनी दी थी कि अगर संकट जारी रहा, तो परिवहन विभाग (डीओटी) सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हवाई क्षेत्र के कुछ हिस्सों को पूरी तरह से बंद कर सकता है। उन्होंने कहा कि जब हमें लगेगा कि यह सुरक्षित नहीं है, तो हम हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि विमानन प्रणाली पहले से ही अपनी सीमा तक पहुंच चुकी है।

# भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहे जहाज पर हुआ कब्जा

- सोमालिया के समुद्री डाकुओं पर हमले को अंजाम देने का शक

**सोमालिया।** गुरुवार को सोमालिया के तट के पास मशीन गन और राकेट प्रोपेल्ड गन से लैस हमलावरों ने एक जहाज पर हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहा था।

माना जा रहा है कि सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने इस हमले को अंजाम दिया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड आपरेशंस सेंटर ने इस हमले को लेकर अलर्ट जारी किया और इलाके में मौजूद जहाजों को चेतावनी दी। प्राइवेट सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने भी जहाज पर हमले की जानकारी दी। एम्ब्रे ने कहा कि यह हमला भारत के सिक्का से दक्षिण अफ्रीका के डरबन जा रहे माल्टा के झंडे वाले एक टैंकर पर किया गया। एम्ब्रे ने आगे कहा कि यह सोमाली समुद्री डाकुओं का हमला लग रहा है, जिनके बारे में हाल के दिनों में इस इलाके में सक्रिय होने की खबरें आई हैं। इससे पहले सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने कथित तौर पर एक ईरानी मछली पकड़ने वाली नौका पर भी कब्जा कर लिया था। हालांकि ईरान की सरकार की तरफ से नाव पर कब्जे की बात स्वीकार नहीं की गई है।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने ममदानी का मजाक उड़ाया

## कहा: वे ट्रांसजेंडर अधिकारों के समर्थक, ममदानी का उमर खालिद की डायरी पढ़ने वाली वीडियो वायरल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को भारतीय मूल के जोहरान ममदानी का मजाक उड़ाया। मियामी में एक बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा, वो जो मंडानी या जो भी उसका नाम है।

न्यूयार्क वाला सोचता है कि मर्दों का महिलाओं के खेलों में खेलना बहुत अच्छा है। ट्रम्प का यह बयान जोहरान ममदानी के ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर रुख पर तंज था। असल में ममदानी ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों का समर्थन करते हैं। यानी अगर कोई व्यक्ति जन्म से पुरुष है लेकिन खुद को महिला मानता है (ट्रांसजेंडर वुमन) तो



- ट्रम्प का यह बयान जोहरान ममदानी के ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर रुख पर तंज था

उसे महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति होनी चाहिए। ट्रम्प ने ममदानी को फिर से कम्युनिस्ट कहा। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क का रिजल्ट दिखाता है कि अब अमेरिकियों के सामने कम्युनिज्म और कामन सेंस के बीच चुनाव करना है। ट्रम्प बोले कि अगर आप देखना चाहते हैं कि संसद में बैठे डेमोक्रेट्स अमेरिका के साथ क्या करना चाहते हैं, तो बस न्यूयॉर्क के चुनाव नतीजे को देख लीजिए। जहां उनकी पार्टी ने देश के सबसे बड़े शहर में एक कम्युनिस्ट को मेयर बना दिया। न्यूयार्क के नए मेयर बने जोहरान ममदानी का उमर खालिद की डायरी पढ़ने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो 2023 में हुए 'हाउडी डेमोक्रेसी' इवेंट का है। ममदानी मंच से कहते हैं कि मैं उमर खालिद का लिखी एक चिट्ठी पढ़ने जा रहा हूं। वे जेएनयू के पूर्व छात्र और एक्टिविस्ट हैं, जिन्होंने भीड़ हिंसा और नफरत के खिलाफ कैंपेन चलाया था। वे अब तक 1000 दिनों से ज्यादा वक्त से जेल में हैं। उन पर यूएपीए कानून के तहत मामला चल रहा है, लेकिन अब तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ। उनकी जमानत कई बार खारिज की जा चुकी है और उन पर एक बार जानलेवा हमला भी हो चुका है। यह कार्यक्रम भारत में लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की हालत पर केंद्रित था और मोदी के वाशिंगटन डीसी दौरे से कुछ दिन पहले हुआ था। ममदानी इस कार्यक्रम के बाद विवादों में आ गए थे।

# तालिबानियों की एक कप चाय महंगी पड़ी: पाकिस्तान

- डिप्टी पीएम ने कहा: आतंकियों से दोस्ती का खामियाजा भुगत रहे, इमरान इसके जिम्मेदार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के डिप्टी प्राइम मिनिस्टर और विदेश मंत्री इशाक डार ने तालिबान से दोस्ती को देश के लिए महंगा बताया। उन्होंने अफगानिस्तान से जुड़े आतंकवाद के लिए पूर्व पीएम इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया। डार ने संसद में 2021 के एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब तत्कालीन आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद काबुल गए थे। वहां चाय पीते हुए उन्होंने कहा था कि सब ठीक हो जाएगा।

डार ने कहा कि अफगानिस्तान की उस एक कप चाय की आज तक देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। डार ने इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार ने तालिबान के सत्ता में आने के बाद बार्डर खोल दीं। इससे आतंकी वापस लौट आए। पाकिस्तानी-तालिबान, फित्ना अल-ख्वारिज और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी जैसे ग्रुप अफगानिस्तान से हमले कर रहे हैं। डार ने कहा जब हम वहां जाते हैं तो वे कहते हैं कि हम एक कप चाय के लिए आए हैं। अल्लाह सबकी मुश्किलें कम करे, लेकिन उस कप चाय की कीमत हमें सबसे ज्यादा चुकानी पड़ी है। डार ने कहा-उस चाय के प्याले ने पूरी सीमा फिर से खोल दी। 35-40 हजार तालिबानी जो यहां से भाग गए थे, फिर से वापस आ गए। इमरान सरकार ने उन आतंकियों को रिहा कर दिया जिन्होंने स्वात में पाकिस्तानी झंडे जलाए थे, लोगों को बेरहमी से मारा था।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108